दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

6 | अभिव्यक्ति 2 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, शनिवार, 15 नवंबर, 2025, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष दसमी, विक्रम संवत-2082 वर्ष-10 अंक-205 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रूपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

घाटशिला उपचुनाव के जीत का जश्न जेएमएम ने आतिशबाजी और मिठाई बांट कर मनाई

नवप्रदेश, गुमलाः घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की प्रचण्ड जीत की खुशी के झारखंड में मोर्चा गुमला जिला समिति ने विधायक भूषण तिर्की के नेतृत्व में शहर के टावर चौक में जमकर आतिशबाजी की एवं लोगों का मुंह मीठा कराया झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता काफी जोश में दिखाई दे रहे थे और शिबू सोरेन अमर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद गुमला विधायक भूषण तिर्की जिंदाबाद किनारे लगाए इस अवसर पर विधायक भूषण तिर्की जी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत जनता की जीत है माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ही झारखंड को शही दिशा में लेकर चल रहे हैं सरकार द्वारा चलाए जा रहे अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे मैया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना , 200 यूनिट बिजली फ्री से लोगो को सीधा लाभ मिल रहा है। निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य झामुमो कलीम अख्तर ने कहा कि यह जीत झारखंड के जनता की जीत है हमारी सरकार सभी जाति धर्म वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है इससे लोगों में हमारे सरकार पर लोगों का विश्वास और प्रखर हुआ है मौके पर रंजीत सिंह आरिफ अंसारी मोहम्मद लड्डुन, मो साजिद, संजय सिंह नुरुल हुदा कृष्ण उरांव शिकुंदा लकड़ा मनोज तिर्की जेम्स तिर्की अनवर खान गयास अली नेयाज अली इरफान अली रिचर्ड तिर्की कृष्णा लोहारा मोहम्मद मेराज मोहम्मद खलील मुख्तार कुरैशी फिरोज अंसारी आदि भारी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता महिला पुरुष शामिल थे

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में जदयू की ऐतिहासिक जीतः झारखंड इकाई की बधाई

नवप्रदेश, रांची : जनता दल (यूनाइटेड) झारखंड इकाई ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में जदयू की ऐतिहासिक विजय पर बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया। पार्टी ने इसे विकास और सुशासन की जीत बताया और कहा कि बिहार का यह मॉडल झारखंड में भी लागू किया जाएगा। पार्टी के सभी सदस्यों में इस सफलता को लेकर गहरी खुशी और उत्साह का माहौल है।

खीरू महतो (प्रदेश अध्यक्ष) ने कहाः बिहार में जदयू की ऐतिहासिक जीत यह संदेश देती है कि जनता विकास और सुशासन को प्राथमिकता देती है। यह हमारी पार्टी की मेहनत और संगठन की शक्ति का परिणाम है। झारखंड में भी हम इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता के विश्वास को बनाए रखेंगे। पार्टी के भीतर खुशी और उत्साह हमें आगामी चुनावों में और प्रेरित करेगा।

धर्मेंद्र तिवारी (वरिष्ठ नेता, जदयू झारखंड) ने कहाः बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व चाहिए। यह जीत जनता के विश्वास और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। बिहार की दिशा झारखंड के लिए भी प्रेरणादायक है। हम बिहार के सफल मॉडल को झारखंड में भी दोहराएंगे। पार्टी के कार्यकताओं और सदस्यों में खुशी का यह माहौल हमारे लिए उत्साहजनक है।

सौमेन दत्ता (प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता) ने कहाः बिहार की जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि जनता के बदलते दृष्टिकोण का प्रतीक है। जनता अब पारदर्शिता, काम और स्थिरता चाहती है। इस जीत से पार्टी में जो खुशी और उमंग का माहौल है, वह हमें झारखंड में भी बिहार की सफलता दोहराने के लिए प्रेरित करता है।

सागर कुमार (प्रदेश प्रवक्ता) ने कहाः बिहार में विकास पर आधारित राजनीति को जनता का समर्थन मिला। झारखंड में भी जनता विकास केंद्रित राजनीति चाहती है। पार्टी के सदस्यों में उत्साह और प्रसन्नता का यह माहौल हमें और प्रेरित कर रहा है।

उपस्थित प्रमुख नेताः खीरू महतो,धर्मेंद्र तिवारी, अफताब जमील, सौमेन दत्ता, सागर कुमार, आशीष शीतल मुंडा, भगवान सिंह, अशोक शर्मा, मीर अशरार अखिलेश राय, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, महेश्वर चौधरी व अन्य उपस्थित थे। जदयू झारखंड इकाई ने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक सफलता विकास, पारदर्शिता और जनता के भरोसे की जीत है। पार्टी के सभी सदस्यों में खुशी और उत्साह का यह माहौल प्रेरणादायक है। झारखंड में भी इसी राजनीति को मजबूत किया जाएगा और बिहार मॉडल को सफलतापूर्वक दोहराया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

झामुमो नगड़ी प्रखंड समिति का गठन, सुरेश महतो बने अध्यक्ष



नवप्रदेश, पिस्का नगड़ीः झारखंड मुक्ति मोर्चा नगडी प्रखंड समिति का गठन कर लिया गया है। समिति में सुरेश महतो को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अन्य पदधारियों में बिन्दे मुंडा,जिकरूल्लाह अंसारी,संगीता टोपनो,धुचू तिर्की, राजेन्द्र महतो और पूजा देवी उपाध्यक्ष,सुनील तिर्की सचिव,राजेश महतो, स्वेता गाडी और श्रवण नायक सह सचिव तथा नसीम अंसारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

श्री राम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बिरसा मुंडा जयंती व झारखंड स्थापना दिवस का भव्य आयोजन सम्पन्न

पिस्का नगड़ीः प्रखंड के प्रेम नगर स्थित श्री राम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती तथा झारखंड स्थापना दिवस का रजत जयंती पर भव्य आयोजन उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। झारखंड राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के प्रति शश्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा आयोजित सांस्कृतिक समारोह में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव, प्राचार्य, डीन तथा सभी व्याख्यातागण द्वारा दीप प्रज्वलन एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने झारखंडी पारंपरिक नृत्य, नागपुरी गीत-संगीत, बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित भाषण एवं उनकी वीरगाथा को दशार्ती नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम को जीवंत और ऊजार्वान बना दिया। अपने संबोधन में सचिव विकास सिन्हा ने कहा कि बिरसा मुंडा संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं। झारखंड स्थापना दिवस हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता के महत्व का संदेश देता है। प्राचार्य डॉ. आनंद मोय ने कहा कि बिरसा मुंडा के विचार और आदर्श आज भी प्रेरणा-स्रोत हैं। कालेज के डीन सुरजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता में सभी का सहयोग अनुकरणीय रहा और यही सामूहिकता संस्थान की वास्तविक शक्ति है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रशिक्षु छात्र निभा भगत एवं अमृत कुजूर ने कुशलतापूर्वक किया। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा।

ऑक्सब्रिज स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

नवप्रदेश, मांडरः ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन स्कूल के सभी छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा किया। पंडित नेहरू की जीवनी और देश की आजादी के आंदोलन पर उनके भागीदारी पर प्रकाश डाला गया एवं बच्चों के प्रति चाचा नेहरू के प्रेम को बाल दिवस के रूप में मनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई ।

संक्षिप्त खबरें

संत माईकल (+2) स्कूल मुरी में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



नवप्रदेश, सिल्लीः संत माईकल (+2) स्कूल मुरी में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जैसे फैंशी फैंसी ड्रेस , ड्रॉइंग एंड पेंटिंग , पॉट पेंटिंग एंड डेकोरेशन , बोटल ब्यूटी आर्ट , क्ले आर्ट , हिंदी हैंडराइटिंग , स्लाद मेकिंग , कुकिंग इत्यादि । इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के छात्र - छात्राओं ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में चाचा नेहरू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई विद्यालय के निर्देशक तथा प्रधानाचार्य ने बच्चों को चाचा नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बाल दिवस के बारे में जानकारी दी । मौके पर बच्चे विभिन्न किरदारों में उपस्थित हुए । जैसे पं. जवाहर लाल नेहरू , महात्मा गांधी , भारत माता , राधा रानी , देवी माता , कृष्णा , डॉक्टर , क्रिकेटर , प्रिंस , प्रिंसेस , ईशा मसीह , फादर , सरदार , फकीर , दुर्गा माता आदि पोशाक में आए थे । इस रंग-बिरंगे पोशाकों में बच्चे बहुत ही लुभावने लग रहे थे । इस प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडली का भी गठन किया गया था । जिसमें मैडम लवली कुमारी , मनीषा सिंह , वंदना कुमारी , संयुक्त सिंह देव एवं वी वेंकट राव उपस्थित थे । अंत में इस प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर महिला संगठनों के किया कार्यक्रम

नवप्रदेश, सोनाहातू : राज्य स्थापना दिवस के पूर्व प्रखंड के सभी 64 महिला ग्राम संगठनों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें सखी मंडल की महिलाएं सदस्य उत्साहपूर्वक उपस्थिति दर्ज कराए ।कार्यक्रम में महिलाओं के बीच लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, डायन प्रथा उन्मूलन और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पर जागरूकता पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का समापन झारखंड राज्य के 25 साल की गौरवपूर्ण यात्रा को भी याद किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने झारखंड के शहीद भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष और बलिदान को नमन किया तथा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक जागरूकता और सामूहिक शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया ।मौके पर मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार राणा,ललित कुमार,हीरालाल महतो,धनन्जय प्रसाद यादव,लखिन्द्र मुंडा,अजय कुमार,करुणा देवी,पूनम देबी, दीपक कुम्हार आदि मौजूद थे।

लायंस क्लब और शांत पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस मनाया गया



नवप्रदेश, गुमलाः भारत के प्रथम प्रधान मन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरु का जन्मदिन पर पुरे देश में बाल दिवस मनाया जाता .है ।उसी विषय को लेकर आज गुमला लायन्स क्लब भी सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया .है । ईस .अवसर पर लायन्स क्लब के अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ,,जौन चेयरपर्सन सह .स्कूल के संरक्षक लायन्स डॉ शकर लाल जाजोदिया सचिव योगेन्द्र प्रसाद साहु ,लायन्स बनवारी .लाल अग्रवाल लायन्स नेत्री सत्यभामा अग्रवाल स्कूल प्रबंधक लायन्स हेमंत कुमार शिक्षक जसिता बेक अंकिता ककुमारी ., मुस्कान कुमारी ., नोबरट बेक बीणा देबी सुनीता देबी ., खुशबु कुमारी के साथ लगभग चार सौ स्टुडेंट उपस्थित थे बच्चो ने भी अपने बिचार ब्यक्त किए ।लायन्स अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने विस्तार से पंडित जवाहर लाल नेहरु के सम्बन्ध में अपने बिचार ब्यक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अहम भुमिका निभाई । लायन्स शकर लालजाजोदिया ने लायन्स क्लब के कार्यो के सम्बन्ध में बिस्तार से प्रकाश डाला । सचिव योगेन्द्र प्रसाद साहु ने अपने सम्बोधन में कहा कि आयोजित कार्यक्रम का उदेश्य बच्चों में अच्छे बिचार पैदा करना है । और इस सहयोग के लिए स्कूल के संरक्षक प्राचार्य शिक्षक और .बच्चौ ने सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाए ।सभी के प्रति ह्रदय से लायन्स क्लब घन्यावाद ब्यक्त करता है ।

बिहार में एनडीए की जीत पर संघ कार्यालय में जश्न मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई

नवप्रदेश, गुमलाः बिहार में एनडीए की जीत की खुशी में संघ कार्यालय गुमला में एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई और पटाखे फोड़े गए स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि एनडीए की जीत एनडीए के द्वारा किए गए बिहार में विकास कार्य के अनुरूप हुआ उन्होंने कहा कि विपक्ष ने ठीक से विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई सकारात्मक मुद्दे को छोड़कर नकारात्मक मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए जिसका कोई ठोस आधार नहीं था जिस कारण जनता के बीच अपनी बात उचित ढंग से नहीं रख पाए जिसका नतीजा है आज एनडीए 2010 का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया कार्यालय प्रमुख मुद्रिका जी ने बिहार के सभी विकासवादी सोच के लोगों को बहुत धन्यवाद दिया।

जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

गुमलाः उप विकास आयुक्त, गुमला दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की एक महत्त्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था ।बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप में लाभुकों की पंजीकरण स्थिति, आधार सत्यापन, वजन मापन, गृह भ्रमण रिपोर्ट, तथा सैम/मैम बच्चों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही परियोजना कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका-सहायिका की रिक्तियों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस समारोह 2025 के अवसर पर के ग्राम संगठनो में कार्यक्रम का आयोजन

नवप्रदेश, गुमलाः लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जे०एस०एल०पी०एस०) के द्वारा गुमला जिले के सभी 934 ग्राम संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कार्यक्रम अंतर्गत सभी ग्राम संगठनो में विशेष बैठक का आयोजन किया गया एवं झारखण्ड राज्य के 25 वर्ष में आए उल्लेखनीय परिवर्तन एवं आगे के 05 वर्ष में क्या बदलाव चाहती है उस पर चर्चा की गयी साथ ही सी आई एफ ऋण वापसी , बैंक ऋण वापसी एवं अत्यंत गरीब परिवारों के लिए भी आर एफ और आजीविका सम्बन्धी गतिविधियों में सहयोग करने पर चर्चा की गयी` इसके पश्चात सभी ग्राम संगठन की बैठक में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा लैंगिक समानता , बाल विवाह निषेध , डायन बिसाही निषेध , महिलाओ के विरूद्ध हिंसा निषेध , स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता एवं अपने संगठन में दस सूत्र का पालन सम्बन्धी शपथ ग्रहण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रति ग्राम संगठन तीन सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूहों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडर को पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर सिसई प्रखंड के लकिया पंचायत में राज्य कार्यालय से श्री लखन महतो एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र जारिका द्वारा ग्राम संगठन के सदस्यों को प्रोत्साहित किया गया एवं बेहतर कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों एवं कैडर को सम्मानित किया गया ।इसके अलावा जिला के विभिन्न ग्राम संगठनो में जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

जिला समाहरणालय में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

नवप्रदेश, गुमलाः उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से नागरिक उपस्थित हुए तथा अपनी समस्याओं एवं आवेदन विवरणों को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, म्यूटेशन एवं राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन से संबंधित मामलों, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य लाभुक योजनाओं से संबंधित आवेदन, श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मुद्दे, धोखाधड़ी एवं पारिवारिक विवाद, पैन, राशन कार्ड एवं आधार लिंकिंग संबंधी समस्याएं तथा स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अवरोध एवं सुविधा उपलब्धता संबंधी प्रार्थनापत्र शामिल रहे ।उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया कि सभी प्रकरणों का कानूनी प्रावधानों एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि गंभीर एवं लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों को उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशील रवैया अपनाते हुए आम नागरिकों को समयबद्ध सहायता प्रदान करें, ताकि जन शिकायत निवारण दिवस के उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी और त्वरित समाधान को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके।

कांग्रेसियों ने मनाई देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू

नवप्रदेश संवाददाता

पाह लो



गुमलाः देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 125वीं जयंती गुरुवार को जिले में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। लोहरदगा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर उपस्थित नेताओं ने उनके योगदान, विचारधारा और देश निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने की। उन्होंने कहा कि नेहरू जी सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता, दूरदर्शी नीति-निमार्ता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सबसे बड़े संरक्षक थे। उन्होंने कहा कि

पंडित जवाहरलाल नेहरू गहरे विचारों वाले नेता, मानवता के उपासक और बच्चों के सच्चे मित्र थे। देश के वैज्ञानिक विकास, शिक्षा, उद्यम और संस्थागत ढांचे की मजबूत नींव उन्होंने रखी। आज जब हम उनका जन्म दिवस मना रहे हैं, तब यह आवश्यक है कि उनके आदर्शों धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, समानता और वैज्ञानिक सोच को आत्मसात किया जाए। बच्चों से उनके लगाव के कारण ही यह दिन पूरे देश में ह्यबाल दिवसह्ण के रूप में मनाया जाता है। हमें उनके जीवन, त्याग और विचारों से निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए।

सभा में मौजूद नेताओं ने कहा कि नेहरू जी ने स्वतंत्र भारत को एक मजबूत दिशा दी और दुनिया के सामने भारत को शांति, प्रगति और लोकतंत्र के मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की आवाज को बुलंद करने वाले प्रथम नेता थे। शिक्षा, अनुसंधान, बड़े उद्योगों और संस्थानों की स्थापना में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, रोहित उरांव, रफी अली, जय सिंह, रूपेश कुमार, ब्रजकिशोर उरांव, रमेश उरांव, मंसूर खान, जोय कुजूर, हर्ष राज एक्का समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसमें सभी कार्यकताओं ने देश की एकता, सौहार्द और प्रगति

E-Tender Notice

e-Procurement Notice

Note : (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

fssai

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रांची, शनिवार, 15 नवंबर, 2025, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष दसमी, विक्रम संवत-2082 वर्ष-10 अंक-205 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

किसी भी जीवन में आपका एकमात्र दायित्व स्वयं के प्रति सच्चा होना है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:00 प्रातः
अस्त : 05:11 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	25.0	13.0
जमशेदपुर	28.0	14.0
हजारीबाग	22.0	11.0
डालटनगंज	26.0	10.0

संक्षिप्त खबरें

निवेशकों को आकर्षित करने में चंद्रबाबू नायडू सबसे आगेः उपराष्ट्रपति

विशाखापट्टनमः उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन (सीपी) ने कहा कि आंध्र प्रदेश एक व्यापार अनुकूल राज्य के रूप में उभरा है। राज्य में शांतिपूर्ण माहौल है। केंद्र सरकार देश में गरीबी कम करने के लिए कई कदम उठा रही है। केंद्र ने श्रम कानूनों और करों में कई सुधार किए हैं। उपराष्ट्रपति शुक्रवार को विशाखापट्टनम में आयोजित सीआईआई पार्टनरशिप समिट (सीआईआई) को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मोदी के शासन में देश 11 वर्षों से आगे बढ़ रहा है। सही समय पर सही विचार ही सफलता की नींव है।

दिल्ली आतंकी हमले के ऑनलाइन समर्थन पर असम में 20 गिरफ्तार

गुवाहाटीः दिल्ली आतंकी हमले के आरोपितों के पक्ष में सोशल मीडिया पर समर्थन जताने वालों के खिलाफ असम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी के बाद कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया के जरिए शुक्रवार को कहा कि ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और खोज अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार, जिन व्यक्तियों को पकड़ा गया है, वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हमले में शामिल आतंकियों के समर्थन में पोस्ट और प्रतिक्रियाएं साझा कर रहे थे।

झारखंड का 25 वर्ष : सुनहरी उम्मीदों के साथ आगे बढता हुआ राज्य

रांचीः झारखंड अपने स्थापना का 25 वर्ष 15 नवंबर को पूरा करने जा रहा है। झारखंड सुनहरी उम्मीदों के साथ तेजी से आगे बढ रहा है। तमाम राजनीति उथल-पुथल के बीच झारखंड विकास की राह पर आगे बढ रहा है। शहरी क्षेत्र के साथ राज्य के ग्रामीण इलाकों में विकास की किरणें पहुंच रही हैं। झारखंड का शुरूआती दौर की बात करें शुरू के 15 वर्ष का कालखंड भारी राजनीति उथल-पुथल वाला रहा। राज्य के लोगों ने 14 साल के भीतर ही 10 मुख्यमंत्रियों को बदलते हुए देखा। लेकिन वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री रघुवर दास की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। इसके बाद राज्य का विकास पटरी पर लौटा। हालांकि राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली सरकार ने झारखंड के विकास की बेहर रूपरेखा खींची थी, लेकिन बाबूलाल की सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी और राजनीति षडयंत्र का शिकार हो गई। इधर, पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की ओर से किए गए कार्यों के साथ पिछले छह साल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडी गंठबंधन की सरकार भी सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रयत्नशील है। हेमंत सरकार का सबसे अधिक जोर ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को आर्थिक रूप से सुदृढ करने पर है। राज्य सरकार झारखंड के आधारभूत संरचना के विकास पर भी ध्यान दे रही है।

राजधानी रांची में केंद्र सरकार के सहयोग से तीन फ्लाईओवर का निर्माण का कार्य पूरा किया गया। इससे रांची के लोगों को भारी जाम की समस्या से मुक्ति मिली। रांची में हरमू बाईपास सहित कुछ अन्य फ्लाईओवर का निर्माण कार्य भी प्रस्ताि्वत हैं। साथ ही केंद्र सरकार के सहयोग से रांची सहित कई स्टेशनों के विकास और विभिन्न ट्रेन लाइन के दोहरीकरण से राज्य में रेल सेवा मजबूत हुई है। इसी तरह राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में फ्लाईओवर, आरओबी, बाईपास सहित अन्य सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा सरकार की ओर से रांची के अलावा राज्य में देवघर और बोकारो शहर भी देश के हवाई मार्ग से जुड गया। इससे राज्य के व्यवसायियों के अलावा आम लोगों को भी हवाई मार्ग से आने-जाने में मदद मिल रही है।

बिहार चुनाव में एनडीए का ऐतिहासिक प्रदर्शन

निरंकार भाष्कर, नवप्रदेश

पटनाः बिहार में एनडीए की आंधी में महागठबंधन हांफता नजर आ रहा है। बिहार चुनाव के नतीजे एनडीए के पक्ष में जाते दिख रहे हैं। बिहार की 243 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। बिहार चुनाव रिजल्ट के रुझानों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिल चुका है। रुझानों में एनडीए को 200 से अधिक सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि महागठबंधन 35 सीटों के आसपास है। एनडीए में सबसे ज्यादा कमाल बीजेपी कर रही है। रूझानों में बीजेपी को 90 सीटे मिलती दिख रही हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी का यह अब तक सबसे बड़ा और ऐतिहासिक प्रदर्शन है। 2020 के चुनाव में बीजेपी सीटों की संख्या के हिसाब से दूसरे नंबर पर थी। इस बार वो सबको पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर दिख रही है।

साल 2005 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने मिलकर चुनाव लड़ा। इस दौरान जेडीयू को 88 सीटें मिली। वहीं बीजेपी ने भी 55 सीटें अपने नाम कर लीं। इस चुनाव में बीजेपी ने 102 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। बीजेपी को 36 लाख 86 हजार 720 (15.65 फीसदी) वोट प्राप्त हुए। दूसरी तरफ, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को 54 सीटें हासिल हुईं, लेकिन कांग्रेस 9 सीटों तक सिमट गई। कांग्रेस और आरजेडी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। बहुमत का आंकड़ा एनडीए के पक्ष में गया था।

साल 2010 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी और जेडीयू साथ-साथ चुनावी मैदान में उतरे थे। वहीं, कांग्रेस और आरजेडी ने मिलकर चुनाव लड़ा। इस बार के चुनाव में जेडीयू 115 और बीजेपी को 91 सीटें मिली थी। इस चुनाव में बीजेपी ने 102 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। बीजेपी को 47 लाख 90 हजार 436 (16.49 फीसदी) वोट हासिल हुए। वहीं कांग्रेस को 4 और आरजेडी को 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा। कुल मिलाकर लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी का ग्राफ लगातार गिरता चला गया।

साल 2015 में बिहार विधानसभा की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। नीतीश की पार्टी जेडीयू ने लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी से हाथ मिला लिया। इस दौरान लालू और नीतीश कुमार की पार्टी ने मिलकर चुनाव लड़ा। साल 2015 में जेडीयू को 71 सीटें मिली। वहीं बीजेपी को 53 सीटों पर संतोष करना पड़ा। बीजेपी ने 157 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में बीजेपी की सीट भले कम हुई लेकिन उसका वोट शेयर 16.49 से बढ़कर 24.42 फीसदी हो गया। आरजेडी को 80 और कांग्रेस को 19 सीटें मिलीं। आरजेडी इस बार एक बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

नीतीश कुमार राज्य के सीएम बने और लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम बन गए। लेकिन हालात कुछ ऐसे बदले कि मझधार में ही नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। ऐसे में आरजेडी के तेजस्वी यादव का डिप्टी सीएम पद भी चला गया। इस बार फिर से नीतीश कुमार बीजेपी के सपोर्ट से सीएम बन गए और राज्य में एनडीए की सत्ता आ गई।

2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए का घटक दल चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अलग हो गई। राज्य में बीजेपी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा। वहीं, चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अलग चुनाव लड़ा। इधर आरजेडी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में चिराग पासवान तो कुछ खास नहीं कर पाए लेकिन नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को तगड़ा झटका दिया।

जेडीयू को कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। जेडीयू ने 143 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे और सिर्फ 43 सीटों पर जीत का स्वाद चखा। बीजेपी का वोट शेयर गिरकर 19.46 फीसदी पर आ गया लेकिन उसकी सीटें 53 से बढ़कर 74 हो गई। वहीं चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने 135 सीटों पर प्रत्याशी उतारे और जीत सिर्फ एक सीट पर मिली। हालांकि, उसने 5 प्रतिशत से ज्यादा वोटों पर कब्जा कर लिया। इधर लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी को 75 सीटों पर जीत मिली और कांग्रेस को 19 सीटों पर संतोष करना पड़ा।

2025 के चुनाव में भाजपानीत एनडीए ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। बीजेपी और जेडीयू 101-101 सीट पर चुनाव लड़े। चुनाव रूझान के मुताबिक बीजेपी 93 सीटों पर जीत दर्ज करती दिख रही है। वहीं उसके वोट शेयर में सुधार हुआ है। एनडीए में शामिल जेडीयू 83, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) 19 हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) 5 और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा 4 सीटों पर विजयी होते दिख रहे हैं।

बच्चों के बजट को बढाकर सरकार करेगी 18 हजार करोड : वित्त मंत्री

पूर्वी सिंहभूमः स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन की ओर से आयोजित चतुर्थ बाल मेला का शुक्रवार को भव्य रूप से शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल बजट को 9000 करोड़ से बढ़ाकर 18000 करोड़ रुपये करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी समाज की नींव उसका बचपन है और यदि बचपन कमजोर होगा तो आगे की पीढ़ियां भी कमजोर होंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों में कुपोषण अब भी 40 से 59 प्रतिशत तक है, जबकि 35 से 59 वर्ष की महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं। उन्होंने सामाजिक संगठनों से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने राज्य के बैंकों और उद्योग समूहों से सीएसआर फंड को बच्चों और महिलाओं की बेहतरी पर उपयोग करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीबी सुंदरारामम ने कहा कि दो वर्ष के बच्चों को मोबाइल देना उनकी मानसिक और शारीरिक विकास प्रक्रिया के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताने और उन्हें खेल-कूद से जोड़ने की सलाह दी।

वर्तमान तथा आने वाली पीढ़ी के बच्चे-बच्चियां एवं युवाओं के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बाल दिवस के अवसर पर यूनिसेफ के पूर्व बाल पत्रकारों एवं युवाओं से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपनी ओर से उन्हें बाल दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उपस्थित यूनिसेफ के पूर्व बाल पत्रकारों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज से 25 वर्ष पहले झारखंड ने एक राज्य के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी, उसी वर्ष आज के कई युवा अपने बचपन के पहले कदम रख रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्तमान तथा आने वाली पीढ़ी के बच्चों के समग्र विकास हेतु कई अलग-अलग योजनाओं का संचालन कर रही है जिससे उनको बेहतर दिशा दी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चे-बच्चियां तथा युवा वर्ग ही राज्य एवं देश के भविष्य हैं, इन्हें हर रूप से मजबूत बनाकर ही एक समृद्ध और विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकती है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल के साथ-साथ कॉलेज में उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने निमित्त कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन कर रही है। अलग-अलग प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ देकर विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से मदद पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चे-बच्चियों को शिक्षा ग्रहण करने में सबसे बड़ी बाधा गरीबी रहा है। आज से कुछ वर्ष पहले तक गरीब-जरूरतमंद परिवार के बच्चे शिक्षा नहीं ले पा रहे थे परंतु हमारी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में एक सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है जहां बच्चों के विकास की राह में गरीबी बाधा न बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 80 सरकारी विद्यालयों को सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड किया गया है जहां निजी विद्यालयों के तर्ज पर गरीब-जरूरतमंद परिवार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है। आने वाले समय में राज्य में बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों को सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस के रूप में परिवर्तित करने की योजना है ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हमारी युवा पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारे राज्य के विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सेहतमंद बनाने के लिए कई अलग-अलग योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आने वाले समय में राज्य सरकार जरूरत के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से योजनाओं का संचालन करती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित यूनिसेफ के सभी पूर्व बाल पत्रकार एवं युवाओं से कहा कि जिस प्रकार आप सभी लोग सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, उसी प्रकार आपके वैसे साथी जो योजनाओं के लाभ से वंचित हैं उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक वर्ष 10वीं तथा 12वीं के टॉपर्स विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का कार्य करती है। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, मोबाइल सहित सम्मान राशि भी प्रदान करती है। इस अवसर पर सचिव महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग श्री मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

घाटशिला उपचुनाव में झामुमो की रिकॉर्ड जीत

सोमेश चंद्र सोरेन को दी गई विजय प्रमाण पत्र

नवप्रदेश, पूर्वी सिंहभूमः पूर्वी सिंहभूम जिले की घाटशिला विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शानदार जीत दर्ज की है। पार्टी के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को रिकॉर्ड मतों के अंतर से पराजित किया। इस जीत ने घाटशिला के मतदाताओं द्वारा अपने गुरुजी और स्वर्गीय रामदास सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि को भी प्रदर्शित किया, जिनका बेटा सोमेश इस सीट पर अपने पिता के असामयिक निधन के बाद खड़ा हुआ था।

पिछले साल के विधानसभा चुनाव में रामदास सोरेन ने भाजपा के उम्मीदवार को लगभग 22,000 मतों के अंतर से हराया था। इस उपचुनाव में सोमेश चंद्र सोरेन ने अपने पिता के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए जीत का अंतर और बढ़ा दिया।

मतगणना की शुरूआत सर्विस और पोस्टल वोटों की गिनती से हुई। पहले राउंड से ही सोमेश को बढ़त मिलनी शुरू हुई, जो 20वें राउंड तक लगातार बनी रही। तीसरे राउंड तक झामुमो ने 16,110 वोट हासिल किए, जबकि भाजपा के खाते में 8,569 वोट आए। तीसरे राउंड तक झामुमो की बढ़त 7,541 वोट थी।

चौथे से छठे राउंड में झामुमो की बढ़त थोड़ी घटकर 6,217 वोट रह गई, जो घाटशिला के शहरी इलाकों के बूथों (46 से 90) में हुई गिनती का परिणाम था। इन बूथों पर पिछले चुनाव में भाजपा को भारी समर्थन मिला था, लेकिन इस बार झामुमो ने शहर में भी मजबूत सेंध लगाई और पिछले चुनाव की तुलना में 4,844 वोट अधिक हासिल किए।

सातवें राउंड के बाद झामुमो ने पुनः बढ़त बनाई और अंतिम राउंड तक इसे बनाए रखा। इस दौरान, भाजपा के कई काउंटिंग एजेंट मतगणना केंद्र छोड़ चुके थे। झामुमो के कार्यकताओं ने सातवें राउंड से ही आतिशबाजी शुरू कर दी थी और 11वें राउंड तक अपने विजयी प्रत्याशी के लिए फूलों से सजी जीप मतगणना केंद्र के बाहर लाकर जश्न मनाया।

अंततः, चुनाव पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने सोमेश चंद्र सोरेन को विजय प्रमाण पत्र सौंपा। यह प्रमाण पत्र उनकी निर्विरोध और व्यापक जीत का आधिकारिक दस्तावेज है।

इस जीत के साथ ही झामुमो ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ और मजबूत कर दी है, जबकि भाजपा कार्यकताओं में गहरी निराशा व्याप्त है। पार्टी नेताओं ने माना कि स्थानीय संगठन और कार्यकताओं की मेहनत, रणनीतिक योजना और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में मतदाताओं के समर्थन ने इस शानदार परिणाम को संभव बनाया।

माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

उपायुक्त ऋतुराज ने माहवारी स्वच्छता को लेकर छह माह में जिला स्तर पर योजना बनाने के दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को किया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि महावारी स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर कमेटी गठित कर छह माह की कार्ययोजना तैयार की जाए। उच्च और उच्चतर विद्यालयों में विशेष महावारी स्वच्छता कक्ष बनाए जाने का भी आदेश दिया गया। कार्यशाला में राज्य टल्ल्ट परामर्शी श्रेया त्रिपाठी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, वठक्ऊएऋ और सहयोगी संस्था छएअऊ के माध्यम से जिला कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी। पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि विभाग अन्य विभागों के साथ समन्वय कर इस पहल को प्रभावी रूप से लागू करेगा। कार्यशाला में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, रइट- ऋ जिला समन्वयक, महिला सुपरवाइजर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मास्टर जलसाहिया और वठक्ऊएऋ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रुप वर्क के माध्यम से माहवारी स्वच्छता के महत्व, प्रबंधन और प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी विभागों को सहयोग सुनिश्चित करने और माहवारी स्वच्छता फ्रेंडली जिला बनाने पर जोर दिया। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सभी विभागों के सहयोग से योजना को सफल बनाना है।

बिहार में एनडीए की पूर्ण बहुमत मिलने पर चंदवारा में भाजपाईयो ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर जश्न मनाया

नव प्रदेश संवाददाता

चंदवारा। बिहार चुनाव में ठऊअ की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा चंदवारा मंडल के सभी पदाधिकारी ने केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दिया है। यह जीत कार्यकताओं की जीत है विशेष तौर से योगी मोदी एवं अमित शाह नीतीश कुमार चिराग पासवान के सघन प्रयास की जीत है। चंदवारा मंडल के सारे पदाधिकारी कार्यकताओं और समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई बांटकर आपस में एक दूसरे को बधाई दी एवं खुशीया मनाया है। बधाई देने वालों में भाजपा चंदवारा मंडल के मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, महामंत्री नंदकिशोर सोनी, मंत्री मुन्ना कुमार बर्नवाल, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार बरनवाल, पसंस प्रतिनिधि बाल गोविंद सोनी, कुलदीप सोनी, संतोष सोनी, उमेश सोनी, मुरली मोदी, नवीन पांडे, राजू यादव, रामावतार यादव, लालदेव शाह, वासुदेव साव, सुरेश साहू, महावीर साहू, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, विजय मोदी धनंजय सिंह ,राजेंद्र सोनी, सहित सैकड़ों भाजपा में कार्यकर्ता मौजूद थे।

लोक नायक जयप्रकाश आँख अस्पताल सफलता की नयी राह पर

कैलेंडर वर्ष 2025 में लगभग 13,000 मरीजों का सफल नेत्र ऑपरेशन

चौपारण। प्रखंड के बहेरा आश्रम स्थित नव भारत जाग्रति केंद्र द्वारा संचालित लोक नायक जयप्रकाश आँख अस्पताल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। अस्पताल के सर्जन डॉ. उमेश कुमार, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. धीरज कुमार विक्रांत, डॉ. बरुन गर्ग एवं डॉ. विशाखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में प्रतिदिन मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। कैलेंडर वर्ष 2025 में लगभग 13,000 मरीजों का सफल नेत्र ऑपरेशन किया जा चुका है। इनमें लगभग 44 नौनिहालों की आँखों का सफल ऑपरेशन डॉ. आलोक एवं डॉ. सुप्रभात किरण की देखरेख में किया गया जो अस्पताल की उल्लेखनीय उपलब्धि है। अस्पताल द्वारा प्रतिदिन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते हैं, जहाँ लोगों की आँखों की निःशुल्क जाँच की जाती है। कैंप से चिन्हित मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को अस्पताल लाना, ऑपरेशन कराना, भोजन, दवा और सुरक्षित वापस भेजना यही नहीं इसकी सुविधाएँ पूरी तरह निःशुल्क हैं। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड एवं झारखंड सरकार की राज्य स्वास्थ्य कर्मी बीमा योजना के लाभुकों का इलाज भी निःशुल्क किया जाता है। साथ ही अस्पताल के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल संस्थान के विद्यार्थी राज्य के विभिन्न हिस्सों में अपनी सेवाएँ देकर संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। 13 नवंबर को अस्पताल में 11 नौनिहालों की आँखों का सफल ऑपरेशन किया गया और बाल दिवस के अवसर पर उन्हें नई रोशनी प्रदान की गई। इस मौके पर संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर दिन को और भी विशेष बना दिया। अस्पताल प्रबंधक संतोष कुमार पूरी ने बताया कि आने वाले समय में अस्पताल में आधुनिक वेट लैब की शुरूआत की जाएगी, जहाँ सर्जनों को बकरे की आँख पर मोतियाबिंद ऑपरेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवा भी शुरू की जाएगी।

बाल दिवस पर उपायुक्त ऋतुराज ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। बाल दिवस के अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के बीच स्वेटर, मिठाई, फल तथा अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। उपायुक्त ऋतुराज ने सभी से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के प्रति संवेदनशील रहने तथा उन्हें सुरक्षित, स्नेहपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने की बात कही। बच्चों में उत्साह भरने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों की खुशियों और उनके समग्र विकास को समर्पित रहा। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेखा रानी, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जप्त

अवैध उत्खनन पर रहेगी कड़ी नजर, होंगी सख्त कार्रवाई– संजय यादव

चौपारण। प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को चौपारण के सीओ संजय यादव ने गश्ती के दौरान चतरा रोड से एक ट्रैक्टर जब्त किया। बताया गया कि ट्रैक्टर बिना कागजात और अनुमति के बालू ढो रहा था। पकड़ने के बाद वाहन को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है।सीओ ने बताया कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसको देखते हुए विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए वाहन मालिक के खिलाफ खनन नियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रखंड क्षेत्र में अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सीओ ने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अवैध उत्खनन की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासनिक कदम से अवैध उत्खनन पर लगाम की उम्मीद जताई जा रही है।

झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नेहरू जयंती पर बाल दिवस उत्सव, प्रशिक्षुओं ने दी श्रद्धांजलि

नव प्रदेश संवाददाता

झुमरीतिलैया। झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. सुरभि कुमारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत पं. नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर हुई। प्रो. सुरभि कुमारी ने नेहरू को आधुनिक भारत का निमार्ता बताते हुए कहा कि वे जुझारू, कर्तव्यनिष्ठ और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व थे, जिनका बच्चों के प्रति प्रेम ही बाल दिवस मनाने का आधार बना। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नेहरू के आदर्शों और शिक्षा के महत्व को जीवन में उतारने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशि भूषण मिश्रा, प्रो. विनीता कुमारी, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सूरज कुमार, प्रो. अश्विनी मिश्रा, प्रो. सविता कुमारी, पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रधान लिपिक नीतू कुमारी, रीना कुमारी, लेखापाल विक्रम सिन्हा, दुर्गा पंडित, दिलीप बिन्द, रिजवान खान, मनोरमा देवी, शाहनाज खातून, सुनैना देवी सहित बी.एड एवं डी.एल.एड. के अध्ययनरत प्रशिक्षु उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की और बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

राज इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। राज इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर चाचा नेहरू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। फैंसी ड्रेस, स्कीट, कविता, न्यूज हेडलाइंस, क्विज और भाषण सहित कई गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। असेंबली का संचालन शिक्षकों ने किया, जिसमें उजाला सिंह विधानसभा प्रभारी रहीं और विभिन्न शिक्षकों को अलग- अलग जिम्मेदारियाँ मिलीं। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नाटक और गीत कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, वहीं कुशल सर ने संगीत वाद्ययंत्र से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य राहुल घोष ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों की आरती, तिलक, केक-कटिंग और उपहार वितरण किया गया। शिक्षक बनाम छात्रों के बीच रोचक खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित हुईं। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे।

बारातियों को रौंदने वाली ओमनी वैन का चालक फरार, गिरफ्तारी की मांग पर थाने में हंगामा

नवप्रदेश संवाददाता

चौपारण । प्रखंड के चतरा मोड़ स्थित हाई स्कूल के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बारातियों की खुशियां मातम में बदल गईं। तेज रफ्तार ओमनी वैन ने सड़क किनारे खड़े बारातियों को रौंद दिया, जिसमें दबगर टोला निवासी सिंटू दास (24) सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स भेजा गया, जहां सिंटू दास की इलाज के दौरान मौत हो गई। शेष चार घायलों का उपचार जारी है।दुर्घटना के बाद वैन चालक वाहन सहित फरार हो गया, लेकिन तेज रफ्तार के कारण केंदुआ मोड़ के पास वाहन एक पेड़ से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन को जब्त कर थाना ले आए। चालक फरार है और उसकी तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। पोस्टमार्टम के बाद पहुचे परिजनों फरार चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।गुरुवार रात रांची से पोस्टमार्टम के बाद शव चौपारण थाना लाया गया, जहां शोकाकुल परिजनों ने आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध जताया। इसी दौरान पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला भी थाने पहुंचे। परिजनों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपा, जिसके बाद उन्होंने जल्द कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। लेकिन शुक्रवार सुबह स्थिति फिर तनावपूर्ण हो गई। परिजन दोबारा थाना पहुंचकर गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला भी थाने पहुंचे। थाना प्रभारी ने परिजनों से 24 घंटे का समय मांगा और शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिया। पूर्व विधायक की चेतावनी–गिरफ्तारी नहीं हुई तो थाना में अनशन पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में गिरफ्तारी नहीं होने पर वे जन-जुलूस निकालकर थाना परिसर में अनशन पर बैठेंगे। आश्वासन मिलने के बाद परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए घर लौटे।पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे,जहां उन्होंने अंतिम संस्कार की तैयारी में सहयोग किया और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वही इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह ने कहाँ दोषियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी हो रही जल्द गिरफ्तारी होंगी।

ऑक्सफोर्ड अकादमी महथाडीह में चाचा नेहरू की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

नवप्रदेश/चंदवारा। प्रखंड के महथाडीह चौक स्थित ऑक्सफोर्ड अकादमी में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य रोहित कुमार रजक एवं अविनाश पांडे ने नेहरू जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। अनिकेत सिंह ने बच्चों को बाल दिवस का महत्व समझाते हुए बताया कि नेहरू जी बच्चों से अत्यधिक स्नेह रखते थे और उनके अनुसार बच्चे ही देश के भविष्य के निमार्ता हैं, इसी कारण उन्हें चाचा नेहरू कहा जाता है। कार्यक्रम में बच्चों ने लोक नृत्य, गीत, संगीत और भाषण की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर यूनिफॉर्म अनुशासन का पालन करने वाले छात्रों को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राहुल कुमार रजक, खुशी कुमारी, संगीता राणा, जन्नत प्रवीण, वृष्टि पांडे, नेहा भारती और बैजनाथ रजक समेत अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एक नजर

झुमरी तिलैया में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर जबरदस्त जश्न

नव प्रदेश/कोडरमा। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद कोडरमा में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। झुमरी तिलैया के झंडा चौक पर कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने जोरदार उत्सव मनाया। पटाखों की गूंज और रंगीन आतिशबाजी ने पूरे क्षेत्र को रोशन कर दिया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर खुशी साझा की। भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि यह जीत विकास और सुशासन में जनता के विश्वास की विजय है। शाम तक चले जश्न में कार्यकर्ताओं ने नृत्य किया और देशभक्ति व एनडीए समर्थन के नारे लगाए। कार्यक्रम कार्यक्रम में रवि मोदी, नीतीश चन्द्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, देवनारायण मोदी, गोपाल कुमार गुतूल, जूही दास गुप्ता, शिवेंद्र नारायण, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, दिनेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष मोदी, डॉ नरेश पण्डित, रमेश हर्षधर, माणिक चन्द सेठ, सुनील बढ़गावे,लोजपा जिला अध्यक्ष सचिदानंद गांधी, कार्यालय मंत्री हरी पण्डित, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, राज किशोर प्रसाद, विजय राम, बैजनाथ यादव, बीएनपी वर्णवाल, राजेश गुप्ता, सतीश कुमार, सुधीर सेठ, अजय पांडेय, द्वारिका राणा, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, इंद्रदेव मोदी, राजेन्द्र सिंह, उत्तम कुमार, संजय पासवान, विनोद सिन्हा, महादेव दास, महेश राम, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, रतन लाल चौधरी, सुखदेव पंडित, मुंशी यादव, नवीन जैन, मधुसूदन सिंह, पीयूष सहल, विजय शुक्ला, राकेश शर्मा, अंकित कुमार,ओम प्रकाश दास, अरविंद मोदी, निरंजन कसेरा, शंकर मोदी, राजीव तिवारी, सुनील सिंह, बलराम कुमार, तेजो यादव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

विवेकानंद कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर संगोष्ठी, खेलकूद और सम्मान समारोह

नव प्रदेश/कोडरमा। चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संगोष्ठी से हुई, जिसमें बच्चों को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति स्नेह और बाल अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद कबड्डी, खो-खो, रनिंग सहित कई खेल- कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। निदेशक अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे नैतिक और सामाजिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, जिसका समाज पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक और नैतिक शिक्षा ही बच्चों को संपूर्ण व्यक्तित्व प्रदान कर सकती है। कक्षावार शिक्षकों ने सभी बच्चों को उपहार भेंट किए। अंत में बच्चों और शिक्षकों ने स्वरुचि भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य राधेश्याम पंडित सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर उत्सव, नृत्य, नाटक और रोमांचक क्रिकेट मैच से बच्चों में उत्साह

नव प्रदेश/कोडरमा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। चाचा नेहरू की जयंती पर सुबह प्रार्थना सभा में ईश्वर वंदना, स्कूल सॉन्ग, कविता, सुविचार, क्विज और समाचार प्रस्तुति के साथ दिन की शुरूआत हुई। मंच संचालन शिक्षक संदीप कुमार राणा ने किया। कार्यक्रम की खास आकर्षण शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और बच्चों की नैतिक शिक्षा पर आधारित नाटक रहा, जिसे देखकर छात्र- छात्राएँ झूम उठे। नन्हे बच्चों के लिए ग्रुप डांस, हथेली प्रिंटिंग, पेपर क्राफ्ट जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जबकि बड़ी कक्षाओं के लिए विभिन्न खेल हुए। रोमांचक छात्र बनाम शिक्षक क्रिकेट मैच में छात्रों ने 61 रनों का लक्ष्य पूरा कर जीत हासिल की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य गुरुचरण वर्मा और निर्देशिका संगीता शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों पर बल दिया।

आरपीवाई बीएड कॉलेज में इंटर्नशिप रिपोर्ट राइटिंग पर कार्यशाला

नव प्रदेश/कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को इंटर्नशिप रिपोर्ट राइटिंग पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम का विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक विनोद यादव ने किया। प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि इंटर्नशिप छात्र-शिक्षकों में शिक्षण कौशल विकसित करने, सिद्धांत व व्यवहार को जोड़ने और प्रभावी पाठ योजना निर्माण की क्षमता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। सहायक प्राध्यापक सह पीओटी इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार ने रिपोर्ट लेखन की विधि, शिक्षण सहायक सामग्री, प्रदर्शन व व्याख्यान तकनीक, प्रश्नोत्तरी विधि सहित कई आवश्यक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं सहायक प्राध्यापक सैयद खुर्शीद अली ने व्यवस्थित पाठ योजना तैयार करने के तरीके समझाए। कार्यशाला में प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

श्री महेश एकेडमी में झारखंड क्विज का आयोजन, विद्यार्थियों ने झारखंड ज्ञान में दिखाई गहरी रुचि

नवप्रदेश/डोमचांच। झारखंड स्थापना दिवस के सिल्वर जुबली अवसर पर श्री महेश एकेडमी में शुक्रवार को झारखंड क्विज का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आठों हाउस के तीन-तीन विद्यार्थियों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज में झारखंड से जुड़े इतिहास, संस्कृति, भूगोल, साहित्य और प्रमुख व्यक्तित्वों पर आधारित कुल 80 प्रश्न पूछे गए। बच्चों में ज्ञान प्रतिस्पर्धा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस के चंदन कुमार, अंकित कुमार मेहता और चांदनी कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। द्वितीय स्थान झांसी की रानी लक्ष्मीबाई हाउस और सावित्रीबाई फुले हाउस ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान रतन टाटा हाउस और लता मंगेशकर हाउस ने साझा किया। अन्य टीमों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में निर्देशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

ईसीआरकेयू ने सभी रिक्तियों को वर्ष के अंत तक भरने का किया आग्रह

ईसीआरकेयू की आंतरिक बैठक हुई, सक्रिय

संगठन संचालन पर हुई चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद। लोको पायलट सहित सभी विभागों के वरीय पदों को इस वर्ष के अंत तक भरने का आग्रह ईसीआरकेयू की ओर से धनबाद मंडल रेल प्रशासन से किया है । इस संबंध में एक लिखित अनुरोध ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह एआईआरएफ वर्किंग कमिटी मेम्बर मो ज्याऊद्दीन तथा एआईआरएफ ईसीआरकेयू के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने शुक्रवार को धनबाद मंडल प्रबंधक कार्यालय में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अशोक कुमार को सौंपा। उक्त जानकारी देते हुए मो ज्याऊद्दीन ने ईसीआरकेयू के पदाधिकारियों और सक्रिय सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि आठवें वेतन आयोग गठित कर दिया गया है जिसकी अनुशंसाएं एक जनवरी 2026 से लागू होंगी। यदि इस बीच सभी विभागों के उच्चतर लेवल के रिक्तियों को नीचले लेवल के कर्मचारियों को पदोन्नति कर भरा जाए तो उन्हें वेतन आयोग का बेहतर लाभ मिल जाएगा। ईसीआरकेयू के इस आग्रह पर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अशोक कुमार ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में आवश्यक निर्णय कर कर्मचारियों के व्यापक हितों में उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में ईसीआरकेयू की आंतरिक बैठक में संगठन संचालन पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान ईसीआरकेयू के केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष,जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, पूर्व शाखा अध्यक्ष चमारी राम, मीडिया प्रभारी सह शाखा वन के अध्यक्ष एन के खवास, सचिव आर के सिंह, लाईन शाखा के सचिव जे के साव, चन्द्रपुरा शाखा के अध्यक्ष एन के तिवारी, परमेश्वर कुमार, रीतलाल गोप, बीबी आजाद, विश्वजीत, राजीव, अमित, सुदर्शन महतो, धानु, रणधीर प्रसाद, पिंटू नंदन, प्रदीप्त सिन्हा तथा बरकाकाना से ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन के सचिव सरयू प्रसाद उपस्थित रहे।

एनडीए की ऐतिहासिक विजय पर श्री राम सेना ने मनाया जश्न

नवप्रदेश/धनबाद। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ऐतिहासिक जीत के अवसर पर श्री राम सेना के उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने जोरदार तरीके से उत्सव मनाया। विजय की खुशी में उन्होंने समर्थकों व स्थानीय नागरिकों के बीच मिठाई वितरित कर शुभकामनाएँ दीं ।उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह जनादेश देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के पक्ष में दिए गए मजबूत संदेश का प्रतीक है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में देश और अधिक मजबूती व तेजी से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा ।जश्न कार्यक्रम में श्री राम सेना के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की और एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर विजय के नारे लगाए ।स्थानीय लोगों ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और पूरे दिन क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।

पीएमश्री उच्च विद्यालय दुमदुमी तोपचांची के छात्रों ने बाल दिवस के मौके पर हस्तकला प्रदर्शनी लगाई

नवप्रदेश/तोपचांची। तोपचांची प्रखंड अंतर्गत दुमदुमी गांव स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय में बाल दिवस के मौके पर कई प्रकार की हस्त निर्मित पाक, व खाद लजीज व्यंजन और हस्त कलाओं का प्रदर्शनी स्कूली बच्चों के द्वारा लगाई गई। इस आयोजन का विद्यालय प्रबंधन समिति,अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने काफी सराहा और बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। वही सदानंद महतो ने कहा कि बच्चों का भविष्य उनके माता-पिता पर भी निर्भर है।

रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल ने बाल दिवस पर रोटरी हैप्पी स्कूल का शुभारम्भ किया

नवप्रदेश/धनबाद। रोटरी लिटरेसी मिशन प्रोग्राम के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल ने कालिंदा देवी विद्य मंदिर को रोटरी हैप्पी स्कूल के रूप में गोद लेकर 14 नवम्बर 2025-बाल दिवस के अवसर पर इसका शुभारम्भ किया। लगभग 120 बच्चों की मुस्कान और उत्साह के साथ यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा ।कार्यक्रम की शुरूआत रोमांचक क्विज प्रतियोगिता से हुई, जिसे पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अमित जैन द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने विजेता छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए, जिससे बच्चों में अपार उत्साह देखने को मिला। लिटरेसी डायरेक्टर रोटेरियन अमरेश सिंह* ने बच्चों को प्रेरक संबोधन दिया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ ।रोटरी हैप्पी स्कूल पहल के तहत सभी बच्चों के बीच स्कूल बैग,गर्म ऊनी स्वेटर, स्टेशनरी किट व उपहार वितरित की गई ।अध्यक्ष सीए विनीत तुलस्यान ने स्वयं बच्चों को स्कूल बैग और स्वेटर भेंट किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में निम्न रोटरी सदस्य अपनी उपस्थिति और सक्रिय सहयोग के साथ रोटेरियन अमित जैन,रोटेरियन मनीष तायल, रोटेरियन मनोज मोदी, रोटेरियन अमित झुनझुनवाला, रोटेरियन राहुल गोयल, रोटेरियन अमरेश सिंह,रोटेरियन नितिन कोठारी,रोटेरियन रवि भुवानिया, रोटेरियन राज कुमार गोयल, रोटेरियन दीपक कानोरिया, रोटेरियन विनीत तुलस्यान रोटेरियन पंकज गोयल शामिल हुए ।सभी सदस्यों के सहयोग से यह बाल दिवस समारोह बच्चों के लिए यादगार और आनंदमय बन गया।

जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए प्रभारी जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी

जिला प्रशासन का उद्देश्य-पारदर्शी व समयबद्ध सेवा सुनिश्चित करना

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद। शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए आगंतुकों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद, पेयजल, रोजगार नियुक्ति, आंगनबाड़ी सहायिका पद चयन, दबंगों द्वारा भूमि अधिग्रहण, सीएनटी जमीन पर कब्जा, स्कूल में नामांकन, रैयती जमीन की ऑनलाइन रसीद, स्वास्थ सहायता, अनुकंपा पर नौकरी, बकाया वेतन भुगतान, शिक्षा समेत समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि लोगों को उनके अधिकार एवं सुविधाएँ सहज रूप से प्राप्त हों। समस्याओं का त्वरित समाधान कर जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। जनता दरबार के दौरान प्रभारी जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी नियाज अहमद ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवेदनों को हस्तांतरित किया तथा दरबार में पहुंचे आमजनों को पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने का पूर्ण भरोसा दिलाया।

विद्या प्ले स्कूल में मनाया गया पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

दुमका। झारखंड के उपराजधानी दुमका जिले के रानीश्वर प्रखंड के असंनबानी के विद्या प्ले स्कूल में मनाया गया बाल दिवस बताते चलें कि 14 नवम्बर पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन देशभर में बाल दिवस का एक विशेष दिन होता है, जहां विद्यालयों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा छोटे छोटे बच्चो को सम्मानित किया जाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के सम्मान में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विद्या प्ले स्कूल के सभी शिक्षकों ने प्रणाम किया।

विद्या प्ले स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू के फोटो पर पुष्प अर्पित के बाद कार्यक्रम को आगे की और ले जाया गया। इसी बीच विद्या प्ले स्कूल के प्रिंसिपल स्वीट चौबे ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के बारे में अपनी बात रखा। और बाल दिवस चाचा नेहरू के जन्मदिन को ही किसलिए मानते, जिसका विस्तृत वर्णन किया। और इसी को लेकर विद्या प्ले स्कूल में शुक्रवार को चाचा नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों ने खेल-कूद के साथ-साथ में रंगारंग कार्यक्रम भी किया इसके साथ विद्या प्ले स्कूल के अभिभावकों तथा शिक्षकों ने खेल में भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक सुभंकर ने किया। और चाचा नेहरू के बारे में विद्यालय के शिक्षिका मुस्कान ने रखी अपनी बात, और लगातार खेल के मैदान में डटे रहे विधालय के शिक्षक निखिल सर, जो बच्चो को एक एक खेल करा रहे थे।

विश्व मधुमेह दिवस पर निकली जागरूकता रैली, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दाग संस्था की ओर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत सिटी सेंटर से हुई और मुख्य मार्गों से गुजरते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंची। रैली में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, युवाओं, छात्रों, और वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने मधुमेह से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को लेकर लोगों को जागरूक किया। पोस्टर और बैनर के माध्यम से नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनावमुक्त जीवन के महत्व को रेखांकित किया गया। रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए दाग संस्था के डॉक्टर एन.के. सिंह ने कहा कि विश्व मधुमेह दिवस लोगों को इस बीमारी के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने का अवसर है। उन्होंने बताया कि डायबिटीज एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है जो कई घातक बीमारियों की वजह बन सकती है, इसलिए इससे बचाव अत्यंत आवश्यक है। डॉ. सिंह ने कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव, जैसे रोजाना एक घंटे पैदल चलना, योग-व्यायाम करना और खानपान में सुधार, डायबिटीज से बचाव का प्रभावी उपाय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बदलते खानपान और दिनचर्या के बीच स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें ताकि मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से दूरी बनाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और अपने परिवार व समुदाय में भी जागरूकता प्रसारित करने का संदेश दिया।

गोदाम के तालाब में डूबने से गार्ड की मौत, सुबह मिला शव

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद । धनबाद के गल्फरबाड़ी ओपी क्षेत्र के दूधियापानी स्थित बिनोद दास के कचरा गोदाम में शुक्रवार सुबह सनसनी फैल गई, जब गोदाम के भीतर बने तालाब से 65 वर्षीय गार्ड सुशील सिन्हा का शव बरामद हुआ। मृतक गाड़ीखाना निवासी था और पिछले दो वर्षों से इस गोदाम में गार्ड के रूप में काम कर रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार रात सुशील सिन्हा नशे की हालत में काम पर पहुंचा था। देर रात वह गोदाम के तालाब की ओर गया और इसके बाद वापस नहीं दिखा। आज सुबह जब साथी गार्ड ने उसकी खोजबीन शुरू की, तो तालाब के किनारे उसका चप्पल पड़ा मिला। संदेह होने पर तालाब की ओर देखा गया, तो सुशील

सिन्हा का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। इसके बाद तुरंत गोदाम संचालक और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गल्फरबाड़ी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। शव देखते ही परिजन चित्कार कर उठे। मृतक की तीन बेटियां और दो बेटे हैं, और परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे, जिसके बाद ओपी प्रभारी दीपक दास के हस्तक्षेप से स्थिति शांत हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रसूति की मौत पर शुरू हुआ बवाल, मुआवजे से हुआ शांत

नवप्रदेश/धनबाद। धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सहयोगी नगर स्थिति सावित्री अस्पताल में गुरुवार को प्रसूति की मौत के बाद शुरू हुआ बवाल शुक्रवार को हुई बैठक के बाद शांत हो गया। बैठक में अस्पताल प्रबंधन द्वारा मृतका के परिजनों को मुआवजा देने पर बनी सहमति के बाद प्रसूति का शव पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। बता दें कि सरायढेला स्थित सावित्री अस्पताल में भर्ती हुई बोकारो चंदनकियारी की प्रसूति 22 वर्षीय शीलू कुमारी की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई थी। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों द्वारा प्रसूति का शव अस्पताल में रखकर जमकर हंगामा किया गया था, इस दौरान अस्पताल में तोड़फोड़ की घटना को भी अंजाम दिया गया था। वहीं घटना के बाद से ही परिजन अस्पताल में शव रख कर न्याय की मांग कर रहे थें। वहीं शुक्रवार को अस्पताल में परिजनों के साथ अस्पताल प्रबंधन की हुई बैठक में बनी सहमति के बाद अस्पताल की चिकित्सक डॉ. साधना ने कहा कि उक्त महिला की मौत लापरवाही से नहीं, बल्कि खून की कमी से हुई है, उन्होंने कहा कि प्रसूति को अ+ खून की जरूरत थी, लेकिन महिला के परिजन उचित मात्रा में खून उपलब्ध नहीं करा सके, जिस वजह से प्रसूति की मौत हो गई। बावजूद इसके यदि परिजनों को लगता है कि मौत डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से हुई है तो वह कानून की मदद लें सकते हैं। वहीं इस संबंध में डॉ प्रतिभा राय ने कहा कि इन दिनों ट्रेंड चला हुआ है डॉक्टरों को टारगेट करने का। उन्होंने कहा कि प्रसव के दौरान इस तरह की स्थिति बनती है जब प्रसूति को खून की आवश्यकता पड़ती है, यही वजह है कि उक्त महिला को यहां से एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया था, लेकिन विडंबना है कि अभी सभी ब्लड बैंक में खून की कमी हैं, वहीं, घटना के बाद दर्जनों लोग अस्पताल में तोड़फोड़ और डॉक्टरों को कोसने पहुंच जाते है, जबकि उस वक्त इनमें से पांच लोग भी खून देने को तैयार हो जाते तो आज महिला की मौत नही हुई होती। मृतका के परिजन ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों के साथ उनकी बैठक हुई है। मृतका की एक बेटी है, जिसकी मदद को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुआवजा राशि देने पर सहमति बनी है। इसके बाद अब मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

आईआईटी आईएसएम में पंचायती राज प्रतिनिधियों ने सीखा नेतृत्व व प्रबंधन विकास का गूढ़ रहस्य

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद। धनबाद स्थित आईआईटी (आइएसएम) में झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के सहयोग से पांच दिवसीय नेतृत्व एवं प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का आयोजन किया गया था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 से 14 नवंबर तक एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित किया गया था। जिसमे राज्य के विभिन्न जिलों से आए 27 पंचायती राज प्रतिनिधि, जिनमें प्रमुख, उप प्रमुख और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिनिधियों को बेहतर नेतृत्व, संवाद, वित्तीय प्रबंध, परियोजना नियोजन और डिजिटल प्रशासन की दक्षता विकसित कर सके। ताकि वे यहां से जाने के बाद अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को अधिक कुशलता और पारदर्शिता के साथ संचालित कर पाए।

प्रशिक्षण में आईआईटी (आइएसएम) के प्रो.नीलाद्रि दास, प्रो. रश्मि सिंह और प्रो. जीएस पाठक द्वारा इन्हें संबंधित विषयों पर प्रशिक्षित किया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने जमीनी स्तर की चुनौतियों को साझा किया और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। वहीं प्रशिक्षण लेने आए पंचायती राज प्रतिनिधियों ने काफी उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

सत्र में हिस्सा ले रहे गिरिडीह के गांडेय प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में हमे कई ऐसी जानकारियां मिली हैं जिससे हम अपने क्षेत्र को आर्थिक रूप से काफी मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इस सत्र में यह जानने को मिला कि हमें अपने क्षेत्र की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सिर्फ सरकार के भरोसे नही बैठना है। हमे अपने क्षेत्र में चल रहे छोटे-बड़े कल कारखानों और कंपनियों से सीएसआर के तहत आर्थिक मदद लेकर उससे हम अपने क्षेत्र का विकास कर सकते हैं।

वहीं चतरा के हंटरगंज से आई प्रखंड प्रमुख ममता कुमार और हजारीबाग के डाड़ी प्रखंड प्रमुख ने बताया कि हमे अपने क्षेत्र में उन्नत कृषि, बेरिजगरी दूर करने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और हम अपने क्षेत्र का कैसे ज्यादा से ज्यादा विकास कर सकते है इसकी हमे जानकारी दी गई। जिसे हम लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ समझा और जाना। जिसका उपयोग हम अपने क्षेत्र को विकसित करने के लिए करेंगे।

एक नजर

भगोड़े प्रिंस खान के गुर्गे के घर पुलिस की कुर्की जब्ती

नवप्रदेश/धनबाद। रंगदारी, धमकी, आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई मामलों का वांछित प्रिंस खान का गुर्गा सैफ अब्बास नगवी उर्फ सैफी के वासेपुर स्थित आवास पर शुक्रवार को बैंक मोड़ थाना की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया। भगोड़ा प्रिंस खान के गुर्गे के रूप में काम करने वाला सैफी, जो कई अलग-अलग आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा है, आज वासेपुर स्थित उसके आवास पर बैंक मोड़ पुलिस पूरे दलबल के साथ पहुंची। जिसके बाद उसके घर में रखी कुर्सी, पलंग बक्से, बिछावन सहित तमाम सामान जब्त कर अपने साथ ले गई। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

कोयला लदे हाईवा की चपेट में आने से युवक की मौत

नवप्रदेश/धनबाद। धनबाद के झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर नुनूडीह मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के पास शुक्रवार को एक बार फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां कोयला लदा एक हाईव (जेएच10सिवाई 2522) की चपेट मे आने से बाइक सवार लोको बाजार ईदगाह मोहल्ला निवासी हैदर अली उर्फ मोनू अंसारी (30) की मौत हो गई है। मृतक झरिया में सोना-चांदी का दुकान चलाया करता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हैदर अली उर्फ मोनू अंसारी ईदगाह मोहल्ला स्थित अपने घर जा रहा था। तभी नूनूडीह दुर्गा मंदिर के समीप पीछे से आ रहा कोयला लदा तेज रफ्तार हाइवा ने उसके बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के दौरान वह हाइवा के चक्के के बीच आ गया, जिस कारण मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से चासनाला सीएचसी मैं भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुनकर पिता अफजाल अंसारी अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, हाईवा ट्रक का मालिक मनोज महतो बताया जा रहा है, जो भेलाटांड़ का रहने वाला है। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर सुदामडीह थाना की पुलिस ने उक्त हाईवा को जब्त कर लिया है। साथ ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएससी धनबाद भेज दिया है।

घरेलू विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या, न्यू विष्णुपुर में सनसनी

नवप्रदेश/धनबाद। धनबाद थाना क्षेत्र के न्यू विष्णुपुर दुर्गा मंदिर के पास एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 28 वर्षीय नितम यादव ने गुरुवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक नितम यादव पेशे से गार्ड का काम करता था। बताया जाता है कि बीते दिन पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर नितम की पत्नी ने अपनी मां को बुलाया और अपने साथ 1 साल के बेटे को लेकर मायके चली गई। परिजनों के अनुसार, पत्नी के चले जाने के बाद रात में पति-पत्नी के बीच फोन पर काफी देर तक कहा-सुनी होती रही। इसी तनाव में नितम यादव मानसिक रूप से टूट गया और देर रात अपने कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जब नितम के पिता कमरे के पास पहुंचे और आवाज दी, तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर कमरे में झांककर देखा तो नितम फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे और पूरे घर में मातम छा गया। घटना की सूचना तुरंत धनबाद थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर पत्नी को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और परिजनों से पूछताछ कर रही है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार में एनडीए की अप्रत्याशित जीत पर धनबाद में जश्न का माहौल

नवप्रदेश/धनबाद। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड बहुमत पर देश की कोयला राजधानी धनबाद में भी जश्न का माहौल देखा गया। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा, जदयू एवं लोजपा के कार्यकताओं ने अबीर-गुलाल उड़ाकर और पटाखा फोड़कर जश्न मनाया। सैकड़ों की संख्या में जमा हुए कार्यकताओं ने हाथों में पार्टी का झंडा लेकर ढोल-नगाड़ो की धुन पर झूमते नजर आए। इस दौरान एनडीए कार्यकताओं और नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिला कर खुशी का इजहार किया। इस जश्न में मौजूद झारिया विधायक रागिनी सिंह और धनबाद विधायक राज सिन्हा , जनता दल यूनाइटेड के पिंटू सिंह एवं लोजपा के जिला अध्यक्ष एनडीए गठबंधन पर एक बार फिर से भरोसा जताने के लिए बिहार की जनता के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया और इसे अविस्मरणीय जीत बताया।

झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर शिकारीपाड़ा प्रखंड के ग्राम संगठनों में विशेष बैठक

नवप्रदेश/दुमका। झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर शिकारीपाड़ा प्रखंड के ग्राम संगठनों में विशेष बैठक आयोजित-आज दिनांक 14 नवंबर 2025 को झारखंड राज्य के गौरवपूर्ण 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम संगठनों में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने स्वास्थ्य शपथ, जेंडर इक्विलिटी तथा समूह के नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके बाद CIF EU CCL ऋण राशि की समय पर वापसी पर विस्तृत चर्चा की गई और यह समीक्षा की गई कि किस समूह पर कितना मूलधन एवं ब्याज बकाया है। जिन ग्राम संगठनों को VRF राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, उन्होंने इसकी मांग प्रस्तुत की, वहीं जिन संगठनों को VRF राशि मिल चुकी है, वहाँ अति गरीब परिवारों, एकल महिला परिवारों तथा विधवा महिलाओं का चयन कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई। बैठक में सदस्यों ने यह भी साझा किया कि झारखंड के 25 वर्षों में उनके परिवारों और गांवों में क्या-क्या बदलाव आए हैं। अंत में, अगले 5 वर्षों के लिए ग्राम संगठन द्वारा आजीविका से संबंधित योजनाएँ तैयार की गईं, जो स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप बनाई गई हैं। आज का कार्यक्रम समुदाय में जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक विकास की भावना को मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष पर गांधी मैदान दुमका में भव्य जतरा का आयोजन

नवप्रदेश/दुमका। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) के उपलक्ष्य में आज गांधी मैदान, दुमका में भव्य जतरा का आयोजन किया गया। जतरा के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पारंपरिक खेल-कूद का आयोजन किया गया। हांडी फोड़ प्रतियोगिता में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षुओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर नगर परिषद एवं जेएसएलपीएस द्वारा जानकारी एवं जागरूकता से जुड़े आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए थे। उपायुक्त श्री अभिजीत सिन्हा ने भी खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लिया तथा बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा झारखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर इस भव्य जतरा का आयोजन किया गया है। राज्य को बने 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं, और झारखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं स्थानीय कला की झलक इस आयोजन में देखने को मिल रही है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेशानुसार पूरे राज्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से हमारी विरासत और पहचान को नई पीढ़ी के सामने रखने का अवसर मिल रहा है। उपायुक्त ने स्थानीय खेल, संस्कृति एवं नृत्य में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस रजत जयंती वर्ष पर आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

धरती आबा के संकल्पों को पूरा करती मोदी सरकार

15 नवंबर 2023 को पीएम नरेन्द्र मोदी झारखंड के खूंटी जिली के उस गांव में पहुंचे जहां आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री नहीं पहुंचा था। इस गांव का नाम था उलिहातू। ये गांव लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है। धरती आबा के नाम से प्रसिद्ध भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी ने बिरसा मुंडा के जन्मस्थान की मिट्टी को पवित्र बताते हुए उससे तिलक भी लगाया।

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को उरांव क्षेत्र, वर्तमान झारखंड में हुआ था। बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के गौरव, जननायक और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। एक साधारण बालक महज 25 साल की उम्र में बिरसा मुंडा से यूं ही भगवान बिरसा मुंडा नहीं बन गये। सादगी, साहस और आदिवासी समाज के प्रति उनके समर्पण ने उनको धरती आबा का दर्जा दिलाया। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज में जागरूकता की अलख जगायी। उन्होंने साल 1894 में 'उलगुलान' आंदोलन शुरू किया, जिसमें ब्रिटिश शासन के खिलाफ और आदिवासी अधिकारों के लिए आवाज उठाई गई थी। बिरसा मुंडा ने ईसाई धर्म के प्रसार और धर्मांतरण का कड़ा विरोध किया क्योंकि उन्हें लगा कि यह आदिवासी संस्कृति और पहचान को खत्म कर रहा था। उन्होंने अपने जीवन में आदिवासी समाज में जागरूकता फैलाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक पहल की।

जमींदारों और अंग्रेजों की शोषण की नीति के खिलाफ ह्यउलगुलानह्न करने वाले धरती आबा को वर्ष 1900 में ब्रिटिश सेना ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें रांची जेल में रखा गया। जेल में उन पर कई अमानवीय व्यवहार हुए, लेकिन आंदोलनकारी धरती आबा कभी कमजोर नहीं पड़े। जेल में भी वह अपने साथियों का हौसला बढ़ाते थे। कहते थे, ह्यहमारी जमीन और आजादी के लिए यह बलिदान जरूरी है।ह्न उनकी मृत्यु (9 जून 1900) को जेल में ही हो गयी। 29 नवंबर 2023 को 'मन की बात' के 106 एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''भगवान बिरसा मुण्डा हम सब के ह्रदय में बसे हैं। सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं। उन्होंने विदेशी शासन को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जहां अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी। वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता का जीवन मिले।''धरती आबा के कार्यों ने स्पष्ट रूप से दशार्या कि उनका संकल्प आदिवासी संस्कृति और गरिमा की रक्षा, सामाजिक सुधार और जल, जंगल और जमीन की रक्षा थे। 24 अक्टूबर 2021 को 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''गरीब और मुसीबत से घिरे लोगों की मदद करने में भगवान बिरसा मुण्डा हमेशा आगे रहे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज को जागरूक भी किया।''

मोदी सरकार, बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलते हुए आदिवासी समुदायों के उत्थान, सशक्तिकरण और उनकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कई पहल कर रही है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए मोदी सरकार ने जो समर्पण दिखाया है, वो ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज के सम्मान और सशक्तिकरण को नयी ऊंचाई दी है। देश की पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का चयन, अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण की अवधि बढ़ाना, नयी जातियों को शामिल करना और जनजातीय मंत्रालय के बजट में वृद्धि–इन सब से सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समुदायों के बलिदान, संस्कृति और विरासत का सम्मान करने और उनके साहस तथा राष्ट्र-निर्माण की कहानियों को राष्ट्रीय चेतना में लाने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष मनाने की घोषणा की थी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार ने प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत की।

आदिवासी समुदाय के विकास के लिये मोदी सरकार की प्रमुख पहलों में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। 2014-15 में 4,497.96 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में यह 14,925.81 करोड़ रुपये हो गया। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान इसे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना का लक्ष्य व्यापक विकास पहलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभान्वित करना है, जिसमें आवास, बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि विकास शामिल हैं।

आदिवासी विरासत और संस्कृति को सम्मानित करने के लिए 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया गया है। आदि महोत्सव आदिवासी विरासत को प्रदर्शित करने और आदिवासी उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय मंच है। वर्ष 2024 में सामाजिक न्याय के प्रतीक, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट न सिर्फ धरती आबा, भगवान मुंडा जी के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है बल्कि जनजातीय समुदाय के कल्याण हेतु मोदी सरकार के समर्पण को भी दशार्ता है।

मोदी सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप आदिवासी छात्रों के लिए शिक्षा के स्तर में सुधार देखा गया है, साक्षरता दर 2011 में 59 प्रतिशत से बढ़कर 2020-21 में 71.6 प्रतिशत हो गई है। आईआईटी दिल्ली और एम्स दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में आदिवासी छात्रों के लिए विशेष चेयर और प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। वहीं, ट्राइफेड द्वारा शुरू की गई वन धन योजना आदिवासी आबादी के लिए रोजगार सृजन का एक स्रोत बनकर उभरी है, जो वन उत्पादों पर आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देती है। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए विभिन्न राज्यों में 10 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं और पहलों का उद्देश्य आदिवासी समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उनका सशक्तिकरण करना है।

वर्ष 2022 में राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग ने जब अपने उम्मीदवार का नाम घोषित किया तो वह नाम आदिवासी समाज से था। संपूर्ण आदिवासी समाज और राष्ट्र के लिये ये कितने गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति की कुर्सी पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू आसीन है। दुख के साथ यह कहना पड़ता है कि पूर्व की सरकारों ने आजादी के लंबे कालखण्ड में आदिवासी समाज के साथ घोर अन्याया किया। उन्हें विकास से वंचित रखा। मोदी सरकार में आदिवासी समाज देश की प्रगति का हिस्सेदार है और तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

लोकनायक बिरसा मुंडा का संघर्ष आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा पुंज है जो हमें निराशा और हताशा में नई राह दिखाता है। वास्तव में, भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती केवल उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व को याद करने तक सीमित नहीं है; यह समाज में समानता, न्याय और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने का अवसर भी है। धरती आबा का जीवन यह संदेश देता है कि अन्याय और असमानता के खिलाफ दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयास से सामाजिक बदलाव संभव है। हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए, अन्याय के खिलाफ साहस से लड़ना चाहिए और अपनी संस्कृति तथा प्रकृति का सम्मान करना चाहिए।

इसमें कोई दो राय नहीं है धरती आबा के महान आदर्शों को स्मरण करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को 'मन की बात' में कहा था, ''आज, अगर हमारे नौजवानों को मार्गदर्शन के लिए किसी प्रेरणादायी व्यक्तित्व की जरुरत है तो वह है भगवान ह्यबिरसा मुंडाह्न। भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों रहित जीवन, अंधविश्वास से मुक्ति व अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया। उन्होंने शोषण के प्रति आवाज उठाई व बेगारी प्रथा का विरोध किया। भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

लेखकः-डॉ. आशीष वशिष्ठ

बचपन और भारत का भविष्य

भारतीय समाज में प्राचीन काल से बच्चों की निराली छवि संजोई जाती रही है। बाल गोपाल की नटखट लीलाओं का आकर्षण अब भी है। कई घरों में लड्डू गोपाल की पूजा भी होती है। वैसे भी बच्चों की उपस्थिति, उनके हाव-भाव, किलकारी, खेल-कूद में भावनाओं की जिस ऊष्मा से भर देने वाले होते हैं वह अलौकिक यानी ईश्वरीय ही होती है। निश्छल, स्वाभाविक और सहज बच्चे मन के सच्चे होते हैं। पर आम जन जो संतान की चाहत रखते हैं वे समझदार हो गए हैं और परिवार का आकार सीमित रखने की कोशिश करते हैं। शिक्षित प्रौढ़ अधिक सचेत हैं और वे सीमित परिवार की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस बदलाव का प्रमुख कारण संयुक्त परिवारों का टूटना, अपने मूल स्थान से विस्थापन और तेजी से बढ़ती मँहगाई का अनिवार्य दबाव है। साथ ही वैश्वीकरण के दौर में आकांक्षाओं को भी पर लग गया है और नई-नई संभावनाओं के द्वार खुलते जा रहे हैं जो जीवन की वरीयताओं को उलट-पलट रहे हैं। परिवार ही सबसे पहले उनकी भेंट चढ़ रहा है। कई अत्याधुनिक लोग परिवार को वैकल्पिक मानने लगे हैं । कुल मिला कर आज के कठिन समय में मध्य और उच्च मध्य वर्ग के परिवारों में विशेष रूप से बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा-दीक्षा को अच्छी तरह से अंजाम देना चुनौती भरा होता जा रहा है।

देश के स्तर पर समस्याएं विराट हैं। आज विश्व की कुल जनसंख्या का छठाँ भाग भारत में रहता है। इसमें बच्चे अर्थात 18 साल तक की आयु वाले लगभग 39 प्रतिशत हैं। एक अनुमान के हिसाब से भारत में 253 मिलियन किशोर हैं। देश में निःसंदेह आर्थिक प्रगति दर्ज हुई है पर उसके अनुपात में जीवन की गुणवत्ता सबके लिए खास तौर पर बच्चों और स्त्रियों के लिए उतनी नहीं बढ़ी है जितनी अपेक्षित है । वस्तुतः भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति गंभीर विचार का विषय हो कर भी प्रायः हाशिये पर ही रहती रही है हालांकि कुछ मामलों में प्रगति दर्ज हुई है। उदाहरण के लिए शिशु मृत्यु दर और स्कूल छोड़ने की दर घटी है। परंतु बाल विवाह, कुपोषण और गरीबी से अभी भी छुटकारा नहीं मिल सका है। गौर तलब है कि आज भी हजार बच्चों में 95 बच्चे अपना पाँचवाँ जन्म दिवस मनाने के पहले ही काल कवलित हो जाते हैं। आज भी 4 वर्ष से 14 वर्ष की आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले बच्चों का एक बड़ा हिस्सा, आधे से कुछ कम, प्राइमरी शिक्षा पूरी नहीं कर पाता । भारत के आधे बच्चे आज भी कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। एक अध्ययन के हिसाब से हर दो लड़कियों में एक कुपोषित मिलती है। तीन महीने तक की आयु के बच्चों में 74 प्रतिशत न्यून या अल्प पोषण पाते हैं। शहरी इलाकों में, खास तौर पर अनौपचारिक हलकों, में गरीबी निश्चित रूप से बाल-विकास के मार्ग में बहुत बड़ी बाधा है। आज भी श्वास रोग और डायरिया (उल्टी दस्त) शिशु मृत्यु का एक बड़ा कारण बना हुआ है। अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में बाल-विवाह यानी 18 वर्ष की उम्र के पहले विवाह की दर आज भी भारत में सबसे ज्यादा है। इसी तरह देश के कुछ भागों में अभी भी पुत्र की पसंद पुत्रियों की अपेक्षा ज्यादा है जिससे जेंडर से जुड़े भेद-भाव की गुंजाइश बढ़ती है । भारत की जनसंख्या का यह एक सुखद पहलू यह है कि उसमें युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व अधिक है। भारत अब विश्व में एक युवा-प्रधान देश हो गया है। देश में किशोरों की संख्या पूरे विश्व में सर्वाधिक है। उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल-संवर्धन की खास जरूरत है। ये सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक सभी दृष्टियों से भारत के विकास के लिए निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होने वाले हैं बशर्ते वे सुरक्षित रहें, उनका स्वास्थ्य ठीक रहे, तथा वे सुशिक्षित और कौशल युक्त बन सकें । किशोरियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिनके लिए कुपोषण और बाल-विवाह बड़ी मुसीबत है और उनको ज्यादा प्रभावित होने की संभावना रहती है। किशोरियों के सशक्तीकरण के मार्ग में ये बड़ी बाधाएँ बनी हुई हैं। युवा वर्ग को प्रोत्साहित और विकास के मार्ग पर अग्रसर कराते हुए ही विकसित भारत-2047 की परिकल्पना साकार हो सकेगी। देश में बच्चों की सुरक्षा और उनके पालन-पोषण पर जोर देने वाली कई सरकारी नीतियां बनी हैं। इस सिलसिले में सरकार का ह्यमिशन वात्सल्यह्न बच्चों के स्वास्थ्य और बाल-कल्याण के लिए समर्पित है। कुछ संकेत सकारात्मक बदलाव बताते हैं पर स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशहाली के प्रश्न अभी भी बरकरार हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और और स्वास्थ्य की जरूरतें अभी भी संतोषजनक ढंग पूरी नहीं हो पा रही हैं। इसी तरह बाल-विवाह को रोकना आवश्यक है। पिछले दो दशकों में देश में निश्चित रूप से उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अति गरीबी 21 प्रतिशत कम हुई है। इसी तरह अब 80 प्रतिशत बच्चों का जन्म स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर होता है। तब भी ग्रामीण क्षेत्र, मलिन बस्ती, अनुसूचित जाति तथा जनजातियों की स्थिति चिंतनीय बनी हुई है ।विशेष रूप से वंचित समुदाय अनेक प्रकार के अभावों से ग्रस्त हैं। अच्छी स्वास्थ्य सुविधा की बड़ी कमी है। सभी क्षेत्रों में स्वच्छता और शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अभी भी एक चुनौती है। ऊपर से सूखा, बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, जलवायु-परिवर्तन और शरणार्थी समुदायों का आना-जाना ऐसी आकस्मिक परिस्थितियाँ हैं जो विकास की गति को अचानक थाम लेती हैं।

अब वैश्विक स्तर पर इस बात पर अधिकांश देशों में सहमति बन गई है कि बच्चों के अधिकारों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। बाल श्रम और उनके साथ होने वाले अत्याचार बंद होने चाहिए। परंपरागत रूप से बच्चों की देख-रेख और सुरक्षा परिवार और समुदाय की जिम्मेदारी रही है। पितृसत्तात्मक परिवेश में अक्सर यह भुला दिया जाता है कि बच्चे भी ह्यव्यक्तिह्न हैं और उनके भी अधिकार हैं।अब स्पष्ट रूप से बच्चों के अधिकारों में जीवन का अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा, भागीदारी, विकास, स्वास्थ्य, कल्याण, पहचान, अभिव्यक्ति, भेदभाव से मुक्ति और सुरक्षित वातावरण के अधिकार शामिल किए गए हैं । परंतु गरीबी, भूख, पेय जल की उपलब्धता, रोग, शिक्षा की कमी, बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, बच्चों से श्रम कराना, बच्चों के प्रति हिंसा और शोषण, तथा बाल-विवाह आदि ऐसे विकट संकट हैं जो बच्चों के जीवन, सुरक्षा और विकास में भागीदारी को नकारात्मक रूप से प्रभावित कराते हैं। कानून बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, उनका शोषण और भेदभाव करने के विरुद्ध संरक्षण देता है और उसके उल्लंघन के लिए दंड का भी प्रविधान करता है। फिर भी देश में वंचित वर्ग के बच्चे बड़ी संख्या में कुपोषण के शिकार हैं। उनके आहार में काबोर्हाइड्रेट की अधिकता और प्रोटीन की कमी भी एक बड़ा कारण है । इस का परिणाम होता है अवरुद्ध विकास। एक अनुमान के अनुसार 6.1 करोड़ बच्चे भूख और खराब स्वास्थ्य से पीड़ित हैं। स्वच्छता और संतुलित आहार के लिए कानून, जागरण और सामाजिक सुधार सबकी जरूरत है। कानूनों के बावजूद आज भी बाल-श्रम जारी है। मासूम बच्चे कई शिफ्ट में काम करते हैं और उनको आराम नहीं दिया जाता । उल्टे उन्हें मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना मिलती है। पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पानी विकास की प्राथमिक आवश्यकता होती है।

संविधान के 86 वें संशोधन में 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया है। बच्चों को जरूरत को ध्यान में रख कर नई शिक्षा नीति-2020 में भी कई प्राविधान किए गए हैं जो बच्चों की रुचि, प्रतिभा, मातृ भाषा और संस्कृति के आलोक में उनके समग्र विकास का लक्ष्य पाने के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं। बच्चों के विकास के लिए कई गैर सरकारी प्रयास, भी शुरू हुए हैं जो बच्चों के लिए प्राविधान, उनकी सुरक्षा और प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से काम कर रहे हैं। आम तौर पर भारतीय समाज में बच्चों के प्रति प्रेम के भाव प्रबल होते हैं। बच्चों से मिलना, उनसे बात करना और उनका कोमल स्पर्श प्रीतिकर होता है पर बदलती परिस्थितियों के दबाव के बीच बच्चों पर सकारात्मक रूप से ध्यान देना और उनकी अवस्था के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराना परिवार, समुदाय और स्कूल जैसी संस्थाओं को पुनर्विचार के लिए आमंत्रित करता है।

दो सौ आतंकी हमलों की साजिश

कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद केंद्र ने दिल्ली विस्फोट को ह्यजघन्य आतंकी घटनाह्न करार दिया है। इसे देश–विरोधी ताकतों की आतंकी करतूत माना है, लिहाजा फिर दोहराया गया है कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति बरकरार रहेगी और आतंकियों तथा उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी जांच और सुरक्षा एजेंसियों ने लगातार छापेमारी कर जो साक्ष्य, डायरियां, नोटबुक्स आदि बरामद की हैं, उनसे डॉक्टर आतंकी गिरोह के खौफनाक, नरसंहारी मंसूबे बेनकाब हुए हैं। दरअसल आतंकी 26 जनवरी, 2025 को ही लालकिले पर हमला करना चाहते थे। डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर नबी (दिल्ली विस्फोट में भस्म) ने कई बार लालकिले की रेकी की थी और सुरक्षा–व्यवस्था तथा यातायात की जानकारियां जुटाई थीं, लेकिन वह साजिश नाकाम रही। अब प्रभु श्रीराम की अयोध्या सबसे पहले निशाने पर है। 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराने की रस्म प्रधानमंत्री मोदी निभाएंगे। जाहिर है कि वह एक भव्य आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक समारोह होगा। आतंकी उस दौरान अपनी नापाक साजिश को अंजाम देने की सोच रहे हैं। इसका खुलासा बरामद दस्तावेजों और आरोपित आतंकियों से पूछताछ के दौरान सामने आया है। आतंकी 25 नवंबर के बजाय 6 दिसंबर को राम मंदिर परिसर में ही आतंकी विस्फोट कर सकते हैं। 1992 में इसी तारीख पर कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। बहरहाल सिर्फ लालकिला ही नहीं, राजधानी दिल्ली का इंडिया गेट, गौरीशंकर मंदिर, कांस्टीट्यूशन क्लब (सांसदों की आवाजाही का स्थान), बड़े शॉपिंग मॉल्स, प्रमुख रेलवे स्टेशन आदि भी व्हाइट कॉलर आतंकी गिरोह के निशाने पर हैं। उनकी साजिश है कि 200 से अधिक विस्फोटक आईईडी बनाए जाएं और दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में 26/11 आतंकी हमले की तर्ज पर नरसंहार किया जाए। आतंकी एक साथ करीब 200 आईईडी विस्फोट करने की साजिश पर काम कर रहे थे। फरीदाबाद में जो 2900 किग्रा. अमोनियम नाइट्रेट और आरडीएक्स बरामद किया गया था, वह इसी साजिश के मद्देनजर जमा किया जा रहा था। जनवरी, 2025 से आतंकी डॉक्टर और जैश–ए–मुहम्मद के गुरगे फरीदाबाद के 3–4 कमरों में विस्फोटक जमा कर रहे थे, लेकिन उन बोरों में खाद बताई जाती थी। विस्फोटक सामग्री और रसायन बांग्लादेश के रास्ते, नेपाल रूट से, फरीदाबाद तक लाए गए। अब भी करीब 300 किग्रा. विस्फोटक की तलाश की जा रही है, क्योंकि जांच एजेंसियों को कुल 3200 किग्रा. विस्फोटक होने का खुलासा किया गया है। यह खुफिया–तंत्र की भी बहुत बड़ी नाकामी है, जो इतना विस्फोटक फरीदाबाद के दो गांवों तक पहुंच गया और उसकी भनक तक नहीं लग पाई। यह भी खुलासा अब सामने आया है कि डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर 2021 से तुर्किए जा रहे थे। दोनों के पासपोर्ट में तुर्किए के स्टाम्प मिले हैं। जनवरी, 2025 में दोनों ने शैक्षणिक एवं पेशेवर यात्राएं कीं। जम्मू–कश्मीर पुलिस के जरिए यह खुलासा हुआ है कि तुर्किए में दोनों की मुलाकात जैश के हैंडलर से हुई। हैंडलर का कूटनाम उकासा बताया गया है। उमर हैंडलर के निदेर्शों पर काम कर रहा था और 2021 की यात्रा के बाद ही जेहादी कट्टरवाद की ओर गया। अब खुफिया एजेंसियां तुर्किए में रहने वाले करीब 2000 कश्मीरियों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। बहरहाल डॉक्टर आतंकवाद का अनुभव भारत के लिए नया है।

युवा ही झारखंड की सबसे बड़ी शक्ति : राज्यपाल

डीपीएस बोकारो के वार्षिकोत्सव नक्षत्र में मनाई गई उत्कृष्टता की चमक, 392 मेधावी सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो। डीपीएस बोकारो के वार्षिकोत्सव नक्षत्र में शुक्रवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति है। नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान और सेवा के माध्यम से युवा राज्य और राष्ट्र का भविष्य निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षा को मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सजग, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। समारोह में सत्र 2024-25 के असाधारण प्रदर्शन के लिए कक्षा 6 से 11 तक के 392 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने छात्रों को परीक्षा को उत्सव की तरह लेने और तनाव से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता का भय और अपेक्षाओं का दबाव बच्चों में मानसिक तनाव बढ़ा रहा है, इसलिए ऐसा माहौल बनाना होगा जहां हर बच्चा सुरक्षित और समर्थ महसूस करे। जीवन की सफलता अंकों से नहीं, क्षमताओं और संतुलित सोच से मापी जाती है।

गंगवार ने डीपीएस बोकारो की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय देश के उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है, जिसने अब तक अनेक प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, अभियंता और उद्यमी देश को दिए हैं। उन्होंने विद्यालय की सामाजिक पहलों–दीपांश शिक्षा केंद्र और कोशिश महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र–का उल्लेख कर इसे संस्था की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बताया।

समारोह में वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर आईजी सुनील भास्कर, उपायुक्त अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने मंच से ही वार्षिक पत्रिका डिप्स रिफ्लेक्शन के 37वें संस्करण का विमोचन किया।

नक्षत्र समारोह में राज्यपाल ने विद्यालय के डिप्स वातार्लाप पॉडकास्ट स्टूडियो तथा ह्यअभिनव बिन्द्रा शूटिंग रेंज का भी उद्घाटन किया। विद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति, अनुशासन और कौशल विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

राज्य के 25 वर्ष : बोकारो जिले को पहली महिला विधायक सहित स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन में हुई उन्नति

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो। झारखंड राज्य आज शैशव काल पार कर अपने 25 वे यौवन वर्ष की दहलीज पर खड़ा है। 15 नवंबर सन 2000 ई बिरसा जयंती की दिन एकीकृत बिहार से अलग कर झारखंड का गठन हुआ। इन 25 वर्षों में बोकारो जिले ने भी कई तब्दीलियां देखा।जिले को पहली महिला विधायक सहित जिले में स्वास्थ्य सेवा, औद्योगिक विस्तार, शिक्षा आदि कई क्षेत्रों में प्रगति हुआ। राजनैतिक उठा पटक भी जिले ने देखा जहां किसी भी दल का लंबा अधिपत्य नहीं रहा। 2024 में बोकारो विधानसभा को कांग्रेस पार्टी की श्वेता सिंह बतौर पहली महिला विधायक मिली। ज्ञात हो कि 2000 में वनांचल आंदोलन के दिग्गज नेता समरेश सिंह, बतौर इंडिपेंडेंट प्रत्याशी विधायक रहे। 2005 में कांग्रेस पार्टी के इजरायल अंसारी को जनता का आशीर्वाद मिला। 2009 में समरेश सिंह इस बार जेवीएम के टिकट पर विधानसभा पहुंचे। वहीं 2014 और 2019 में भाजपा से बिरेंची नारायण लगातार दो बार बोकारो विधानसभा से जीत दर्ज की। बोकारो की विधायक श्वेता सिंह ने अपने संघर्ष, दृढ़ निश्चय से ये साबित कर दिया कि महिलाएं भी राजनीति में अपनी पहचान बना सकती हैं। वरिष्ठ, राजनेता स्वर्गीय समरेश सिंह की बहू श्वेता सिंह ने न केवल अपनी पारिवारिक राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि कठिन परिस्थितियों में खुद की एक अलग पहचान भी बनायी. बोकारो में मेडिकेंट सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल, सेक्टर 12, बियाडा कॉलोनी में खुलने से अब लोगों को जटिल इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं जिले में गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज, बोकारो को नैशनल एसेसमेंट एंड एक्रिडीटेशन काऊंसिल, भारत सरकार द्वारा 'बी + +' ग्रेड प्रदान किया गया है। इसके साथ ही गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस ने झारखण्ड युनिवर्सिटी औफ टेक्नोलॉजी, राँची से संबद्ध सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कालेजों के बीच तथा प्रदेश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है. जिससे बच्चों को अब बोकारो में ही उच्च शिक्षा मिल पाएगा। बियाडा इंडस्ट्रियल एरिया, बालीडीह में झारखंड का पहला एथेनॉल प्लांट है जो राइस ब्रान से ऑर्गेनिक पेट्रोलियम बनाने के लिए रॉ मैटेरियल का उत्पादन कर रहा है। चंदनकियारी में वेदांता इलेक्ट्रोस्टील कंपनी सहित कई उद्योग रोजगार के अवसर दे रहें हैं। राज्य सरकार ललपनिया में लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ जो आदिवासी आस्था, परंपरा और प्रकृति के संगम में बहता भक्ति सागर है उसे विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल के रूप में डेवलप कर रहा है जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है।

सांसद खेल महोत्सव फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

नवप्रदेश/नावाडीह। सांसद खेल महोत्सव के तहत नावाडीह में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट गुरुवार को संपन्न हो गया। रोमांचक खिताबी मुकाबले में मासूम फुटबॉल क्लब कतरास की टीम ने बीरु एफ सी गुंजरडीह को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में कतरास ने बोकारो को और गुंजरडीह ने नगलो टीम को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई. खिताबी भिंड़त में कतरास की टीम ने गुंजरडीह को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए कतरास टीम के दीपक हांसदा को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। वहीं मैन ऑफ दी सीरीज का पुरस्कार गुंजरडीह टीम के करण सोरेन को दिया गया। बालिकाओं की प्रदर्शनी मैच में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय नावाडीह की टीम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नावाडीह को 3-0 हराकर विजय रही। मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने विजेता टीम और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नकद राशि क्रमशः 25 हजार व 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। वही सेमी फाइनल को पराजित दोनों टीम को पाँच पाँच हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उन्होंने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव पूरे लोकसभा में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने का सुनहरा अवसर है। महोत्सव के माध्यम से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और आगे चलकर जिले के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने ने कहा कि सांसद टूर्नामेंट से जुड़कर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उचित मंच मिला है। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो ने की। मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष सचिन महतो, डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, पूर्व प्रमुख मोहन महतो, अलाउद्दीन अंसारी, संतोष महतो, फूलचंद किस्कू, कमलेश महतो, दीपक महतो, प्रदीप मंडल, टिकेट महतो, सोनू चौधरी, दीपू अग्रवाल, मिश्रीलाल महतो, बीगन महतो, रणविजय सिंह, गोबिंद महतो, गोपाल विश्वकर्मा, जगरनाथ महतो, अर्जुन महतो, भागीरथ महतो, विजय महतो,दीपक कुमार, विक्की कुमार आदि मौजूद थे।

आदर्श विद्या मंदिर में बाल मेला का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो। शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर चास के प्रांगण में हर्ष उल्लास के साथ बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष अशोक जगनानी एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर रतन केजरीवाल के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।विद्यालय प्रांगण में स्वादिष्ट व्यंजनों को विभिन्न स्टाल में सुसज्जित किये गये थे। भारत के सभी राज्यों तथा विदेशों के भी स्वादिष्ट व्यंजनों का छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने लुत्फ उठाया। साथ ही मनोरंजक खेलकूद तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बुक स्टाल, कला प्रदर्शनी एवं म्यूजिक कार्नर रहा। संगीत की मधुर धुन के साथ बच्चों एवं अभिभावकों ने बाल मेला का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम प्रातः 09:30 बजे से मध्याह्न 1:30 बजे तक चला। मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष अशोक जगनानी, कोषाध्यक्ष मुकेश भगेरिया, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रितेश लोधा, प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ रतन केजरीवाल जी एवं जयप्रकाश तापड़िया ने इस मेला को खूब सराहा एवं बच्चों को चाचा नेहरू के बताए गए कदमों पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य रणजीत कुमार ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों को बाल मेला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवं उनका उत्साह वर्धन दिया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुमन आदित्य के नेतृत्व में शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

कुश्ती खिलाड़ी पहलवानों को मिले सभी संसाधन : धर्मवीर

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो। 26 वीं झारखंड राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हरिहरगंज पलामू में दिनांक 14 से 16 नवंबर 2025 तक सम्पन्न होगा।इस स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए महिला एवं पुरुष वर्ग के फ्री स्टाइल एवं ग्रीको रोमन कुश्ती में हिस्सा लेने के लिए बोकारो जिला के 22 सदस्यीय टीम को बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने रवाना किया और इस अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बोकारो जिला के पहलवान खिलाड़ी होनहार एवं उजार्वान हैं तथा पदक विजेता बनेंगे साथ ही साथ विगत वर्षों की भांति ओवरऑल चैंपियन भी बनेंगे। अगर बोकारो के खिलाड़ियों को उच्च कोटि का प्रशिक्षण एवं संसाधन मिले तो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य एवं बोकारो जिला का सम्मान बढ़ाएंगे। टीम कोच मृत्युंजय नाथ चौधरी है। सभी खिलाड़ीयों का मनोबल बढ़ाने एवं शुभकामनाओं के साथ रवाना करने वाले प्रमुख रूप से उपस्थित थे अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, उमेश कुमार, रामजीत यादव मैनेजर, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, वरीय खिलाड़ी विकास कुमार, सुजीत कुमार, चिंटु यादव, सहित अन्य लोग भी शुभकामनाएं प्रदान किया और विजेता बनने का आशीर्वाद दिया। टीम रात्रि में शक्ति पूंज एक्सप्रेस ट्रेन से चंद्रपुरा जंक्शन से रवाना हुई।

दिल्ली विस्फोट के बाद पलामू में सुरक्षा बढ़ाई गई

नवप्रदेश/मेदिनीनगर। दिल्ली में हुए बम विस्फोट के मद्देनजर व झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ और भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर रांची में प्रस्तावित वीआईपी आगमन को देखते हुए पलामू पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वाहन, होटल, बस-स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी पलामू रिष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने व संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है। जनता से भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध सूचना पर तुरंत पुलिस को खबर दें और अफवाहों से बचें।

झारखण्ड आन्दोलनकारीयो को पलामू जिला प्रशासन सम्मानित नहीं अपमानित कर रही है : सतीश कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। अलग झारखण्ड राज्य के लडाई मे 25 बर्ष के इतिहास में आन्दोलनकारियो के सम्मान में कोई भी सरकार कुछ भी नहीं किया। झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के लगातार आन्दोलन के बाद सरकार ने आन्दोलनकारीयो को सम्मानित करने का आदेश दिया। 15 नवंबर को राज्य सरकार के सुचीवद्ध आन्दोलनकारी को सम्मानित करना है। पलामू जिला के प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त पलामू समीरा एस से मुलाकात कर सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। उपायुक्त ने अनुमंडलाधिकारी सुलोचना मीना के पास फारवर्ड कर दिया। जब एस डीओ से हमारे प्रतिनिधि मिले तो वो कही कि आप बीडीओ से सम्पर्क करे हम सुची प्रखंडों को भेज दिया है। वाह रे राज्य सरकार का आदेश और आन्दोलनकारियो का सम्मान। पलामू पलामू मे एक कहावत है खुरपा से घास और चोंगा से पानी यही चरितार्थ कर रही है जिला प्रशासन। आन्दोलनकारियो को सम्मानित नही जिला प्रशासन अपमानित कर रही है। पलामू प्रमंडल का हेड क्वार्टर होने से यहा कमिश्नर व आई जी मौजूद है मगर जिला प्रशासन बीडीओ सीओ सी आई से सम्मानित करने की सुझाव दे रही है। अन्य जिलों में विशेष आयोजन कर सम्मानित करने की तैयारी की गई है। आज झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के महासचिव पुष्कर महतो के नेतृत्व में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के राचीं आवास में मिल कर इसकी शिकायत की है। मुख्यमंत्री और राज्यपाल महोदय को भी इसकी सूचना दी जाएंगी। आन्दोलनकारी मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर जी को शाल ओडा कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छैतीज आरक्षण 10 प्रतिशत करने के प्रस्ताव व आन्दोलनकारियो को बीमा व भाडा मे रियायत का प्रस्ताव व आन्दोलनकारीयो को सम्मान पेन्शन देने के प्रस्ताव पर बिचार विमर्श किया।

झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर जिले के सभी 1311 ग्राम संगठन में विशेष बैठक आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर जिले के सभी 1311 ग्राम संगठनों में विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया जैसे जागरूकता रैली, स्वास्थ्य शपथ, जेंडर शपथ, पारम्परिक नृत्य, बैठक आदि किया गया। झारखंड राज्य के गौरवपूर्ण 25वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उपायुक्त के आदेशानुसार JSLSP के सखी मण्डल की दीदियों के द्वारा आज जिले के 1311 ग्राम संगठनों (VOs) में विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हुए सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबक, इंस्टाग्राम आदि पार ट्रेंडिंग किया गया। इसका उदेश्य है राज्य के 25 पूर्ण होने के साथ महिला शशक्तिकरण की ओर अग्रतर झारखण्ड आज इस विशेष अभियान मे 1300 से ज्यादा गतिविधि किया गया साथ मे 5 हजार से ज्यादा पोस्ट, रिपोस्ट, रीट्वीट किया गया। इन आयोजनों में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सक्रिय रूप से भाग ली साथ मे जो अच्छा कार्य कर रही कैडर्स कोई प प्रशस्ति और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह पहल झारखंड सरकार और JSLPS के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं की सशक्त भूमिका और आत्मनिर्भर झारखंड की भावना का उत्सव के रूप मे मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी कर-केता सभी जिला प्रबंधक इमरान अहमद, नवल किशोर राजू, मिथिलेश कुमार, अख्तर अंसारी, शेखर लाल, विकास खलखो, अवकेश खलको के साथ में सभी प्रखंड के कर्मी फील्ड कर्मी शामिल हुए।

कॉन्सेप्ट मेंटर्स अकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस

नवप्रदेश संवाददाता



हरिहरगंज। प्रखंड के कौवाखोह मेन रोड़ स्थित कॉन्सेप्ट मेंटर्स अकेडमी सुपर 60 में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गयी। बच्चों ने चाचा नेहरू को याद करते हुए बाल दिवस का महत्व भी समझा। इस मौके पर डायरेक्टर मुकेश आर्यन, शिक्षिका प्रीति कुमारी और श्वेता कुमारी ने टैलेंट सर्च टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने बाल दिवस का केक भी काटा, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बन गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर मुकेश आर्यन ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और नियमित अध्ययन, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी. उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, उनके आदर्शों और बाल प्रेम के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी. पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और हंसी-खुशी से भरा रहा. बच्चे विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुए और दिन को यादगार बनाया।

एक नजर

हरिहरगंज में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज, आज होगा मुकाबला

नवप्रदेश/हरिहरगंज। हरिहरगंज शहर के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर माहौल पूरी तरह से खेलमय रहा। महिला और पुरुष दोनों वर्ग के पहलवानों का जमावड़ा हरिहरगंज में उमड़ पड़ा। प्रतियोगिता में भाग लेने आए सभी पहलवानों का वजन किया गया। कुश्ती संघ के संरक्षक विश्वनाथ सिंह ने बताया कि हरिहरगंज में पहली बार इतने बड़े स्तर पर प्रतियोगिता होने से लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार व रविवार को पहलवान अलग-अलग वजन वर्ग में अखाड़े में उतरेंगे और जोरदार मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में कई ऐसे नामी पहलवान भाग ले रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है. उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले पहलवानों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आयोजन को सफल बनाने में कुश्ती संघ के कंधा सिंह, रंजीत बहादुर सिंह, समाजसेवी राजीव रंजन, रॉबर्ट गुप्ता, विश्वदीप गुप्ता, निरंजन प्रसाद, शशि गुप्ता, संजय गुप्ता, संतोष प्रजापति, मुन्ना विश्वकर्मा, गंगा जायसवाल सहित कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवप्रदेश/हरिहरगंज। हरिहरगंज शहर के ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर अरुणजय कुमार और प्रिंसिपल रंजन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वाद्ययंत्र, नृत्य, गीत और कविता की सुन्दर प्रस्तुतियां दीं. बच्चों के मनोरंजन के लिए क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। वहीं नर्सरी से छठी तक के बच्चों के लिए स्कूल द्वारा मध्यान भोजन की व्यवस्था की गयी, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर अरुणजय कुमार ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व, बच्चों के प्रति उनके प्रेम तथा बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. इस मौके पर शिक्षिकाएं निशा, शैली मिश्रा, सुप्रिया, सिमनी, प्रियंका, जूली, राधा, सरिता, हेमा, प्रिया, कंचन तथा शिक्षक गुप्ता सिंह व अमन कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत के एक राष्ट्रीय त्योहार है : डायरेक्टर



नवप्रदेश/नावाबाजार। नावाबाजार एमआरडी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह हर्षोल्लास से डाइरेक्टर बाल देव यादव के के अध्यक्षता में मनाया गया,जिस कार्यक्रम के संचालन शैलेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद डाइरेक्टर बाल देव यादव एवं स्कूली बच्चों ने केक काट कर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया, उक्त मौके पर डाइरेक्टर बाल देव यादव ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू अपने जीवन में बच्चों से सबसे ज्यादा प्यार करते थे, आज बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का एक राष्ट्रीय त्योहार है, इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके विकास व शिक्षा के महत्व को उजागर करना है। मौके पर मनोज यादव, प्रभारी प्राचार्य कामरुप सिन्हा, शिक्षक अरबिंद कुमार पांडे, सुरज पांडे, दीपक ठाकुर, शेखर कुमार,संजिव कुमार, स्मीता सिन्हा, अनीता सिन्हा, कृति, सुमन, रिचा कुमारी, श्रेया अन्यामन्या कुमारी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं अभिवावक गन्न मौजूद थे।

संत मरियम स्कूल की झांकी में दिखेगी झारखंड स्थापना और विकास की झलक

नवप्रदेश/मेदिनीनगर। झारखंड राज्य के स्थापना के रजत जयंती समारोह के मौके पर संत मरियम स्कूल के द्वारा एक झांकी प्रस्तुत की जाएगी। यह झांकी संत मरियम स्कूल से निकलकर शहर के प्रमुख चौक चौराहा से होता हुआ नगर भ्रमण कर पुनः स्कूल परिसर में आकर समाप्त होगी। उक्त बातें विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शिक्षकों के साथ बैठक कर कही। उन्होंने कहा कि झारखंड स्थापना की 25 साल पूरा होने पर पूरे राज्य में उत्सव और खुशी का माहौल है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों ने झांकी के जरिए अपना योगदान देने का प्रयास कर रहे है। झांकी बनाने में शहर के जाने माने कलाकार विकास कुमार पप्पू सहयोग कर रहे है, साथ ही विद्यालय के शिक्षक रौशन कुमार, संतन कुमार आदि भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस झांकी में विरसा मुंडा से लेकर हेमंत सोरेन तक झारखंड के गौरवशाली सफर को दिखाया जाएगा। यह शहर के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। इस झांकी में विद्यालय के 250 बच्चे व शिक्षक शामिल होंगे। छह मुहान चौक पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

एनडीए की प्रचंड जीत पर हरिहरगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

नवप्रदेश/हरिहरगंज। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत पर शुक्रवार को हरिहरगंज में भाजपा कार्यकताओं ने उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर और पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया. पूरे बाजार क्षेत्र में विजय के नारों से उत्साह झलक रहा था। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, गंगा जायसवाल, उमेश साव, सत्येंद्र पासवान, भीमसेन शर्मा, राजू गुप्ता, विजय प्रसाद यादव, अरविंद पासवान, राजेश दास, गणेश शौंडीक, सिकंदर पासवान, गुप्ता साव, कृष्णा शौंडीक, करण राजवीर, अशोक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बिहारवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नेताओं ने कहा कि बिहार की जागरूक जनता ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर विश्वास जताया है. कार्यकताओं ने उम्मीद जताई कि एनडीए सरकार राज्य के विकास को नई रफ्तार देगी।

घाटशिला उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत पर चंदवा में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने मनाया भव्य जश्न

नवप्रदेश संवाददाता

लातेहार। चंदवा घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को मिली बंपर जीत के बाद पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में चंदवा में महागठबंधन के कार्यकताओं ने जोरदार ढंग से विजय उत्सव मनाया। इस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने भाजपा के बाबूलाल सोरेन को 38,524 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया। यह जीत बताती है कि झारखंड की जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा की नीतियों, नेतृत्व और जनहितकारी कार्यों पर अटूट विश्वास रखती है। जश्न के दौरान बमझ्पटाखे फोड़े गए, मिठाइयां बांटी गईं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में झामुमो के अनेक वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से-जिला उपाध्यक्ष सित मोहन मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित कुमार तिवारी, प्रखंड सचिव रॉबिन उरांव, छात्रसंघ जिला अध्यक्ष राजेंद्र भगत, मोहम्मद सरफराज, ब्रह्मदेव प्रजापति, बबलू राही, शंकर उरांव, असगर अली, बबलू राय, साजिद उर्फ धुन, दीपू गंझु, रतनु गंझु, नवनीत साहू, कमेश उरांव, रवि शंकर राम, सेराज अंसारी, महबूब अंसारी, राजू अली, समीम, मोहम्मद एकराम, असगर खान, श्रीराम शर्मा, मोहम्मद आलम, अख्तर अंसारी, मोहम्मद मासूम तथा दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। नेताओं ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है – यह विजय इस बात का प्रमाण है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हर एक परिवार, हर एक वर्ग और हर एक सामाजिक हित के लिए ईमानदारी से कार्य कर रहा है। झारखंड की जनता हमारे यशस्वी युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व से बेहद खुश और संतुष्ट है। मुख्यमंत्री महोदय की नीतियां, पारदर्शिता तथा आमजन के लिए चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के दिल तक पहुंच चुकी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा-यह जीत हमारे झारखंड की जीत है, यह जनभावना की जीत है, यह महागठबंधन की एकजुटता की जीत है। झामुमो प्रदेश को नई दिशा देने में लगातार सफल हो रहा है और जनता का आशीर्वाद यही संदेश देता है कि आने वाले दिनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा और भी मजबूत होकर प्रदेश की सेवा करेगा। यह पूरा विजय उत्सव झारखंड मुक्ति मोर्चा चंदवा प्रखंड कमेटी के सशक्त नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहाँ सभी साथियों ने मिलकर एकजुटता और संगठन की मजबूती का शानदार परिचय दिया।

घाटशिला उपचुनाव में खटट की प्रचंड जीत, बालूमाथ प्रखंड कमेटी में मनाया गया जश्न

नवप्रदेश/बालूमाथ। झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार श्री सोमेश चंद्र सोरेन की घाटशिला उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बालूमाथ प्रखंड कमेटी ने खुशी का इजहार किया। जीत की जानकारी मिलते ही प्रखंड कार्यालय में सभी सम्मानित कार्यकर्ता एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। प्रखंड अध्यक्ष श्री प्रदीप गंझू ने कहा कि झारखंड की इस ऐतिहासिक विजय में पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन जी के कार्यों और उनकी लोकप्रीयता का बड़ा योगदान है। साथ ही माननीय हेमंत सोरेन जिस प्रकार विकास की गति को आगे बढ़ा रहे हैं, उसी का परिणाम आज जनता ने दिया है।जश्न के मौके पर झामुमो नेता मो. इमरान, ऐश्वर्या उरांव, मुनाजिर हुसैन, उपाध्यक्ष मो. सरफराज, उपाध्यक्ष सीता उरांव, सचिव कपिल देव उरांव, पंचायत अध्यक्ष बालूमाथ राजू गंझू, पंचायत अध्यक्ष धाधू बीरनदेव उरांव, पंचायत अध्यक्ष बसिया साबिर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष मासीयातू रामकेवल उरांव, संतोष गंझू, मो. अलीम, मो. अबूबकर, मो. जमाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनजातीय गौरव दिवस और बाल दिवस पर बालूमाथ में छात्राओं की रैली

नवप्रदेश संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस और बाल दिवस के अवसर पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने संयुक्त रूप से एक विशाल रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर ढुलवाही, आदर्श नगर, मुरपा मोड़, कसियाडीह, प्रखंड कार्यालय होते हुए दिवाकर नगर तक निकाली गई। करीब 300 मीटर लंबी इस रैली में छात्राओं ने रंग-बिरंगे झंडों के साथ जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंदन दास, शिक्षक निर्मल सिंहा, विमला कश्यप, अरशद शाहनवाज, मालती कुजूर तथा आवासीय विद्यालय की वार्डन कांति कुजूर, रेखा कुमारी, उदय पांडे और रूपा कुमारी समेत कई लोग शामिल रहे।

झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर लातेहार में 616 ग्राम संगठनों ने मनाया समारोह

नवप्रदेश/लातेहार। झारखंड राज्य के गौरवशाली 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती समारोह के तहत शुक्रवार, 14 नवंबर 2025 को पलाश जे.एस.एल.पी.एस लातेहार द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के प्रत्येक गाँव में कुल 616 ग्राम संगठनों के सखी मंडल की दीदियों ने रजत जयंती समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत सखी मंडलों की दीदियों द्वारा सामाजिक जागरूकता एवं सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने वाली शपथों के साथ हुई। इसमें जेंडर समानता, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा निषेध, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा निषेध, स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता तथा अपने संगठन में दस-सूत्र के पालन की शपथ शामिल रही। शपथ ग्रहण के बाद सभी ग्राम संगठनों में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा आयोजित की गई। इसमें झारखंड राज्य की स्थापना के बाद पिछले 25 वर्षों में हुई प्रगति, अगले पाँच वर्षों में गाँव में अपेक्षित बदलाव, महिलाओं एवं समुदाय में खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य तथा हअरल्ठ से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सीआईएफ ऋण वापसी योजना, 100% ऋण वापसी रणनीति और बैंक ऋण व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक ग्राम संगठन से तीन उत्कृष्ट सखी मंडलों को पुरस्कृत किया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ कैडर को सम्मानित किया गया। रजत जयंती वर्ष पर आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने, महिलाओं की सहभागिता को मजबूत करने और संगठनात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

हिंडाल्को अपनी मनमानी से बाज नहीं आती हैं तो की जाएगी कठोर कार्रवाई : धीरज साहू

नवप्रदेश संवाददाता

लातेहार। लातेहार लोहरदगा थाना रोड स्थित साहू सदन में पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक माननीय धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई, बैठक में तीनों एसोसिएशन लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन, पाखर रिचूघूटा चंदवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन (आदर्श मोटर समिति)के पदाधिकारी शामिल हुए ,सभी ने माननीय संरक्षक से कहा कि पिछले कई दिनों से हिंडाल्को कंपनी के द्वारा सभी माइंसों में जबरदस्ती नए नंबर लगाने के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दबाव दिया जा रहा है और किसी न किसी बहाने से हिंडाल्को कंपनी चाहती है कि माइंसो में ट्रकों का नया नंबर लगना शुरू हो, और पिछले दिनों पाखर रिचुघूटा में दो नए ट्रकों को कंपनी के द्वारा लोडिंग के लिए भेज दिया गया था। जब सभी ट्रक मालिको ने इसका विरोध किया तो दो दिनों बाद उन खाली ट्रकों को नीचे मंगाया गया, जिसको लेकर तीनों संगठन ने माननीय धीरज प्रसाद साहू से कहा कि जब आपके नेतृत्व में 2022 के बाद कोई भी नया नंबर नहीं लगेगा यह तय किया गया तो उस पर संगठन कायम है और किसी भी स्थिति में हम लोग नया नंबर नहीं चाहते हैं क्योंकि सभी माइंसों में जरूरत से ज्यादा ट्रकों की भरमार होने के कारण महीने में 2,4,8 ट्रिप में ट्रक चल रहे हैं और अगर हिंडाल्को कंपनी अपनी मनमानी करेगी और हिंडाल्को कंपनी फूट डालो शासन करो की नीति अपना रही है ,कहीं ना कहीं कंपनी एसोसिएशन के विरोध में कार्य कर रही है जिसको एसोसिएशन बर्दाश्त नहीं करेगी और और माइन्स में आ रही सभी समस्याओं से माननीय धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराया गया। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय धीरज प्रसाद साहू ने कहा की हिंडाल्को कंपनी अगर अपनी मनमानी करती है तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, यह सुनिश्चित है कि एसोसिएशन जो चाहेगी। ऑनर जो चाहेंगे, वही होगा, धीरज प्रसाद साहू ने हिंडाल्को कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा है कि अब फूट डालो और राज करो की नीति नहीं चलेगी, हिंडाल्को अपनी हरकतों से बाज आ जाए वरना ऐसी बंदी कराई जाएगी की सभी माइंस और सभी ट्रक एक साथ बंद हो जाएंगे। वहीं प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी आ रही परेशानियों से माननीय धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराया गया।

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा का सफाई अभियान

प्रतिमाओं की साफ-सफाई व माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

लातेहार। देश के आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई की ओर से जिले भर में महापुरुषों की प्रतिमाओं के समक्ष व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रतिमाओं की सफाई कर माल्यार्पण किया और बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि यह अभियान बिरसा मुंडा की स्मृति को नमन करने और उनके संघर्ष व आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिरसा मुंडा जयंती को ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्न के रूप में मनाने का निर्णय ऐतिहासिक है और इसे जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं। साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम के जिला संयोजक राकेश दुबे सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी अभियान में शामिल रहे। पंकज सिंह ने बताया कि शाम करीब 5 बजे जिले के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश दुबे, विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडे, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, नगर सांसद प्रतिनिधि आनंद सिंह, नगर महामंत्री उत्तम कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, नगर मंडल उपाध्यक्ष सोनू सिंह, अमर विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिजली एसडीओ से वार्ता के बाद चौंथा दिन किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह आंदोलन समाप्त

आश्वासन में दिए गए समय अवधि पर काम शुरू नहीं हुआ तो पंद्रह दिन बाद पुनः आंदोलन : अयुब खान

नवप्रदेश संवाददाता

चंदवा। सांसद आदर्श ग्राम अठुला-चटुआग के किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह आंदोलन चौथा दिन भी जारी रहा, किसानों गड्ढे में बैठकर अपनी मांगों को लेकर डटे हुए थे। चटुआग ग्राम के दर्जनों टोलों में पोल और बिजली तार लगाने तथा अठुला समेत अन्य टोलों में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर किसान आंदोलन की राह पर थे। दोपहर में बिजली विभाग के एसडीओ बिरसा उरांव, बिजली कर्मचारी मो0 अली, मोईजी कंपनी के ठिकेदार अशोक यादव, पंकज कुमार आंदोलन स्थल अठुला चटुआग पहुंचे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पंचायत समिति सदस्य अयुब खान तथा मुखिया नरेश भगत, किसान जीदन टोपनो, सनीका मुंडा, रामबृछ गंझु, ललुआ गंझु, बिजेंद्र गंझु से एसडीओ की वार्ता हुई, वार्ता में एसडीओ ने कहा कि एक सप्ताह में पोल खुटा गिर जाएगा, पोल खुटा व तार लग जाएंगे, जहां ट्रांसफार्मर की जरूरत है वहां लगाया जाएगा की आश्वासन दिया, एसडीओ के आश्वासन पर किसानों ने चौंथा दिन जमीन समाधि सत्याग्रह आंदोलन समाप्त कर दिया।

कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता और अयुब खान के बीच फोन से वार्ता हुई, कार्यपालक अभियंता ने भी कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन विद्युत कार्यपालक अभियंता लातेहार के पदनाम सौंपा जिसमें ग्राम चटुआग के टोल अठुला, कारी टोंगरी, उबका पानी, पहना पानी, परहैया टोला, लोहराही, पोक्या, चोरझरीया, पुरंमपनियां, भेलवाही, बगडेगवा, चरकापत्थल समेत अन्य टोलों में सर्वे कर पोल खुटा, तार लगाने, आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर देने, भुसाढ़ के भंडारगढ़ा स्थित बांड़ी सीमर टोला में विद्युतीकरण करने की मांग की गई है।

पंसस अयुब खान ने कहा कि आश्वासन में दिए गए समय अवधि पर काम शुरू नहीं हुआ तो पंद्रह दिन बाद पुन आंदोलन छेड़ा जाएगा। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि किसान बांस, लकड़ी के खुटा बल्ली और पेंड़ के सहारे बिजली तार खींचकर घरपर बिजली जला रहे थे।

हर वर्ष पानी से बांस बल्ली सड़कर जमीन पर गिर जाता था, गिरने से कई दुर्घटना भी हो चुकी है, आदमी बकरी और गाय पर अबतक तार गिर चुका है, भगवान का शुक्र है कि अबतक जान माल का नुकसान नहीं हुआ, किसान प्रत्येक वर्ष पोल खुटा की जगह उपयोग होने वाले बांस बल्ली को बदल रहे हैं ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

गांव के अधिकांश घरों में तार पोल नहीं है, आजादी के बाद भी टोलों में तार पोल नहीं लगाया गया है, पोल तार के अभाव में लोग काफी परेशान हैं, यह एक बड़ा ही भयावह सच है कि देश की आजादी के बाद भी इस गांव के किसानों की बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा नहीं की गई। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, बिजली कर्मचारी मो0 अली, मोईजी कंपनी के ठिकेदार अशोक यादव, पंकज कुमार, किसान फगुनी भेंगरा, बीनीता कोंगाड़ी, फुलो भेंगरा, सीमा केरकेट्टा, उरमीला भेंगरा, जीदन टोपनो, रामबृछ गंझु, ललुआ गंझु, मुना मुंडा, अंधरियस टोपनो, भीखू गंझु, टुला गंझु जगेशर गंझु, बुधराम बारला , बिजेंद्र गंझु, गोबिंद गंझु, नेमा परहैया, दिलवा गंझु, पेरटा गंझु, अमीत भेंगरा, अभिराम बारला, छोटेलाल भेंगरा, चमरा होरो, धुमा भेंगरा, भुखल गंझु, बोने टोपनो, जागो गंझु, पलिंजर गंझु समेत कई लोग मौजूद थे।

झारखंड स्थापना दिवस पर ग्राम संगठन स्तरीय विशेष आयोजन संपन्न

नवप्रदेश/बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झाबर पंचायत भवन में झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा ग्राम संगठन स्तरीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम आत्मनिर्भर झारखंड, सशक्त महिलाएं, समृद्ध गांव रही। मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने महिलाओं की आर्थिक सशक्तता को राज्य विकास की आधारशिला बताते हुए स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह (कोमर), पूर्व फुटबॉलर सुरेश सिंह, पूर्व मुखिया ऐश्वर्या उरांव, वर्तमान मुखिया शीलो देवी, वासुदेव उरांव सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने राज्य निर्माण से लेकर आज तक महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला समूह सदस्याएं शामिल हुईं और अपने अनुभव साझा करते हुए स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।

सड़क दुर्घटना में उपप्रमुख के पति सह झामुमो नेता गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

नवप्रदेश/बालूमाथ। बालूमाथ चतरा मुख्य मार्ग पर बारियातू चौक स्थित बजरंग मेडिकल के पास शुक्रवार संध्या कार और ट्रक की जोरदार टक्कर में बारियातू प्रखंड की उपप्रमुख निशा सहदेव के पति एवं झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष लाल आशिष नाथ शहदेव गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार वाहन के अनियंत्रित होने से हुआ। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। उधर, समाजसेवियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घायल झामुमो नेता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

एक नजर

रंगदारी के एक मामले में सुजीत सिन्हा बरी

नवप्रदेश/लातेहार। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी उत्कर्ष जैन की अदालत ने जीआर वाद संख्या 320/20 ए की सुनवाई करते हुए आरोपी कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा को शुक्रवार 14 नवंबर को दोष मुक्त करार दिया है। आरोपी के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि तत्कालीन पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम के आवेदन पर गत 7 मार्च 2020 को रेलवे के ठेकेदारों से जिले में संचालित विकास योजनाओं में रंगदारी मांगने एवं आगजनी रक्तपात करने की धमकी देने सहित रेलवे ठेकेदारों से दहशत फैला कर वसूली करने केआरोप में कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा एवं अमन साहू के खिलाफ नामजद प्राथमिकी लातेहार थाना कांड संख्या 49/20 भादवि की धारा 467, 468, 471, 386, 387, 504, 506,34 एवं 66 सी आईटी एक्ट के तहत दर्ज कराया था। उक्त मामले का विचारण श्री जैन की अदालत में चल रहा था। लातेहार थाना पुलिस ने 20 अक्टूबर 2021 को सुजीत सिन्हा का इस मामले में रिमांड कराया था। अभियोजन पदाधिकारी आर एन चौरसिया ने इस मामले में गवाहों को अदालत में पेश किया। गवाहों के बयान एवं दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत श्री जैन की अदालत ने विचारण झेल रहे सुजीत सिन्हा के विरुद्ध साक्ष्य नहीं पाए जाने पर उन्हें आरोप मुक्त कर दिया है। अधिवक्ता श्री कुमार ने बताया कि सुजीत सिन्हा को साहिबगंज जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खचाखच भरी अदालत में पेश किया गया। उक्त मामले में अदालत ने गत 8 जून 2020 को अपराध का संज्ञान लिया था तथा 15 फरवरी 2025 को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत आरोपियों की बयान कलमबद किया था। मालूम हो अमन साहू की मृत्यु के उपरांत इस मामले की सुनवाई अलग कर जीआर वाद संख्या 320/ 20 ए के तहत किया जा रहा था।

पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने दो लाभुकों को सौंपे 50-50 हजार के चेक



नवप्रदेश/लातेहार। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गंभीर बीमारी से जूझ रहे दो जरूरतमंद मरीजों को महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान की। लातेहार प्रखंड के जालिम निवासी मिथलेश गिरी और चंदवा प्रखंड की अनवरी बेगम लंबे समय से गंभीर बीमारी से परेशान हैं. दोनों ही आर्थिक संकट के कारण अपना समुचित उपचार कराने में असमर्थ थे. इसी स्थिति को देखते हुए बैद्यनाथ राम ने शुक्रवार को अपने आवास पर मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभुक को 50-50 हजार रुपये का चेक सौंपा। यह सहायता उनके उपचार में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी और उनके परिवारों को राहत का संबल देगी। चेक प्राप्त करते समय दोनों लाभुकों ने पूर्व मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहायता उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में बड़ी उम्मीद लेकर आई है। इस अवसर पर झामुमो नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक कुमार और चंदन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैद्यनाथ राम ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना उनका नैतिक दायित्व है और आगे भी वे ऐसे कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

सरकारी स्कूल एवं आंगनवाड़ी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाना अब हुआ आसान : बिडीओ

नवप्रदेश/बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड में सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया अब और सरल कर दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने नई व्यवस्था लागू करते हुए कहा कि अब अभिभावकों को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एफिडेविट की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे लोगों को अनावश्यक खर्च और समय की बबार्दी से राहत मिलेगी। निर्देश के अनुसार, जन्म प्रमाण पत्र के लिए अभिभावकों को केवल एक घोषणा पत्र भरना होगा। इस घोषणा पत्र पर संबंधित विद्यालय के हेडमास्टर या आंगनवाड़ी सेविका के हस्ताक्षर एवं सत्यापन अनिवार्य रूप से कराए जाएंगे। इसके साथ ही, आवेदन प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए तीन गवाहों का सत्यापन भी आवश्यक रखा गया है। बीडीओ ने बताया कि कई गरीब एवं ग्रामीण परिवार एफिडेविट की प्रक्रिया में होने वाली औपचारिकताओं और खर्च के कारण बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में असमर्थ रहते थे। इस नई सुविधा से अब प्रखंड के अधिक से अधिक बच्चों के दस्तावेज समय पर तैयार होंगे, जिससे स्कूल में नामांकन, छात्रवृत्ति, योजनाओं का लाभ और भविष्य में अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में आसानी होगी। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन और आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि वे अभिभावकों को नई व्यवस्था की जानकारी दें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

जिला कांग्रेस कार्यालय में नेहरू जयंती धूमधाम से मनाई गई

नवप्रदेश/लातेहार। जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव ने नेहरू जी को भारत का सबसे महान प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि उन्होंने उस दौर में देश का नेतृत्व संभाला, जब अंग्रेज देश को आर्थिक रूप से कमजोर कर गए थे। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने भारत को नई दिशा दी और एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र बनाने की आधारशिला रखी। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव ने कहा कि नेहरू बच्चों के प्रिय थे, इसलिए उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने शिक्षा, कृषि और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में जो मजबूत आधार तैयार किया, उसका लाभ आज देश को मिल रहा है। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व में IIT, AIIMS और भाखड़ा नांगल बांध जैसे कई महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना हुई, जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव, युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव सहित हसमद अंसारी, वाजिद अंसारी, फूलचंद यादव, अरुण यादव, ज्योति प्रकाश दुबे, मनोज पासवान, मुनिप यादव, संदीप कुमार, अक्षय कुमार, पंकज उरांव, रघुनाथ सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

9-10 हमलावरों ने ट्रैक्टर चालक का अपहरण कर की बर्बर पिटाई, पीड़ित गंभीर



नवप्रदेश/लातेहार। चंदवा थाना क्षेत्र के बुलहू गांव में रविवार शाम एक ट्रैक्टर चालक पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बुलहू निवासी अजय लोहरा (उम्र लगभग 40 वर्ष), पिता रामदेव लोहरा, अपने ट्रैक्टर की मरम्मत करवाकर ब्रह्मणी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुलहू के समीप पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे 9–10 लोगों ने उन्हें घेर लिया। पीड़ित ने अपने लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि सभी हमलावर भाला, गड़ासा, तलवार और पिस्तौल से लैस थे। आरोपियों में चन्द्रदेव गंझू, सुनिल गंझू, अमेरिका गंझू, विकास गंझू, रोहित गंझू, मिन्टू गंझू, अमरेश गंझू, सूरज गंझू और मुकेश गंझू शामिल बताए गए हैं, जो सभी बुलहू गांव के ही निवासी हैं। अजय लोहरा के अनुसार, आरोपियों ने पहले उनका अपहरण किया, फिर बेरहमी से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में उनका बांया हाथ टूट गया और तलवार से सिर पर वार कर गहरी चोट पहुंचाई गई। आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि इसे जान से मारकर रेलवे लाइन पर फेंक दो और खबर फैला दो कि ट्रेन से कट गया। किसी तरह जान बचाकर ग्रामीणों की मदद से पीड़ित सदर अस्पताल, लातेहार पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। बाद में उन्होंने चंदवा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर न सिर्फ घटना की जानकारी दी, बल्कि नामजद सभी अभियुक्तों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही पीड़ित को बार-बार घर में जाकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि यदि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे दोबारा बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बालूमाथ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो अवैध कोयला लदे ट्रक जब्त

नवप्रदेश/बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र में अवैध खनन और कोयला तस्करी पर नकेल कसते हुए स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी सफलता हासिल की। चमातू गांव स्थित तालाब के पास पुलिस ने छापेमारी कर अवैध कोयले से भरे दो ट्रकों को जब्त किया। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का परिवहन किया जा रहा है। निर्देश पर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने चमातू पुलिस पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया।टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रकों की तलाशी ली।

मुहांसे हो सकते है तनाव का कारण

चेहरा इंसान की पहचान होता है और सुंदर त्वचा चेहरे के सौंदर्य को कई गुना बढ़ा देती है। चमकीली और मुलायम त्वचा तो हर कोई चाहता है, लेकिन अक्सर उम्र बढ़ने के साथ या खराब जीवनशैली के कारण यह अपना आकर्षण खो देती है। त्वचा की कई समस्याएं हैं, लेकिन मुहांसे सबसे ज्यादा लोगों को परेशान करते हैं। त्वचा को प्रभावित करने में मौसम के अलावा तनाव भी मुख्य भूमिका निभाता है। शोध में पाया गया कि आहार और साफ-सफाई के अलावा तनाव भी त्वचा को प्रभावित करता है। कई लोग जो तनावग्रस्त होते हैं उनके मुहांसे और गम्भीर हो जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन किशोरों में परीक्षा का तनाव होता है, उनमें मुहांसे उभरने या उभरे हुए मुहांसे और गम्भीर होने की सम्भावना अधिक होती है। नई दिल्ली स्थित तुलसी हेल्थ केयर के मनोचिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता का कहना है कि परीक्षा के वक्त किशोरों को चेहरे पर मुहांसे भी उभरने के साथ पक भी जाते है। तनाव से खाज और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। देखा जाए तो त्वचा हमारे मन की स्थिति का आईना होता है। किशोरावस्था में मुंहासे होने का कारण शरीर में होने वाले हार्मोंस से संबंधित बदलाव होते हैं। इसके अलावा इस उम्र में बच्चे तनाव का शिकार भी जल्दी होते हैं। पीयर प्रेशर और हमेशा सुंदर दिखने का दबाव उन पर रहता है।

यही वजह है कि टीनएजर मुंहासे होने पर गहरे तनाव में घिर जाते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर इससे होने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभावों को समझें और जानें। जो माता-पिता बच्चों की इस समस्या को उचित मार्गदर्शन से सही कर सकते हैं उनके बच्चे इस समस्या से उबर सकते हैं। मुंहासे जवानी में भी हो सकते हैं। लगभग 50 प्रतिशत जवान महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुषों को जवानी में यह समस्या निरंतर जकड़े रहती है। कई महिलाएं तो इनके कारण डिप्रेशन के शिकार हो जाती हैं। इन मुंहासे के होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे वातावरण का प्रभाव, शारीरिक और हारमोन्स से संबंधित होने वाले बदलाव वगैरह। जिस समय व्यक्ति तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल हार्मोंस का स्राव बढ़ जाता है जिसके कारण शरीर में त्वचा की ग्रंथियों से सीवम नामक हारमोन का स्राव

ज्यादा होने लगता है जिसके कारण मुंहासे होते हैं। इसके अलावा यह ब्लैक हेड्स और व्हाइट हेड्स होने का भी कारण हो सकता है। अतः तनाव को बेहतर तरीके से हैंडल करना चाहिए। तनाव का प्रभाव शरीर पर न पड़े इसके लिए खुश रहें और पूरा आराम करें। पर्याप्त आराम, एक्सरसाइज और सकारात्मक नजरिए से तनाव पैदा होने वाली तमाम स्थितियों से काफी हद तक बचा जा सकता है।

मुंहासों की समस्या यदि ज्यादा गंभीर होने लगे तो इसके लिए डॉक्टर से परामर्श करें। अपने भोजन और लाइफ स्टाइल में बदलाव करें। रिफाइंड काब्रोहाइड्रेट युक्त आहार व कैफीन मात्रा में लें। लो-फैट डाइट लें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। हालांकि मुंहासे की समस्या को देखने का हर व्यक्ति का अपना नजरिया होता है। कुछ लोगों को यह एक बड़ी गंभीर समस्या लगती है उन्हें लगता है कि इससे उनका चेहरा भद्दा लगता है। इन्हें देखकर उन्हें गुस्सा आता है और वे तनावग्रस्त हो जाते है। स्त्री, पुरुष, किसी भी आयु वर्ग के, किसी भी देश के व्यक्ति मुंहासों की जद में आ सकते है।

दिन में कम से कम चेहरे को तीन बार सादे पानी से धोएं, लेकिन ध्यान रहे साबुन या फेसवॉश का इस्तेमाल दिन में एक बार ही करें, क्योंकि इनके ज्यादा प्रयोग से त्वचा को नुकसान पहुंचता है और वह रूखी हो जाती है।

खास टिप्स

पिंपल्स जितने अधिक समय तक रहेंगे, दाग उतने ही गहरे होंगे, इसलिए तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों में मुहांसों की समस्या होती है, उनके शरीर में इंसुलिन का स्राव औसत से अधिक होता है। इससे बचने के लिए अपने भोजन में कार्बोहाइड्रेट और डेयरी उत्पादों का सेवन कम करें।

कुछ अनुसंधानों में यह बात सामने आई है कि अधिक मात्रा में दूध और दुग्ध उत्पादों का सेवन करने से भी मुहांसों की समस्या हो जाती है।

चेहरे को जोर-जोर से न रगड़ें। मुहांसों को दबाएं या फोड़े नहीं। ज्यादा तैलीय, मसालेदार भोजन न खाएं।

चेहरे की त्वचा को साफ रखें। चेहरे पर ऑयल फ्री प्रोडक्ट लगाएं।

तनाव न लें, क्योंकि इससे हार्मोन्स का संतुलन गड़बड़ा जाता है, जो मुहांसों का कारण बन जाता है।

ब्लीच, फेशियल या स्टीम न लें। मेकअप का प्रयोग भी न करें, इससे मुहांसे जल्दी ठीक हो जाएंगे।

धूप में हमेशा सनस्क्रीन लगाएं, यह न सिर्फ त्वचा की रक्षा करता है, बल्कि स्किन कैंसर के खतरे को भी कम करता है। इससे पिग्मेंटेशन भी कम होता है और झुर्रियां भी जल्दी नहीं पड़तीं।

धूम्रपान करने से त्वचा के इलास्टिन और कोलेजन नष्ट हो जाते हैं, जिससे इसका मुलायमपन खत्म हो जाता है।

तनाव न लें, क्योंकि तनाव से त्वचा को नुकसान पहुंचता है और यह अति संवेदनशील हो जाती है। रोजाना चार-पांच लीटर पानी पिएं।

दिन में दो बार किसी अच्छे फेसवॉश या माइल्ड साबुन से चेहरा धोएं। रात को नाइट क्रीम लगाएं। यह त्वचा को पोषण प्रदान करती है।

व्यायाम और योग करें, इससे रक्त का संचरण बढ़ता है, तनाव कम होता है, जिससे त्वचा की कई समस्याएं दूर हो जाती हैं।

त्वचा की रंगत और स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों, मौसमी फलों, मेवों और दही को शामिल करें और जंक फूड, सॉफ्ट ड्रिंक से बचें।

ग्रीन टी का सेवन करें, क्योंकि इसमें एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं, जो सुंदर त्वचा के लिए वरदान होते हैं।

त्वचा को पानी की आवश्यकता होती है। ढ़ेर सारा पानी पिएं, इससे त्वचा साफ, मुलायम और बेदाग बनेगी।

अंदर से तरोताजा रहने के लिए खूब सारा पानी पीएं। इससे शरीर से गंदगी बाहर निकलती है और बॉडी में नए सेल्स बनते हैं। शरीर की तरह स्किन को चकमदार और स्वस्थ बनाए रखने के लिए पानी की बेहद जरूरत है। रात को सोने से पहले कम से कम 1-2 गिलास पानी पिएं। ये आपकी स्किन में मौजूद नुकसानदेह टॉक्सिन्स को निकालने में मदद करता है। जितना हो सकें लिक्विड लें। पानी की जगह हर दिन दो गिलास जूस अवश्य लेना चाहिये। इससे स्किन में पोषण पहुंचेगा और स्किन ग्लो करेगी।

कहीं मुश्किल में न डाल दें ये सेहतमंद आदतें

स्वस्थ रहने के लिए हम हर उस बात का अनुसरण करने के लिए तैयार रहते हैं, जो सेहतमंद रखने का दावा करती हैं. मगर कुछ अच्छी बातें भी हमारे स्वास्थ को नुकसान पहुंचा सकती हैं. सेहत को लेकर सचेत रहना अच्छी बात है, लेकिन आपको इस बात के प्रति भी सचेत रहना चाहिए कि अपनी सेहत के लिए आप जिन आदतों को फायदेमंद मानती हैं, वे वाकई में फायदेमंद हैं या नहीं. क्योंकि ऐसा कई बार देखने में आया है कि हम अपने मन में सेहत, खाने-पीने की आदतों, साफ-सफाई को लेकर काफी सतर्कता बरतते हैं, लेकिन इस बात से बेपरवाह रहते हैं कि हमारी ये आदतें सेहत के लिए फायदेमंद न होकर नुकसानदेह साबित हो सकती हैं. हम आपको बता रहे हैं कि वे सेहतमंद आदतें कौन सी हैं, जो आपके लिए घाटे का सौदा साबित हो सकती हैं.

हर बार खाने के बाद ब्रश करना

कई लोगों को लगता है कि हर बार खाना खाने के बाद ब्रश करना आपके दांतों को कीटाणु-मुक्त और दांतों को मोतियों-सा दमकता हुआ बनाये रखने में मददगार होता है. लेकिन हकीकत यह है कि यह आपके दांतों पर से सुरक्षाकारी एनामेल को घिस सकता है और इससे आपको दांतों में सेंसिटिविटी की समस्या पैदा हो सकती है. इसलिए अपनी मां की हर दिन दो बार ब्रश करने की सलाह को याद कीजिए. आपके लिए वही फायदेमंद है. खाना खाने के बाद हर बार ब्रश करने की बजाय अच्छी तरह से कुल्ला करना आपके लिए ज्यादा उपयोगी है.

ठीक नहीं हैंड सैनिटाइजर का बार-बार इस्तेमाल

क्या आप बाहर निकलने के बाद कुछ भी छूने, किसी चीज को पकड़ने के बाद बार-बार अपने हाथों में सैनिटाइजर मलती हैं? तो आप सतर्क हो जाइए. यह आदत आपको नुकसान पहुंचा सकती है. यह सही है कि हैंड सैनिटाइजर हाथों को साफ करने का सुविधाजनक तरीका है, लेकिन इस बात का ख्याल रखना भी जरूरी है कि इसका समझदारी से उपयोग किया जाये. अमेरिका में किये गये एक शोध के मुताबिक ज्यादातर सैनिटाइजर में ट्राइक्लोसान नामक एक केमिकल होता है, जिसे हाथ की त्वचा तुरंत सोख लेती है. अगर यह रक्त संचार में शामिल हो जाये, तो यह मांसपेशी को-ऑर्डिनेशन के लिए जरूरी सेल-कम्युनिकेशन को बाधित करता है. इसका लंबे समय तक ज्यादा इस्तेमाल त्वचा को सूखा बनाने, बांझपन और हृदय के रोग को न्योता दे सकता है. इसलिए अगर आपको हाथ धोने की जरूरत महसूस हो रही है, तो इंतजार कीजिए और मौका मिलते ही साबुन और पानी से ही अपने हाथों को धोइए.

क्या आप अपने कॉस्मेटिक्स को बार-बार बदलती हैं?



अगर आप विज्ञापनों के प्रभाव में अपने कॉस्मेटिक्स को बार-बार बदलती हैं, तो इस आदत को बदल दीजिए. त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि इनसानी त्वचा का पीएच स्तर 55 होता है. अलग-अलग कंपनियों के कॉस्मेटिक्स के पीएच मान अलग-अलग होते हैं. जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उनके लिए अलग-अलग पीएच मानकों के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नकुसानदेह साबित हो सकता है. इससे आपकी त्वचा लाल पड़ सकती है. इसमें जलन या चकत्ते आने की शिकायत आ सकती है. इसलिए सिर्फ भरोसेमंद ब्रांड्स के कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल करें और इस्तेमाल से पहले सबके पीएच मानकों को जरूर पढ़ लें.

हर बार बोतल बंद पानी नहीं

कई लोगों को लगता है कि बोतलबंद पानी आपको रोगों से दूर रखने में मददगार होता है. लेकिन ध्यान रखिए. बोतलबंद पानी प्रोसेस्ड पानी होता है, जिसमें खनिज तत्व मौजूद नहीं रहते हैं. लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करने से आपके शरीर में मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटैशियम, सिलिका, सल्फेट जैसे खनिजों की कमी हो सकती है. यह आपके लिए नुकसानदायक है, क्योंकि ये खनिज आपके शरीर में कई काम करते हैं. ये तत्व आपको ऊर्जा मुहैया कराने के साथ-साथ कोशिका और मांसपेशियों की मरम्मत भी करते हैं.



फ्लिप फ्लॉप और पांव

क्या आपको लगता है कि हील वाली चप्पल आपके पांवों को नुकसान पहुंचाती हैं, इसलिए आपको चपटे सोल वाली चप्पल का इस्तेमाल करना चाहिए? लेकिन यह ख्याल आपके लिए वास्तव में नुकसानदायक साबित हो सकता है. क्योंकि आर्क नहीं होने के कारण फ्लिप फ्लॉप (चपटे सोल वाली चप्पल) आपके पांवों को कोई सपोर्ट नहीं दे पातीं. चलते वक्त चपटे स्लिपर को कंट्रोल करने के लिए अंगूठों को लगातार चप्पल पर ग्रिप बनाना पड़ता है, ताकि वह पांव से फिसल न जाये. इससे पांवों का नैचुरल लिफ्ट ऑफ और पांव रखना गड़बड़ा जाता है. इससे पांवों के तलवे में दिक्कत आ सकती है. अगर आपको अपने पांवों का ख्याल है, तो कोशिश रहे कि आप फ्लिप फ्लॉप कम ही पहनें.

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाएं खान-पान का रखें विशेष ध्यान

महिलाओं को गर्भधारण के बाद अपने खाने-पीने की चीजों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। इस समय उन्हें सामान्य से ज्यादा ऊर्जा और कैलोरी की आवश्यकता होती है। जच्चा और बच्चा दोनों को सही मात्रा में कैलोरी मिले इसके लिए जरूरी है कि गर्भवती महिलाएं अपने खाने पर विशेष ध्यान दें। प्रेग्नेंसी में फल और जूस बहुत फायदेमंद होते हैं। फलों से जहां प्रोटीन, कैल्शियम और सिलिकॉन मिलता है, वहीं जूस पीने से शरीर में ताजगी बनी रहती है। लेकिन जूस पीते वक्त ये ध्यान रखें कि जूस ताजे फलों का बना हो। डिब्बा बंद जूस पीने से बचें। प्रेग्नेंट महिला को ब्रेकफास्ट में दूध और डेयरी प्रोडेक्ट का इस्तेमाल भी करना चाहिए।

प्रेग्नेंट महिलाएं अपने नाश्ते में अंडा या ऑमलेट भी ले सकती हैं। पालक के साथ ऑमलेट लेने से भी फायदा होता है। इससे 41 कैलोरी के साथ आयरन, फोलिक एसिड और कैल्शियम भी मिलता है। साबुत अनाज जैसे दलिया, कॉर्न, दालें, ब्राउन राइस भी प्रेग्नेंसी में काफी लाभप्रद रहते हैं। इसमें विटामिन, प्रोटीन, कैल्शियम और फाइबर होता है, जो प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए जरूरी है। प्रेग्नेंसी के दौरान पानी खूब पीना चाहिए। फिल्टर्ड पानी का ही उपयोग करें। फिल्टर्ड पानी ना हो तो इसे उबाल लें। उबालने से पानी साफ हो जाता है। जब घर से बाहर हो तब अच्छे ब्रांड की बोतल का ही पानी पिएं।

कानों को साफ करना हो सकता है खतरनाक

कुछ लोगों को लगातार कॉटन स्वैब से कान साफ करने की आदत होती है। वे लगातार कान की वैक्स और गंदगी साफ करते रहते हैं। हालांकि इसके कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इससे न केवल कान के पर्दे को

नुकसान पहुंचता है, बल्कि कई अन्य संभावित नुकसानों से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अपने कान साफ करने के लिए लोग कई अनदेखी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। यह बात समझनी बहुत जरूरी है कि कान के भीतर वैक्स और गंदगी को साफ करने के लिए कुछ भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा खतरनाक है और इससे आपके सुनने की क्षमता भी खत्म हो सकती है।

क्या है कॅटन स्वैब

ईयर कैनाल में मौजूद कोशिकाएं कैरुमन का निर्माण करती हैं, जिसे सामान्य भाषा में ईयर वैक्स कहा जाता है। किसी डाक्टर की मदद लेने की बजाय कुछ लोग कॉटन स्वैब से यह वैक्स हटाने का आसान रास्ता अपनाते हैं। लोगों को लगता है कि डाक्टर के पास जाकर समय और पैसे बर्बाद करने से अच्छा है कि इस वैक्स को खुद ही निकाल लिया जाए। लेकिन इससे उन्हें फायदा कम नुकसान ज्यादा होता है।

पर्दे को नुकसान

रुई का फोहा आसानी से कान के पर्दे तक पहुंच जाता है। कान का पर्दा बहुत संवेदनशील होता है और स्वैब के मामूली दबाव से भी वह क्षतिग्रस्त हो सकता है।

तो क्या करें

तो ऐसे में सवाल उठता है कि हमें वाकई अपने कान साफ करने की जरूरत होती है। कान का बाहरी हिस्सा जो नजर आता है उसे कभी कभार साफ किया जाना चाहिए। इस काम को आप थोड़े से साबुन, पानी और तौलिए से भी कर सकते हैं।

सुनने की क्षमता जा सकती है

ज्यादातर मामलों में इयर कैनाल को साफ करने की जरूरत नहीं होती। नहाते या शॉवर के समय हमारे कान में इतना पानी चला जाता है कि जमी हुई वैक्स अपने आप ही ढीली हो जाती है।

डॉक्टरी मदद की दरकार

ऐसे लोग जिनके कान में बहुत ज्यादा वैक्स होती है, उन्हें डाक्टरी सहायता की जरूरत होती है। डाक्टर पानी में थोड़ा सा पेरोक्साइड मिलाकर उसे कान में इंजेक्ट कर आसानी से वैक्स को बाहर निकाल सकते हैं। इस प्रक्रिया में दर्द बिलकुल नहीं होता। कान में जमी वैक्स निकालने के लिए यह तरीका बेहद प्रभावशाली है। अगर यह समस्या काफी ज्यादा रहती है तो मरीज डाक्टर से यह प्रक्रिया समझ कर इसे घर पर ही कर सकता है। अगर आपके कान में वैक्स या गंदगी जमा हो रही है तो आप डाक्टर की सहायता ले सकते हैं। आप उनसे सही कान साफ करने का तरीका पूछ सकते हैं।

मामूली उपायों से बच सकती है 50 प्रतिशत दिल के मरीजों की जान

सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण देश में दिल का दौरा पडने के बाद 50 प्रतिशत मरीजों की जान चली जाती है जबकि प्राथमिक उपचार की मामूली तकनीक से उनकी जान बचाई जा सकती है।

दिल की बीमारियों के कारण देश में हर वर्ष 34 लाख लोगों की मौत हो जाती है और एक लाख बीस हजार बच्चे जन्मजात दिल की बीमारियों के से ग्रसित होते हैं। अकेले जम्मू में 30 से अधिक उम्र के 10 प्रतिशत से 14 प्रतिशत लोग दिल की बीमारियों से पीड़ित हैं। विशेषज्ञों का कहना था कि इनमें से बहुत से मरीजों की समस्याओं का इलाज संभव होता है और उन्हें मौत के मुंह में जाने से रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इस तकनीक का प्रशिक्षण हर व्यक्ति को मिले, यह मौजूदा समय की मांग है। उन्होंने बताया कि सीपीआर तकनीक सिर्फ 5 मिनट में सीखी जा सकती है जिसकी मदद से हृदयाघात से पीड़ित व्यक्ति को दस मिनट के भीतर बचाया जा सकता है।

एनडीए को मिले बहुमत को मोदी ने सुशासन, विकास और जनता के भरोसे की जीत बाताया

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिली प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने एक्स पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सुशासन, विकास और जनता के भरोसे की जीत बताया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा, सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि यह जनादेश बिहार के लिए नए संकल्प और तेज गति से काम करने की शक्ति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने एनडीए के सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए लिखा कि उन्होंने जनता के बीच जाकर विकास एजेंडे को मजबूती से रखा और विपक्ष के हर झूठ का जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर बिहार के विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करेंगे तथा युवाओं और महिलाओं को नए अवसर उपलब्ध कराएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस जीत को बिहार की जनता के विश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि लोकतंत्र और परिश्रम की रक्षक बिहार की जनता को वह कोटि-कोटि नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहारवासियों ने विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर मुहर लगाई है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में बिहार के लिए अनेक कार्य किए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य को जंगलराज से बाहर निकाला। शाह ने घुसपैठ पर की गई केंद्र सरकार की नीति को जनादेश का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि बिहार की जनता ने वोटबैंक की राजनीति और घुसपैठ समर्थकों को करारा जवाब दिया है। जनता अब परफॉर्मेंस की राजनीति को ही जनादेश देती है और यह जीत विकसित बिहार के संकल्प को साकार करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट कर बिहार की जनता को प्रणाम और धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों पर जनता के विश्वास की पुष्टि करती है। उन्होंने कहा कि बिहार ने महागठबंधन के जंगलराज और भ्रष्टाचार को नकार कर एनडीए के सुशासन और स्थिरता को स्वीकार किया है। नड्डा ने इस जनादेश को र्विकसित बिहारझ्विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मील का पत्थर बताया।

मप्र की राजधानी भोपाल में फजर की नमाज के साथ 78वां आलमी तबलीगी इज्तिमा शुरू

मलेशिया, सऊदी अरब, ईरान समेत 19 देशों से लोग पहुंचे, दिल्ली धमाके के बाद सुरक्षा कड़ी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के ईंटखेडी इलाके में आयोजित चार दिवसीय 78वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज शुक्रवार को फजर की नमाज के साथ हो गया है। नमाज के बाद मौलाना हारून साहब की तकरीर के साथ इस वर्ष के चार दिवसीय धार्मिक समागम की औपचारिक शुरूआत हुई। यह आयोजन 14 से 17 नवंबर तक चलेगा। सोमवार, 17 नवम्बर को सुबह दुआ-ए-खास के साथ इज्तिमा का समापन होगा। इस बार इज्तिमा में करीब 12 लाख श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। इंडोनेशिया, केन्या, मलेशिया, सऊदी अरब, ईरान, मोरक्को सहित 19 देशों से जायरीन इस समागम में शामिल होने के लिए भोपाल पहुंच चुके हैं और अभी भी लोगों का आना जारी है। इस बार इज्तिमा का प्रबंधन पहले से ज्यादा बड़ा और व्यवस्थित है। मुख्य पंडाल 120 एकड़ में, पार्किंग 350 एकड़ में बनाई गई है और पूरा आयोजन क्षेत्र करीब 600 एकड़ में फैला है। दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा और भी कड़ी कर दी गई है। रेलवे स्टेशन से लेकर इज्तिमा-स्थल तक हर जगह सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जीआरपी ने पहली बार रेंडम बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड द्वारा चेकिंग की जा रही है। प्लेटफॉर्म, पार्किंग एरिया और मालखानों में रोजाना दो बार तलाशी ली जा रही है। स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वारों पर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर और डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा ने बताया कि इज्तिमा के दौरान रोजाना दो बार अलग-अलग जगहों पर रेंडम चेकिंग होगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इज्तिमा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में पुलिस का भारी सुरक्षा बल तैनात है, जो हर गतिविधि पर नजर रख रहा है। इसके अलावा, एसटीएफ के जवान भी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

धर्मेंद्र के स्वास्थ्य प्रकरण को लेकर आईएफटीडीए ने दर्ज कराई पुलिस में शिकायत

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की हालिया स्वास्थ्य स्थिति पर मीडिया के एक हिस्से के किए गए गैरजिम्मेदाराना कवरेज के खिलाफ भारतीय फिल्म और टेलीविजन निर्देशक संघ (आईएफटीडीए) ने सख्त रुख अपना लिया है। संघ ने कुछ पैपराजी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ एक औपचारिक पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्हें 'अमानवीय' और 'अनैतिक' व्यवहार का दोषी ठहराया गया है। पिछले दिनों धर्मेंद्र को स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके स्वास्थ्य को लेकर खबरों के बीच पैपराजी न सिर्फ अस्पताल के बाहर, बल्कि उनके आवास के आसपास भी लगातार मौजूद रहे। इसी दौरान सोशल मीडिया पर अचानक यह गलत खबर फैल गई कि धर्मेंद्र का निधन हो गया है। देखते ही देखते यह झूठी सूचना वायरल हो गई और कई लोगों ने अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त करना भी शुरू कर दिया। हालांकि 12 नवंबर की सुबह परिवार की ओर से स्पष्ट कर दिया गया कि धर्मेंद्र पूरी तरह स्थिर हैं, उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और अब उनका इलाज घर पर किया जाएगा। इसी फर्जी खबर और मीडिया की आक्रामक कवरेज पर नाराज आईएफटीडीए ने एक्शन लेते हुए मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। आईएफटीडीए के अध्यक्ष अशोक पंडित ने वरिष्ठ निरीक्षक को भेजे पत्र में लिखा है कि कुछ पैपराजी और सोशल मीडिया अकाउंट्स अभिनेता के घर में अनधिकृत रूप से घुस गए। परिवार की बिना अनुमति तस्वीरें और वीडियो बनाए और उन्हें ऑनलाइन शेयर किया, जो स्पष्ट रूप से गोपनीयता का उल्लंघन है। आईएफटीडीए ने पुलिस से अनुरोध किया है कि इन लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक सख्त उदाहरण पेश किया जाए। यह शिकायत ऐसे समय पर आई है जब फिल्म उद्योग का एक बड़ा हिस्सा भी मीडिया के इस व्यवहार पर असंतोष जताता रहा है।

बौद्ध धर्म छोड़कर सनातन मानने वाले जापान के बाला कुंभ मुनि महाराज को निरंजनी अखाड़े ने दी महामण्डलेश्वर की उपाधि

हरिद्वार। बौद्ध धर्म को छोड़कर सनातन धर्म अपनाने वाले जापान के जापान के संत स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी अखाड़े ने शुक्रवार पूरे विध विधान से महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित किया। अब वे स्वामी बाला कुंभ पुरी नाम से जाने जाएंगे। अखाड़े परिसर में हुए पट्टाभिषेक समारोह में कई बड़े संतों ने भाग लिया। अखाड़े परिसर में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज की चादर विधि पूरी की गई। इस मौके पर स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु संत मौजूद रहे। समारोह में जापान से आए कई साधकों को भी महंत रविंद्रपुरी महाराज ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने नवनियुक्त महामंडलेश्वर को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सनातन धर्म की महिमा और उसके मूल सिद्धांतों को विश्वभर में पहुंचाने का कार्य आज निरंतर आगे बढ़ रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य की इस परंपरा को महंत रविंद्रपुरी महाराज आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्राचीन काल में जो कार्य आदि गुरु शंकराचार्य ने किया था, आज वही कार्य महंत रविंद्रपुरी भी कार्य कर रहे हैं। स्वामी राजराजेश्वराश्रम ने कहा कि सनातन न नूतन है, न पुरातन। सृष्टि के आरंभ से ही सनातन धर्म अस्तित्व में है। आलोचना करने वाले भी आज सनातन की बात कर रहे हैं, यह इसका प्रभाव और शक्ति है। उन्होंने कहा कि संन्यास परंपरा में भेद नहीं होता। निरंजनी अखाड़े में जापान के एक युवा ने सनातन संस्कृति को अंगीकार कर इतिहास रच दिया है। जब भी इतिहास लिखा जाएगा तब आज का दिन अवश्य याद किया जाएगा। पट्टाभिषेक समारोह में महंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज विद्वान संत हैं। उन्होंने बौद्ध धर्म को छोड़कर सनातन अपनाया है। उनके ढाई हजार शिष्य हैं, जिनमें से अस्सी शिष्यों ने इस कार्यक्रम में आकर सनातन धर्म में शामिल हुए हैं। यह सभी शिष्य जापान ही नहीं पूरी दुनिया में सनातन का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति आज विदेशों में भी पहुंच रही है। महामंडलेश्वर बनने के बाद वे स्वामी बाला कुंभ पुरी नाम से देश विदेश में सनातन परंपराओं के प्रचार प्रसार को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर बाला कुंभ मुनि ने महामंडलेश्वर की उपाधि मिलने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और सभी साधु संतों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से प्रभावित होकर ही उन्होंने उसे अपनाया है। उन्हें सपना आया था कि वो उत्तराखंड में रहते थे, इसलिए अब वो पूरी दुनिया में सनातन का प्रचार प्रसार करेंगे।

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण अपदस्थ शेख हसीना के खिलाफ 17 नवंबर को सुनाएगा फैसला

ढाका। बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 (आईसीटी-1) अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके दो करीबी सहयोगियों के खिलाफ 17 नवंबर को फैसला सुनाएगा। आईसीटी-1 के न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुतुर्जा मोजुमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण ने कड़ी सुरक्षा और खचाखच भरे अदालत कक्ष में बुधवार को यह तारीख तय की।

द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, शेख हसीना, पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप है। चौधरी मामून बाद में इस मामले में सरकारी गवाह बन चुके हैं। न्यायाधिकरण ने दलीलें सुनने और मुकदमे की कार्यवाही पूरी करने के बाद फैसले की तारीख तय की। न्यायाधिकरण के आसपास सुबह से ही बांग्लादेश सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश, रैपिड एक्शन बटालियन, सशस्त्र पुलिस बटालियन और पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। साथ ही सेना और पुलिस दोनों के बख्तरबंद वाहन भी पास में तैनात थे। यह कदम बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया, क्योंकि अवामी लीग ने आज बंद आहूत किया है। इस दौरान बम विस्फोटों और वाहनों पर आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

न्यायाधिकरण के फैसले की तारीख मुकर्रर करने के बाद मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने संवाददाताओं से कहा, हमें उम्मीद है कि अदालत फैसले में अपनी बुद्धिमत्ता और विवेक का प्रयोग करेगी। उन्होंने कहा कि आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। न्यायाधिकरण को मानवता के विरुद्ध अपराधों के खिलाफ फैसले में मिसाल कायम करनी चाहिए।

ताजुल ने चेतावनी दी कि न्यायिक प्रक्रिया को पटरी से उतारने का कोई भी प्रयास अदालती कार्यवाही में बाधा डालने के समान होगा। उन्होंने कहा, अशांति भड़काने या हिंसा का प्रयास करने वालों से कानून के तहत निपटा जा रहा है। छिटपुट घटनाओं का फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

हसीना और असदुज्जमां का प्रतिनिधित्व कर रहे सरकारी वकील आमिर हुसैन ने विश्वास जताया कि उनके मुवक्किल बरी हो जाएंगे। आमिर ने कहा कि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक मामून अपने करीबियों को फंसाकर खुद को बचाने के लिए सरकारी गवाह बन गए। तीनों आरोपितों पर मानवता के विरुद्ध अपराध के पांच आरोप हैं।

बलोचिस्तान में बस और रेल सेवा बंद, हवाई जहाज का किराया लाख तक पहुंचा

क्वेटा। बलोचिस्तान में आम बाशिंदों का गुजर-बसर करना मुश्किल हो गया है। पाकिस्तान की संघीय सरकार और राज्य सरकार के सुरक्षा कारणों के कारण लगाए जा रहे प्रतिबंधों से अवाम आजिज आ चुकी है। रेल और बस बंद हैं। इंटरनेट और मोबाइल इंटरनेट की सेवाएं कभी सुचारू नहीं हो पातीं। आवागमन के सस्ते संसाधन बंद हैं और हवाई सफर की कीमतें आसमान छू रही हैं। क्वेटा से बलोचिस्तान का किराया लाख रुपये तक पहुंच गया है।

पश्तो भाषा में प्रसारित ऑनलाइन समाचार पोर्टल द बलोचिस्तान पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में मौजूदा मुश्किल हालात की पड़ताल की है। रिपोर्ट के अनुसार, बलोचिस्तान में आतंकवादी हमलों की आशंका की वजह से कई दिनों से रेल सेवा स्थगित है। पंजाब प्रांत जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा (बस) बंद है। इसके कारण हवाई यात्रा पर निर्भरता बढ़ गई है और किराया कई गुना बढ़ गया है। नागरिकों का कहना है कि इस वजह से अन्य शहरों और प्रांतों की यात्रा करना मश्किल गया है। बलोचिस्तान परिवहन प्राधिकरण ने बलोचिस्तान को पंजाब के डेरा गाजी खान से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-70 पर बसों, टैक्सियों और निजी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। क्वेटा से पंजाब और कराची के लिए रेल सेवा एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दी गई है। प्रांत के सभी 36 जिलों में 16 नवंबर तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। शहरी इलाकों में आंशिक बहाली की अनुमति दी गई थी, लेकिन दो दिन से शहरों में सेवा पूरी तरह से बंद है। यात्रा प्रतिबंधों से आम नागरिक, मरीज, विद्यार्थी और व्यापारी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इस्लामाबाद में रहने वाले फहीम अल हसन ने बताया कि उनके एक करीबी रिश्तेदार का कल क्वेटा में निधन हो गया। सुरक्षा के चलते रिश्तेदारों ने विमान से जाने की सलाह दी। टिकट की कीमत का पता किया तो पांव तले जमीन खिसक गई। एक टिकट की कीमत 70 हजार रुपये बताई गई। परिवार के चार-पांच सदस्य जाना चाहते थे। विमान का सफर महंगा होने के कारण कोई भी अंतिम संस्कार में शामिल होने नहीं जा सका। बस और ट्रेन सेवा पहले से बंद है। गम और संवेदनाओं पर प्रतिबंधों का पहाड़ टूट रहा है।

बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में रहने वाले सादुल्लाह ने बताया कि उनके रिश्तेदार की लाहौर में शादी थी। इसकी तैयारी परिवार कई सप्ताह से कर रहा था। रेल और बस बंद होने के कारण वह नहीं जा सके। हवाई जहाज का टिकट खरीदना उनके बूते में नहीं। एयर ट्रैवल एजेंट अब्दुल्ला खान के अनुसार, उड़ानों की कमी है। मांग लगातार बढ़ रही है। विमान टिकट पहले से ही महंगे हैं। क्वेटा से इस्लामाबाद या कराची का किराया आम दिनों में 20 से 25 हजार रुपये होता है। नह अब 70 से 80 हजारर रुपये तक पहुंच चुका है। तत्काल टिकट की कीमत एक लाख रुपये तक पहुंच जाती है।

खान के अनुसार, केवल फ्लाई जिन्ना ही क्वेटा से इस्लामाबाद और कराची के लिए दैनिक उड़ानें संचालित करती है। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की तीन-चार उड़ानें और सेरेन एयर की केवल एक उड़ान है। मांग कई गुना अधिक है। बलोचिस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अख्तर काकर ने हवाई किराया में बढ़ोतरी और उड़ानों की कमी के खिलाफ बलोचिस्तान उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। बुधवार को हुई सुनवाई में अदालत ने निर्देश के बावजूद व्यक्तिगत रूप से पेश न होने पर पीआईए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और नागरिक उड्डयन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य न्यायाधीश रोजी खान बर्दिख ने पूछा है कि बलोचिस्तान के लिए उड़ानें कम और किराया अधिक क्यों है। अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले अख्तर काकर ने कहा कि देश में पांच एयरलाइंस हैं। दो कंपनियां ही क्वेटा के लिए उड़ानें संचालित करती हैं। बलोचिस्तान में पैदल सफर तक सुरक्षित नहीं है। रेल और बस सेवाएं अकसर बंद रहती हैं। इसलिए लोगों को इलाज, शिक्षा, व्यापार या रिश्तेदारों से मिलने के लिए हवाई यात्रा करने पर मजबूर होना पड़ता है। इस्लामाबाद से कराची की हवाई यात्रा दो घंटे की है और टिकट 30 हजार रुपये का है। वह कहते हैं कि क्वेटा से इस्लामाबाद की एक घंटे की टिकट 70 से 80 हजार रुपये में मिल जाती है और कभी-कभी यह एक लाख रुपये से भी अधिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्रांत एक 'बड़ी जेल' में तब्दील हो गया है और लोगों के लिए दूसरे शहरों या प्रांतों की यात्रा करना जेल तोड़कर बाहर जाने जैसा हो गया है। अख्तर काकर ने सरकार और न्यायपालिक से मांग की कि वे बलोचिस्तान के लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करें और अधिक उड़ानों की व्यवस्था करें। व्यापारी नेताओं का कहना है कि एयरलाइंस देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए रोजाना उड़ानें संचालित करती हैं, लेकिन कई कंपनियां बलूचिस्तान के लिए एक भी उड़ान संचालित नहीं करतीं। यह संविधान के अनुच्छेद 8, 9, 18 और 25 के तहत नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

एक नजर

रूस का कीव पर बड़ा हमला, 4 की मौत

कीव। रूस के शुक्रवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल से किए गए हमलों में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और 26 से अधिक घायल हो गए। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इसे दुश्मन का एक बड़ा भारी हमला करार देते हुए कहा है कि हमले में आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। हालांकि कई मिसाइलें मार गिराईं गई हैं। मीडिया खबरों के अनुसार, हमलों में शहर के कई जिलों में इमारते ध्वस्त हुई हैं जिसके कारण कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है ।हमलों में घायल कम से कम 27 लोगों को अपातकालीन चिकित्सा के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस बीच राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुताबिक समूचे देश पर कम से कम 430 ड्रोनों और 18 मिसाइलों से हमला किया गया जिसका प्रमुख निशाना राजधानी कीव थी। उन्होंने टेलीग्राम पर अपने एक संदेश मेंकहा, यह एक बेहद नपातुला आक्रमण था जों लोगों और आम नागरिकों को अधिकतम नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि हमले में अजरबैजान के दूतावास को क्षति पहुंची है। कीव के मेयर विटाली क्लित्स्को ने बताया कि शहर के बीचोबीच विस्फोट हुए , और एक गर्भवती महिला सहित कई नागरिक घायल हुए। बचाव दल मलबे हटाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे हैं। हमलों के कारण णाहर में बिजली और पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह हमला रूस-यूक्रेन संघर्ष के 1000वें दिन के करीब आया, जहां यूक्रेन संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। उधर यूक्रेनी वायु सेना ने दावा किया कि कई रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं, लेकिन कीव में नागरिक क्षेत्र निशाना बने हैं।

चीन में हुआ थाई राजा का भव्य स्वागत



बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरूवार कों थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकॉर्न का यहां भव्य स्वागत किया, जो थाई राजपरिवार का चीन का पहला राजकीय दौरा है। यह यात्रा 1975 में दोनों देशों के बीच स्थापित राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ पर हो रही है। सरकारी संवाद एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि राजा वजिरालोंगकॉर्न और उनकी पत्नी रानी सुथिदा के बीजिंग पहुंचने पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने उनका स्वागत किया। यह थाई राजा भूमिबोल अदुल्यादेज के बाद थाईलैंड के किसी राजा का चीन का पहला प्रमुख राजकीय दौरा है। इस यात्रा को चीन और थाईलैंड के बीच ऐतिहासिक संबधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बीच थाईलैंड के राजा के सम्मान में राष्ट्रपति जिनपिंग ने 'पीपुल्स ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में स्वागत समारोह आयोजित किया जिसमें राजा को गार्ड ऑफ ऑनर और 21 तोपों की सलामी दी गई। इस अवसर पर जिनपिंग ने कहा, चीन थाईलैंड का विश्वसनीय साझीदार है। यह यात्रा हमारी मैत्री को नई ऊंचाई देगी। इस दौरान राजा ने भी जोर देकर कहा कि उनके देश और चीन के बीच भाई-बहन जैसे संबध है। शाम को शी दंपति ने वजिरालोंगकार्न के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया , जहां रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। यात्रा के दौरान राजा जिनपिंग के अलावा प्रधानमंत्री ली चियांग से भी भेंट करेंगे। हालांकि इस दौरान दोनों देशो के बीच कोई बड़ा समझौता होने की कोई उम्मीद नहीं है। दक्षिण-पूर्व एशिया में चीन की बढ़ती भूमिका के तहत पिछले साल चीन, थाईलैंड का सबसे बड़े व्यापारिक साझीदार (80 अरब डालर का आयात)के साथ ही उसके यहां निवेश में अग्रणी रहा है। इस बीच थाईलैंड के पूर्व राजदूत तेज बुनाग ने कहा, हमारा बंधन सदियों पुराना है। चीन परिवार जैसा है। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव के बीच थाईलैंड की संतुलित नीति को यह यात्रा मजबूत करती है। हाल ही में चीन ने थाईलैंड पर 40 उइगरों के प्रत्यर्पण और साइबर अपराध रोकने का दबाव बनाया। गौरतलब है कि 17 नवंबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान थाईलैंड के राजा बीजिंग एयरोस्पेस सिटी और लिंगुआंग बौद्ध मंदिर जैसे स्थलों का दौरा भी करेगें।

ईंधन की कमी के कारण नेपाल एयरलाइन्स की उड़ान दिल्ली की ओर मोड़ी गई

काठमांडू। नेपाल एयरलाइन्स का एक विमान ईंधन की कमी के कारण त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर लैंड नहीं हो सका। इसके बाद उसे दिल्ली की ओर मोड़ दिया गया। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता रिंजी शेर्पा के अनुसार दुबई से आई उड़ान संख्या आरए-230 शुक्रवार सुबह 9 :40 बजे काठमांडू हवाईअड्डे पर उतरने वाली थी। हवाई यातायात में भीड़ होने के कारण विमान निर्धारित समय पर लैंड नहीं कर सका। विमान को कुछ समय हवा में रोका गया, लेकिन ईंधन पर्याप्त न होने के कारण उसे आगे प्रतीक्षा जारी रखना संभव नहीं था, जिसके चलते उसे नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर डायवर्ट किया गया। शेर्पा ने बताया कि विमान के दिल्ली में ईंधन भरकर शीघ्र ही काठमांडू लौटने की उम्मीद है।

रूस की एफएसबी ने पुतिन के आध्यात्मिक सलाहकार की हत्या की यूक्रेन की साजिश नाकाम की



मॉस्को। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने घोषणा की है कि उसने यूक्रेनी खुफिया एजेंसी द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लंबे समय से आध्यात्मिक सलाहकार रहे मेट्रोपॉलिटन तिखोन (जॉर्जी शेवकुनोव) की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया है। एफएसबी ने हाल ही में यह जानकारी दी। उसके अनुसार, यह साजिश अमेरिका के साथ जारी शांति वाताओं को पटरी से उतारने का प्रयास था, ताकि रूस उनसे पीछे हट जाए। मेट्रोपॉलिटन तिखोन, मॉस्को के स्रेतेंस्की मठ के मठाधीश और रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख चेहरे हैं। एफएसबी ने दावा किया कि तिखोन के निजी सहायक डेनिस पोपोविच और एक पादरी निकिता इवानकोविच को यूक्रेनी विशेष सेवाओं ने 'भर्ती' किया था। उन्हें मठ के परिसर में एक अत्यधिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) रखने का निर्देश दिया गया था। एफएसबी ने कहा कि यूक्रेनी शासन को उम्मीद थी कि सफल 'हमले' से रूस की तरफ से कड़ी जवाबी प्रतिक्रिया होगी, जिससे उसकी अमेरिका के साथ निकटता की कोशिशें रुक जाएंगी। एफएसबी ने बताया कि इस बाबत 11 नवंबर को मॉस्को, पस्कोव क्षेत्र और क्रीमिया में छापेमारी की गई। एफएसबी ने कथित संदिग्धों का वीडियो जारी किया है लेकिन यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों से इनके सीधे संबंध साबित करने वाला कोई ठोस सबूत अभी नहीं मिला है। इस बाबत अभी और विवरण नहीं दिया गया है। गौरतलब हे कि चर्च ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को पवित्र युद्ध बताकर क्रेमलिन का समर्थन किया है। इस बीच क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाद एजेंसी 'तास' को बताया कि रूस ने इस साजिश को अमेरिका के साथ नहीं उठाया है। इस सिलसिले में यूक्रेन ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इस साल रूस ने यूक्रेनी साजिशों के 12 से अधिक मामलों को विफल करने का दावा किया है, जबकि यूक्रेन ने कीव में रूस की ऐसी ही कोशिशों को नाकाम करने का दावा किया है।

नेपाल में जेन जी समूह प्रधानमंत्री कार्की को संयुक्त मांगपत्र सौंपेगा

काठमांडू। हाल ही में हुए प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे जेन जी समूह आज प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को अपना संयुक्त मांगपत्र सौंपने जा रहा है। जेन जी मूवमेंट ऑफ अलायन्स के प्रमुख सदस्य अमित खनाल के अनुसार गुरुवार को यह दस्तावेज प्रधानमंत्री को सौंपेगा। खनाल ने बताया कि तीन जेन जी संगठन जेन जी मूवमेंट ऑफ अलायन्स, द काउंसिल ऑफ जेन जी और जेन जी फॉन्ट घायल प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों और मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मिलकर इस मांगपत्र को अंतिम रूप दे चुके हैं। इस पर पिछले एक सप्ताह से कार्य किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मांगपत्र सौंपने के बाद वे उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री उनकी मांगों को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाएंगी और इस आंदोलन को संस्थागत रूप देंगी। खनाल ने कहा कि हमने काफी समय लगाकर यह मांगपत्र तैयार किया है। इसमें लगभग 90 प्रतिशत जेन जी की आवाज और सहभागिता झलकती है। उन्होंने बताया कि कुछ सदस्यों को आमंत्रित करने के बावजूद वे शामिल नहीं हो सके। खनाल के अनुसार दस्तावेज को अंतिम रूप देने के लिए कई दौर की चर्चा करनी पड़ीं। उन्होंने पुनः स्पष्ट किया कि जब तक आंदोलन को औपचारिक रूप से संस्थागत नहीं किया जाता, तब तक कोई नई गतिविधि या निर्णय आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

श्रीलंका के शिक्षाविद् डॉ. हरिश्चंद्र विजयथुंगा का 94 वर्ष की आयु में निधन

कोलंबो। श्रीलंका के प्रख्यात शिक्षाविद्, कोषकार, अनुवादक, वकील और प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ डॉ. हरिश्चंद्र विजयतुंगा का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 25 अक्टूबर, 1931 को मिनुवांगोडा में जन्मे डॉ. विजयतुंगा ने जीवनपर्यंत में सिंहली भाषा के उत्थान और साहित्य कर्म से जुड़े रहे। उन्होंने प्रैक्टिकल सिंहली डिक्शनरी (1982) और गुनासेना ग्रेट सिंहली डिक्शनरी का संकलन किया। उनकी यह दोनों कृति आज भी सबसे व्यापक सिंहली शब्दकोशों में से एक हैं। डेली न्यूज अखबार की रिपोर्ट में उनके निधन की सूचना दी गई है। उन्होंने सिंहली वर्णमाला के मानकीकरण के लिए वैज्ञानिक विचार प्रस्तुत किए। यह सिंहली भाषा के विकास और संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने श्रीलंका सरकार के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न पदों पर कार्य किया। विजयतुंगा मदरलैंड पीपुल्स पार्टी से जुड़े रहे। उन्होंने 1994 और 1999 में राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमायी। हरिश्चंद्र विजयतुंगा के पिता विजयतुंगा मुदालिगे आयुर्वेदिक चिकित्सक थे।उनकी मां का नाम अमरावती जयसिंघे है। विजयातुंगा आठ भाई-बहनों वाले परिवार में चौथे नंबर पर थे। विजयतुंगा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मिनुवांगोडा के सरकारी द्विभाषी स्कूल से प्राप्त की। आगे की पढ़ाई नालंदा कॉलेज मिनुवांगोडा और कोलंबो से की।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)

बिहार चुनाव में तेजस्वी रिजेक्ट, सुशासन सेलेक्ट

बिहार चुनाव में मतदाताओं ने सपने बेचने वालों को दिखाया बाहर का रास्ता

निरंकार भाष्कर, नवप्रदेश

पटनाः बिहार विधानसभा चुनाव ने साफ कर दिया है कि 2025 के इस चुनाव न तो जाति की लड़ाई थी और न ही गठबंधन की। वास्तव में यह विश्वास की लड़ाई थी और मोदी-नीतीश की जोड़ी के लिए विश्वास की जीत हुई है। नतीजे जितने बड़े आए हैं, उतनी उम्मीद शायद खुद भाजपा नेतृत्व को भी नहीं थी। अमित शाह 160 सीटों की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को इससे भी बड़ी जीत सौंपी है।

यादव-मुस्लिम वोट भी तेजस्वी के साथ नहीं आए

बेहद चौंकाने वाली बात यह है कि तेजस्वी यादव को न पूरा यादव समाज का साथ मिला और न ही मुस्लिम मतदाता की गोलबंदी उनके पक्ष में दिखी। जनता के मन में एक ही डर गूंजता रहा कि कहीं बिहार दोबारा जंगलराज में न लौट जाए। लालू राज की परछाई तेजस्वी पर ऐसे चिपकी रही, जैसे बेताल विक्रम के कंधे पर। ऊपर से तेजस्वी का हर घर सरकारी नौकरी वाला चुनावी शिगूफा, जिसकी लागत बिहार के पूरे वार्षिक बजट से भी ज्यादा बैठती, वह सीधे मतदाताओं की समझदारी पर चोट कर गया। मतदाताओं को लगा कि यह वादा नहीं, मजाक है।

कांग्रेस को बिहारियों ने इस बार भी गंभीरता से नहीं लिया। कई सीटों पर मुकाबला बनने से पहले ही कांग्रेस रेस से बाहर हो गई। महागठबंधन की नैय्या यहीं से डूबने लगी।

राजग क्यों जीता? जवाब एक लाइन में 'काम दिखा है'

राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्र मानते हैं कि बिहारियों ने भावनाओं में नहीं, लाभ में वोट दिया। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाओं का असर हर घर तक पहुंचा है। हर महीने मुफ्त राशन हो चाहे विधवा पेंशन, गरीबों को पक्का मकान (पीएम आवास योजना) हो या नई रेल गाड़ियां चलाना, नए हाईवे, नए मॉल और सबसे बड़ा कार्ड महिला रोजगार योजना के तहत खातों में सीधे 10-10 हजार रुपये डालना। बिहार में लगभग पांच करोड़ मतदाताओं में करीब सवा डेढ़ करोड़ महिलाएं हैं। महिलाओं के मत राजग के पक्ष में पड़े और उनके साथ पूरा परिवार भी उसी दिशा में गया और यही वोटों की सुनामी बन गई।

जात-पात का गणित ध्वस्त, सभी ने किया एकतरफा मतदान

इस बार किसी भी जाति ने अलग सुर में बात नहीं की। दलित, पिछड़ा, ओबीसी, अति-पिछड़ा और सवर्ण, सभी ने एकमत होकर ऐलान किया कि वे जाति को नहीं, चेहरे को और काम को देखेंगे। यह बिहार की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ है।

नीतीश का सुशासन मॉडल बना बैलेट का ब्रह्मास्त्र

नीतीश कुमार की शराबबंदी और गली-मोहल्लों में गुंडागर्दी पर लगाम का असर वोटों में साफ दिखाई दिया। अब लड़कियां और महिलाएं पटना की सड़कों पर रात में भी आराम से चाट-पकौड़े खा सकती हैं। यह नई पीढ़ी का जमीनी सुशासन है, जो शब्दों में नहीं, बल्कि अनुभव में मापा जाता है।

गरीबों, महिलाओं और युवाओं के वोट पर मोदी का एकछत्र प्रभाव

यह जीत केवल सीटों की नहीं, एक मनोवैज्ञानिक जीत भी है। यह जीत बताती है कि उत्तर भारत के गरीब और मध्यम वर्ग के बीच नरेन्द्र मोदी की साख आज भी अटल है।

काम करने वालों के लिए अवसर, सपने बेचने वालों को बाहर का रास्ता

2025 का यह जनादेश ऐतिहासिक है। यह बिहारियों की परिपक्वता, उनकी समझ और भविष्य की उनकी प्राथमिकताओं का सटीक संदेश है। राजग को मिला यह विशाल जनसमर्थन बताता है कि बिहार अब पुरानी राजनीति नहीं चाहता। बिहार अब काम के नाम पर वोट देता है और बिहार ने इस बार दिल खोलकर फैसला दिया है।

भागलपुर के सातों विधानसभा में एनडीए का परचम, महागठबंधन का सुपड़ा साफ

भागलपुरः भागलपुर के सातों विधानसभा सीट से महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया है। इन सातों विधानसभा सीट पर एनडीए के प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस जीत को लेकर एनडीए खेमे में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। एनडीए समर्थक ढोल नगाड़े बजाते हुए एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल लगाते देखे जा रहे हैं। वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के खेल में निराशा देखी जा रही है। जिले के भागलपुर विधानसभा सीट से लगातार चार बार विधायक रहे कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को भाजपा के रोहित पांडे ने पराजित किया। वहीं बिहपुर से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर शैलेंद्र ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल करते हुए वीआईपी के अपर्णा कुमारी को पराजित किया।

राजद को छोड़ जदयू का दामन थामने वाले शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने वीआईपी के प्रेम सागर उर्फ डब्लू यादव को पराजित किया। कहलगांव विधानसभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी शुभानंद मुकेश ने राजद प्रत्याशी रजनीश भारती को पराजित किया। पिरपैंती विधानसभा से भाजपा के मुरारी पासवान ने राजद के रामविलास पासवान को पराजित किया। नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर के प्रत्याशी मिथुन यादव ने राजद के जेड हसन को पराजित किया।

शाहाबाद और मगध क्षेत्र में ऋतुराज ने लहराया प्रचंड जीत का परचम

नवप्रदेश, आराः भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और शाहाबाद एवं मगध के चुनाव प्रभारी सह भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा की चुनाव जीतने की सशक्त रणनीति सफल हो गई है। भाजपा के साथ साथ पुरे एनडीए ने जीत का परचम लहरा दिया है।भाजपा, जेडीयू, लोजपा रामविलास, हम और रालोमो के पांच पांडवों की सेना से कौरवों की फौज को हरा दिया है। धर्म और अधर्म, सच और झूठ,न्याय और अन्याय,सुशासन और आतंक के बीच बिहार विधानसभा के हुए चुनाव में जनता ने धर्म, सच्चाई, न्याय और सुशासन पर बटन दबाया है। परिणाम भी अप्रत्याशित और प्रचंड जीत के रूप में सामने आया है। भाजपा के शाहाबाद एवं मगध क्षेत्र के प्रभारी सह भाजपा के

राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा की रणनीति के आगे महागठबंधन धराशायी हो गया है। ऋतुराज सिन्हा ने लगभग दो साल पहले ही शाहाबाद एवं मगध क्षेत्र को जीतने का मिशन तय कर लिया था। इसके साथ साथ बिहार की सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य भी शुरू कर दिया था। उन्होंने पुरे बिहार में जमीनी स्तर पर जाकर कार्यकताओं को ताकत दी। उन्हें बताया कि कैसे बूथ जीता जा सकता है। बूथ से जुड़े मतदाताओं को एक चेन बनाकर कैसे अपने पक्ष में वोट देने के लिए तैयार किया जा सकता है। उन्होंने चुनाव के दिन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और घर घर से मतदाताओं को बूथ तक पहुँचाकर भाजपा और एनडीए के पक्ष में वोटिंग कराया जा सकता है। ऋतुराज सिन्हा ने बूथ लेवल कार्यकताओं को एक एक बूथ जीतने का मंत्र भी दिया और बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति पर काम करके चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाई।

एसआईआर के दौरान बूथ लेवल पदाधिकारियों को बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर फर्जी मतदाताओं के नाम हटवाने की दिशा में कार्य करने को प्रेरित किया। भाजपा के जिला कार्यालयों में पहुंचकर पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया और उन्हें चुनाव जीतने की सशक्त रणनीति पर कार्य करने में लगाया। एक एक विधानसभा क्षेत्र के जीते हारे उम्मीदवारों के साथ जिलावार बैठकें की और उन्हें जीत की पूरी योजना पर कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ाया।

नवपदेश दैनिक समाचार पत्र का अकालन हुआ सटिक।

बिहार पटना हिन्दी दैनिक समाचार पत्र नवपदेश ने अपने गुरुवार के अंक में कहीं नितिश सरकार के दोबारा सत्ता में आने का कारण महिलाओं को मिले स्वरोजगार के लिए 10हजार रुपये तो नहीं शीर्षक बड़ी प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसका नतीजा शुक्रवार को मतगणना के दौरान नितिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार को जिस प्रकार को अपार बहुमत मिला है और महिलाओं के मत प्रतिशत में वृद्धि हुई है उससे यह साफ झलक रहा है की पुरुष भले ही इधर-उधर जाकर राजनितिक दलों दलो का समर्थन किये है परन्तु बिहार कि महिला मतदाता ओ ने नितिश कुमार के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है।

एनडीए के जीत पर घुसियां खुर्द में मनाया गया जश्न

नवप्रदेश, बिक्रमगंजः बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने पर काराकाट विधानसभा के बिक्रमगंज प्रखंड की अंतर्गत घुसिया खुर्द शक्ति केंद्र पर खुशी का जश्न 14 नवंबर को मनाया गया। जीत की खुशी में लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया तथा मिठाइयां बांटी गई। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ने इस जीत को राष्ट्रवाद एवं विकासवाद की जीत बताई। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर लोगों का अपार समर्थन मिला है। जश्न में शामिल लोगों ने एनडीए के बड़े नेताओं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा (रा) के चिराग पासवान, हम के जितेंद्र मांझी, रालोमो के उपेंद्र कुशवाहा को जिंदाबाद के नारा लगाया गया। जनता ने विरोधियों की नकारात्मक सोच को नकार दिया। एनडीए स्टार प्रचारकों की भूरी भूरी प्रशंसा हुई। जनता ने सरकार की सेवा का अच्छा मजदूरी दी। जश्न में शामिल मंडल के उपाध्यक्ष नवनीत शाह, जदयू के प्रमोद चौधरी, डॉक्टर प्रोफेसर शंभू शरण चौधरी, उमेश सिंह, सुनील सिंह, शिक्षक दिनेश सिंह ने जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।

विस चुनाव परिणाम जानने के लिए बिक्रमगंज में मोबाइल और टीवी से चिपके रहे लोग

नवप्रदेश, बिक्रमगंजः प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाके में सभी जगह विधानसभा चुनाव परिणाम जानने को लेकर शुक्रवार को हर वर्ग व हर उम्र के लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। चक्रवार व विधानसभा वार चल रहे मतगणना के ताजा आंकड़े को हर कोई जल्दी से जल्दी जान लेना चाहता था। कोई टीवी से चिपक कर पूरे प्रदेश के परिणामों की स्थिति पर नजर गड़ाए हुए था, तो कोई रेडियो के माध्यम से उतार चढ़ाव की स्थिति से रूबरू था। कुछ लोग अपने मोबाइल से मतगणना की जानकारी लेने में मशगूल दिखे।काराकाट विधानसभा सहित रोहतास जिले और पूरे बिहार के परिणाम जनता जानने को बेताब थी कि उनका अगला विधायक कौन होगा। उनका मुख्यमंत्री किस गठबंधन के होंगे। वैसे प्रत्याशियों के हार-जीत को लेकर कयास व चचाएं काफी दिनों से क्षेत्र में चल रही थी। लेकिन

शुक्रवार को कयासों व चचाओं पर पूरी तरह से विराम लग गया। स्थिति यह थी कि सुबह से ही क्षेत्र में चहल-पहल अन्य दिनों की अपेक्षा काफी अधिक थी। लोग घरों में नहा-खाकर टीवी से चिपक गए थे। धारावाहिक चैनलों पर टकटकी लगाए रखने वाली महिलाएं भी आज न्यूज चैनल पर दिखाई जा रहे चुनाव परिणाम के आंकड़े एवं मतगणना स्थल के बाहर की गतिविधि को देखने टीवी से चिपकी रही। चुनाव परिणाम जानने के लिए पूरे दिन लोगों की मोबाइल बजती रही। आलम यह था कि लोग सभी कामों को किनारा करके चुनाव परिणाम जानने के लिए मशगूल दिखे। साथ ही साथ बिहार में किसकी बनेगी सरकार पर भी लोगों की दिलचस्पी रही। रूझान में आ रहे बढ़त पर चचाएं होती रही। कुल मिलाकर शुक्रवार का दिन लोगों के लिए चुनावी ही रहा और लोगों ने किसी न किसी माध्यम से बिहार के सरकार गठन में दिलचस्पी दिखाई।

पश्चिम चम्पारण में सात पर एनडीए और दो पर महागठबंधन के खाते में गया

नवप्रदेश, बेतियाः पश्चिम चंपारण जिले के अंतर्गत आने वाले 9 विधानसभा चुनाव में जहां नौतन विधानसभा से नरायण शाह भाजपा से चुनाव जीत कर अपनी सिट सरकार रखे वहीं वाल्मीकि नगर से कांग्रेस के सुरेन्द्र कुशवाहा ने जद यू के वर्तमान विधायक रिकु सिंह को हराकर उस सिट पर अपना कब्जा कर लिया वहीं सिकटा विधानसभा से माले के वर्तमान विधायक विरेन्द्र गुप्ता को हरा कर जद यू के समृद्ध वर्मा ने उस सिट पर अपना कब्जा कर लिया तो लौरिया के भाजपा विधायक विनय विहारी अपनी सिट बचाने में कामयाब रहे रामनगर से भाजपा के ननद किशोर राम चुनाव जित गये है तो नरकटियागंज गज से भाजपा के सजय पांडे ने चुनाव जित कर भाजपा के गढ़ को बरकरार रखा वहीं चनपटिया से कांग्रेस के अभिषेक रंजन ने भाजपा के वर्तमान विधायक उमाकांत सिंह को हराकर कर चुनाव जित गये है तो बेतिया से वर्तमान मत्स्य पशुपालन मंत्री तथा भाजपा की प्रत्याशी रेणु देवी चुनाव जीत गई है इस जहां एनडीए गठबंधन को दो सिटो का नुकसान हुआ है वहीं महा गठबंधन को दो सिटो का फायदा बता दें कि इससे पहले सिर्फ एक सिकटा पर ही महागठबंधन का कब्जा था जिस पर एनडीए ने जित हासिल कर लिया यानी जिले से एक सिट जद यू ने खोया है तो एक सिट भाजपा ने खोया है।

रणनीति के उस्ताद प्रशांत किशोर की करारी हार

नवप्रदेश, पटनाः बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के परिणामों ने साफ कर दिया है कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रणनीति बनाने वाले उस्ताद जरूर हैं, लेकिन नेतृत्व की बुनियादी शर्तों पर वह पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। करोड़ों रुपये सेकर राजनेताओं को सलाह देने वाले प्रशांत किशोर अपनी ही बनाई राजनीतिक पर टिक नहीं पाए। बिहार की जनता ने उनकी पार्टी को एक भी सीट न देकर पूरी तरह से उन्हें नकार दिया है। राजनीतिक विश्लेषक चंद्रमा तिवारी मानते हैं कि उनकी पार्टी की हालत 2030 में भी वैसी ही रहने वाली है, क्योंकि प्रशांत किशोर जिस 'लीडरशिप टच' की उम्मीद करते हैं, वह ना उनके व्यवहार में दिखा, ना ही उनकी राजनीति में दिखी।

रणनीति में माहिर, लेकिन नेतृत्व से दूर : प्रशांत किशोर ने अपनी रणनीति से देश की कई बड़ी पार्टियों का भविष्य पलट दिया, लेकिन जब बात जनता को साथ लेकर चलने की आई, तो धैर्य, विनम्रता और जनसंपर्क की क्षमता में उनकी कमी खुलकर सामने आ गई। नेतृत्व का मतलब सिर्फ भाषण नहीं होता,

बल्कि उन लोगों के साथ खड़े होना होता है, जो असहमत हों, असंतुष्ट हों या छोटी हैसियत रखते हों। प्रशांत किशोर इस परीक्षा में खरे नहीं उतरे।

पीके की राजनीति का सबसे बड़ा शत्रु अहंकार, कटु व्यवहार,जनता से दूरी : चुनाव अभियान के दौरान चाहे कार्यकर्ता हों, पत्रकार हों या समर्थक, हर जगह एक बात लगातार सुनाई दी कि प्रशांत किशोर का व्यवहार अपमानजनक है। ऊंचाई का भाव, तीखे जवाब और जनता से दूरी। यही वह विष था, जिसने उनकी राजनीति को अंदर से खोखला कर दिया। बिहार में यह स्टाइल नहीं चलता। यह वह जमीन है, जहां जनता अपने नेता को सिर पर नहीं, कंधे पर देखना पसंद करती है।

अच्छे इरादों से राजनीति नहीं चलती : प्रशांत किशोर एक बड़ी भूल कर बैठे। उन्होंने मान लिया कि पार्टी में आने वाले हर व्यक्ति उतना ही ईमानदार होगा, जितना वे खुद हैं, लेकिन इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी ने भी असहयोग आंदोलन में पूरे देश से अहिंसा की प्रतिज्ञा ली थी, फिर भी चौरीचौरा में भीड़ ने थाना जला दिया। हंटर कमीशन ने पूछा कि आपने कैसे मान लिया कि हर आदमी आपके जैसा है? प्रशांत किशोर की गलती भी ठीक यही है। वे अपने जैसा चरित्र दूसरों में खोजते रहे और राजनीति उनसे दूर होती गई।

भारत की राजनीति को समझ नहीं पाए पीके : राजनीतिक विश्लेषक चन्द्रमा तिवारी का मानना है कि भारतीय राजनीति में नियम सरल है। जितना शातिर, उतना लोकप्रिय। जितना विनम्र दिखोगे, उतनी तालियां। जनता के सामने झुको, पीठ पीछे राजनीति चलाओ, यही कारण है कि ईमानदार लोग नेता नहीं, सलाहकार बनते हैं। प्रशांत किशोर इस बुनियादी सच को समझ ही नहीं पाए।

राजनीति में तो गधे को भी बाप बनाना पड़ता है : चन्द्रमा तिवारी ने बताया कि बिहार की गलियों में अक्सर एक लाइन सुनी जाती है कि राजनीति में गधे को भी बाप बनाना पड़ता है। प्रशांत किशोर ने यह कला नहीं सीखी। नतीजा यह हुआ कि भीड़ नहीं जुटी, संगठन नहीं खड़ा हुआ और जनता उनसे दूर होती गई। नीतियों के किताबों से नहीं, धूलझ्रधक्कड़ झेलकर नेता बनते हैं। उन्होंने बताया कि अब प्रशांत किशोर के सामने दो ही रास्ते हैं। बिहार में टिककर राजनीति सीखें, अहंकार छोड़ें या मान लें कि राजनीति उनके बस की चीज नहीं। वे देश के सबसे महंगे चुनाव सलाहकार हैं, लेकिन यह सच्ची सलाह उन्हें कोई कीमत देकर भी नहीं मिलती। राजनीति आपकी जमीन नहीं है।

संक्षिप्त खबरें

एब बार फिर आचार्य शिवकुमार द्विवेदी की अंक गणित हुआ सच

नवप्रदेश, बेतिया: चंपारण जिले के वार्ड 37 के निवासी एव पहाड़पुर मृत मठिया के रहने वाले अक ज्योतिष के विख्यात आचार्य शिवकुमार द्विवेदी की अंकगणित कि ज्योतिष पुरी तरह सफल साबित हुआ बताते चलें कि आचार्य ने नवपदेश को बुधवार को बताया था कि बिहार के मुखिया नितिश कुमार योग में इस बार भी राजयोगय है तथा उन्होंने कहा था कि ब्रह्म वाक्य कभी गलत नहीं होता इससे पुर्व भी बिते लोकसभा चुनाव में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री को राजतिलक होने कि भविष्यवाणी की थी जो सत प्रतिशत सत्य साबित हुआ और इस बार भी नितिश कुमार को लेकर उन्होंने जो बातें कही थीं शुक्रवार को बिहार विधानसभा के हुए मतगणना में नीतीश सरकार अपार बहुमत मिला है आचार्य की भविष्यवाणी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र नवपदेश ने अपने गुरुवार के अंक में प्रमुखता के साथ बिहार पेज पर प्रकाशित किया था।

विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर कार्यकताओं में उत्साह, जीत को जनता की जीत बताया

नवप्रदेश, सूर्यपुरा: विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत पर प्रखंड क्षेत्र के गठबंधन के कार्यकताओं एवं नेताओं में काफी हर्ष व्याप्त है. एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकताओं ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिली अपार बहुमत को जनता की जीत बताई. भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार कुशवाहा एवं महासचिव विकास कुमार कुशवाहा जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष रवि पटेल सहित अन्य घटक दलों के कार्यकताओं ने इस जीत को आम जनों की जीत बताया।

एनडीए की प्रचंड जीत पर डेहरी में जश्न, हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाया गया और बांटी गई मिठाइयाँ

नवप्रदेश, डेहरी: बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद पूरे डेहरी में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। डेहरी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्पित लोजपा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की जीत की खबर आते ही समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह एवं भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने हनुमान मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और भगवान हनुमान जी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद शहरवासियों के बीच मिठाइयाँ बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के नाम पर वोट किया है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति जनता ने पुनः विश्वास जताते हुए एनडीए को प्रचंड बहुमत दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में डेहरी सहित पूरे बिहार में विकास की गति और तेज होगी और जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला शासन मिलेगा।

आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर, डेहरी में बाल दिवस समारोह सम्पन्न



नवप्रदेश, डेहरी: आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में आज 14 नवंबर 2025 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह की शुरूआत पंडित नेहरू की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों के प्रेरणा स्रोत थे और उन्होंने हमेशा बच्चों को देश का भविष्य बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही मार्गदर्शन, अनुशासन और मूल्य आधारित शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने भी नेहरू जी के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भाषण, चित्रकला और खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एनडीए की जीत पर डेहरी सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं में खुशी, मिठाई बांटकर दी बधाई

नवप्रदेश, डेहरी: एनडीए की प्रचंड विजय पर डेहरी अनुमंडल सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने बैरिस्टर सिंह के नेतृत्व में हर्ष व्यक्त करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ऐतिहासिक बहुमत हासिल होने पर बधाई दी। जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा कि देश की जनता ने एक बार फिर विपक्षी दलों को नकारते हुए एनडीए के विकास कार्यों और स्थिर नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने इसे जनादेश का सम्मान बताते हुए कहा कि यह जीत जनता की आशाओं और विश्वास की जीत है। बैरिस्टर सिंह ने बताया कि डेहरी सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर एनडीए की जीत का जश्न मनाया और मिठाई वितरण किया। इस अवसर पर जदयू महासचिव अधिवक्ता महेश कुमार, पंकज सिंह, भाजपा नेता बिनोद पाठक, अनूप कुमार, दिनेश पासवान, रवीन्द्र कुमार, प्रदीप, सुरेश कुमार समेत कई अधिवक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जश्न के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि एनडीए की सरकार देश और प्रदेश को विकास की नई दिशा देगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।

स्व जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती समारोह आयोजित

नवप्रदेश, सहरसा: देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित हुई। जिला अध्यक्ष मुकेश झा की अध्यक्षता मे जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। जिला अध्यक्ष मुकेश झा, एवं उपस्थित सभी सम्मानित कांग्रेसजन स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु एकत्र हुए।वक्ताओं ने कहा कि नेहरू जी ने आधुनिक भारत की नींव विज्ञान, शिक्षा, समानता और लोकतंत्र पर रखी। वे कहते थे। राष्ट्र का भविष्य उसके नागरिकों की सोच में बसता है।नेहरू केवल इतिहास नहीं—भारत की प्रगतिशील दिशा हैं।महान नेता समय नहीं, भविष्य गढ़ते हैं—और नेहरू जी की दृष्टि आज भी मार्ग दिखाती है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुकेश झाकिसान सेल के जिला अध्यक्ष शोभा कांत झा,महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा झा,नगर प्रवक्ता मृत्युंजय सिंह, बैजनाथ झा, मनोज मिश्रा, एला पवन, सलमा खातून, दिवाकांत गिरी,मनीष कुमार, अमन कुमार, सुमन कुमार,सत्यानारायण चौपाल, नितीश कुमार एवं अन्य सम्मानित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।मुकेश झा की अध्यक्षता में, हम यह संकल्प लेते हैं कि नेहरू जी के सपनों वाले आधुनिक, वैज्ञानिक और प्रगतिशील भारत के निर्माण में निरंतर योगदान देंगे।


उलगुलान के महानायक
भगवान
बिरसा मुंडा
की 150वीं जयंती पर 25 वर्ष का
युवा झारखण्ड धरती आबा को नमन करता है
जोहार
उलिहातू
श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR No. 366135 (IPRD) 2025-26